


राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# जागरण मोर्चा

www.jagranmorchadaily.com लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद में प्रसारित

जन-जन की आवाज़

लखनऊ | वर्ष : 05 | अंक : 96 | मंगलवार, 19 मई 2026 | ज्येष्ठ शुक्ल तृतीया विक्रम संवत 2083 | पृष्ठ : 12 | मूल्य : 05 रुपया




## एक नजर



### गोवा में सजेगा 'एशिया कप ब्रिज चैंपियनशिप' का मंच

**गोवा।** देश में 'कॉन्ट्रैक्ट ब्रिज' खेल की सर्वोच्च संचालन संस्था भारतीय ब्रिज महासंघ (बीएफआई) ने सोमवार को घोषणा की कि प्रतिष्ठित एशिया कप ब्रिज चैम्पियनशिप के पांचवें सत्र का आयोजन 21 से 27 जून तक गोवा में किया जाएगा। हर चार वर्ष में आयोजित होने वाली एशिया कप प्रतियोगिता महाद्वीपीय ब्रिज चैम्पियनशिप में सबसे प्रतिष्ठित मानी जाती है। इसका आयोजन एशिया ब्रिज बिरादरी के तत्वावधान में होता है, जिसमें एशिया और ओशिआनिया के प्रमुख देशों की भागीदारी रहती है। इस वर्ष प्रतियोगिता में 20 से अधिक देशों के खिलाड़ियों के शामिल होने की उम्मीद है। इनमें भारत, चीन, जापान, सिंगापुर, थाईलैंड, इंडोनेशिया, मलेशिया, फिलीपींस, कोरिया, ऑस्ट्रेलिया, न्यूज़ीलैंड, बांग्लादेश, श्रीलंका, पाकिस्तान, संयुक्त अरब अमीरात, जॉर्डन, कुवैत और सऊदी अरब शामिल हैं।

### स्क्वाड्रन लीडर सान्या बनीं पहली महिला क्वालिफाइड फ्लाइंग इंस्ट्रक्टर



**नई दिल्ली।** स्क्वाड्रन लीडर सान्या भारतीय वायु सेना में पहली ऐसी महिला अधिकारी बन गई हैं, जिन्होंने प्रतिष्ठित कैट-ए क्वालिफाइड फ्लाइंग इंस्ट्रक्टर (क्यूएफआई) की योग्यता हासिल की है। भारतीय वायु सेना ने कहा कि यह उपलब्धि एक ऐतिहासिक मील का पत्थर है और उनकी मेहनत और समर्पण को दर्शाती है। यह सफलता बल के लिए गर्व का क्षण है और देशभर के बनने वाले पायलटों के लिए प्रेरणा है।

## 23 वर्षीय तुषार कुमार ने रचा इतिहास, ब्रिटेन में सबसे युवा भारतीय मूल के मेयर बने; मिली बोरेहामवुड की कमान

**लंदन।** भारतीय मूल के 23 वर्षीय तुषार कुमार ने ब्रिटेन में इतिहास रच दिया है। उन्हें आधिकारिक तौर पर एल्सट्री और बोरेहामवुड का मेयर नियुक्त किया गया है। वह ब्रिटेन के इतिहास में इस पद पर पहुंचने वाले सबसे कम उम्र के भारतीय मूल के व्यक्ति बन गए हैं।

13 मई को बोरेहामवुड के फेयरवे हॉल में आयोजित एक समारोह में उनकी नियुक्ति की पुष्टि हुई। तुषार कुमार ने लंदन के किंग्स कॉलेज से राजनीति विज्ञान की पढ़ाई की है। मेयर की जिम्मेदारी संभालने से पहले वह डिप्टी मेयर के रूप में काम कर रहे थे। वह लंबे समय से बोरेहामवुड में स्थानीय नागरिक और सामुदायिक कार्यों में सक्रिय रहे हैं।



इस बड़ी उपलब्धि पर तुषार कुमार ने खुशी जाहिर की है। उन्होंने इसे एक बड़ा सम्मान बताया। तुषार ने कहा कि किंग्स कॉलेज में राजनीति विज्ञान पढ़ने से लेकर अपने पसंदीदा शहर का मेयर बनने तक का यह सफर उनके लिए किसी सपने जैसा है। उन्होंने अपने राजनीतिक सफर में मिले समर्थन के लिए सभी का आभार जताया।

इसी दौरान तुषार ने निवर्तमान मेयर डैन ओजारो को उनके मार्गदर्शन के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि डिप्टी मेयर रहते हुए उन्हें डैन से बहुत कुछ सीखने को मिला। डैन ने पिछले एक साल में शहर की सेवा में जो योगदान दिया, तुषार ने उसकी भी सराहना की। आगामी नागरिक वर्ष के लिए लिंडा स्मिथ को नया डिप्टी मेयर नियुक्त किया गया है। मेयर के रूप में तुषार कुमार का मुख्य लक्ष्य समुदाय के बीच अपनी मौजूदगी बढ़ाना है। वह स्थानीय चैरिटी संस्थाओं और संगठनों की मदद करना चाहते हैं।

## पीएम मोदी को मिला नॉर्वे का सर्वोच्च सम्मान, 'ग्रैंड क्रॉस' से नवाजे गए

**ओस्लो।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्वीडन दौरे के बाद नॉर्वे रवाना हो गए हैं। 43 साल बाद किसी भारतीय प्रधानमंत्री का यह दौरा है। मोदी ओस्लो में तीसरे भारत-नॉर्डिक शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। भारत और नॉर्वे के बीच आर्थिक रिश्ते लगातार मजबूत हो रहे हैं। दोनों देशों के बीच व्यापार करीब 2.73 बिलियन डॉलर तक पहुंच चुका है। वहीं नॉर्वे के सरकारी वेल्थ फंड ने भारतीय बाजारों में लगभग 28 बिलियन डॉलर का निवेश किया है। भारत और पूरे नॉर्डिक क्षेत्र के बीच कुल व्यापार लगभग 19 बिलियन डॉलर आंका गया है।

नॉर्वे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपने सर्वोच्च सम्मान 'ग्रैंड क्रॉस ऑफ द रॉयल नॉर्वेजियन ऑर्डर ऑफ मेरिट' से सम्मानित किया है। यह पीएम मोदी का यह



32वां अंतरराष्ट्रीय सम्मान है।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, पिछले वर्ष भारत और यूरोपीय संघ के बीच एक ऐतिहासिक व्यापार और आर्थिक साझेदारी समझौता लागू किया गया था। यह समझौता भारत और नॉर्वे के बीच साझा प्रगति और समृद्धि सुनिश्चित करने का एक खाका है। इस समझौते के तहत अगले 15 वर्षों में 100 अरब डॉलर के निवेश और 10 लाख नौकरियों के सृजन का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने आगे कहा, आज हम दोनों देशों ने इस समझौते की प्रतिबद्धताओं को परिणामों में बदलने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं। आज हम भारत-नॉर्वे संबंधों को एक हरित रणनीतिक साझेदारी का स्वरूप दे रहे हैं। यह रणनीतिक साझेदारी स्वच्छ ऊर्जा, जलवायु अनुकूलन, नीली अर्थव्यवस्था और हरित विकास जैसे क्षेत्रों में सहयोग को और मजबूत करेगी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, आज विश्व एक अस्थिरता और अनिश्चितता के दौर से गुजर रहा है। यूक्रेन हो या पश्चिम एशिया दुनिया के कई हिस्सों में संघर्ष की स्थिति बनी हुई है। ऐसे में भारत और यूरोप अपने संबंधों के एक नए स्वर्णिम युग में प्रवेश कर रहे हैं। पीएम मोदी ने कहा, नॉर्वे की यात्रा की करके मुझे बहुत खुशी हो रही है। यह देश प्रकृति और इंसानों की प्रगति के बीच तालमेल का एक सुंदर उदाहरण है। सबसे पहले मैं प्रधानमंत्री जी का इस आत्मीयता भरे स्वागत के लिए हृदय से आभार व्यक्त करता हूं।

# अमेरिका सेना ने नाइजेरिया में एयर स्ट्राइक कर 20 मारे

**नई दिल्ली।** अमेरिकी सेना ने सोमवार को बताया कि नाइजीरिया और संयुक्त राज्य अमेरिका ने पूर्वोत्तर नाइजीरिया में इस्लामिक स्टेट (ISIS) के जिहादियों के खिलाफ नए हमले किए हैं। नाइजीरियाई सेना ने कहा कि इन हमलों में कम से कम 20 जिहादी मारे गए। अमेरिकी अफ्रीका कमांड (AFRICOM) ने एक बयान में कहा कि ये हमले रविवार को किए गए। नये हमले अमेरिका और नाइजीरिया की तरफ से पश्चिम अफ्रीकी देश में एक संयुक्त अभियान में अबू-बिलाल अल-मिनुकी की हत्या की घोषणा के दो दिन बाद हुए हैं। अल-मिनुकी को आईएसआईएस का विश्व स्तर पर दूसरा सबसे बड़ा नेता बताया जाता है और 2023 से अमेरिका द्वारा उस पर प्रतिबंध लगाए गए थे।

नाइजीरियाई सेना ने जिहादी समूह के दूसरे नाम का इस्तेमाल करते हुए कहा कि यह छापा नाइजीरिया के अशांत पूर्वोत्तर क्षेत्र में आईएसआईएस आतंकवादियों के खिलाफ लगातार चल रहे अभियानों की एक कड़ी थी। अफ्रीकॉम ने कहा, "खुफिया जानकारी से पुष्टि हुई है कि हमले में



मारे गए सभी व्यक्ति आईएसआईएस के आतंकवादी थे। उसने यह भी बताया कि इस अभियान के दौरान अमेरिकी या नाइजीरियाई सेना का कोई भी सदस्य नुकसान नहीं पहुंचा।

नाइजीरिया लंबे समय से जिहादी विद्रोहियों से लड़ रहा है, जिनमें बोको हराम और आईएस संगठन की क्षेत्रीय शाखाएं मुख्य रूप से इस्लामिक स्टेट वेस्ट अफ्रीका प्रोविंस (आईएसडब्ल्यूएपी) शामिल हैं। उत्तरी नाइजीरिया को आईएस से संबद्ध जिहादी समूहों और आपराधिक गिरोहों के हमलों के दोहरे खतरे का सामना करना पड़ता है, जो गांवों में घुसपैठ करते हैं और सामूहिक अपहरण करते हैं। 2025 से, देश पर संयुक्त राज्य अमेरिका का दबाव बना हुआ है, जिसने उस पर इस्लामी उग्रवादी खतरे से निपटने के लिए पर्याप्त कदम न उठाने का आरोप लगाया है। वैश्विक संघर्ष निगरानी संस्था एसीएलईडी की एक हालिया रिपोर्ट के अनुसार, पश्चिम अफ्रीका इस्लामी उग्रवाद का विश्व का सबसे सक्रिय क्षेत्र बन गया है। इसमें बताया गया है कि अफ्रीका में इस्लामिक स्टेट की गतिविधि 2026 की पहली तिमाही में रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गई। नाइजीरिया के अनुसार, अल-मनुकी "दुनिया के सबसे सक्रिय आतंकवादियों में से एक" था। एक खुफिया सूत्र ने नाम नहीं बताने की शर्त पर एएफपी को बताया, "अल-मनुकी की हाई प्रोफाइल स्थिति को देखते हुए, उसकी मौत का बदला लेने के लिए आईएसडब्ल्यूएपी अब नाइजीरियाई सैन्य ठिकानों पर हमले कर सकता है।

## केरल में वीडी सतीशन सरकार ने दी बसों में महिलाओं के लिए मुफ्त यात्रा की सुविधा

**नई दिल्ली।** केरल की वीडी सतीशन की यूडीएफ सरकार ने अपना पहला फैसला ले लिया है। सरकार ने केरल सरकार की बसों में महिलाओं के लिए मुफ्त यात्रा की सुविधा देने की घोषणा की है। सतीशन मंत्रिमंडल ने सोमवार सुबह ही शपथ ली है। सरकार के शपथ ग्रहण के बाद कांग्रेस के नेतृत्व वाली यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट की ने अपनी पहली कैबिनेट बैठक में यह फैसला किया। यह योजना 15 जून से शुरू होगी।



मुख्यमंत्री सतीशन ने कैबिनेट की बैठक के बाद बताया कि यह योजना 15 जून से शुरू की जाएगी। उन्होंने कहा कि करेल राज्य रोड परिवहन निगम की बसों में महिलाओं के लिए मुफ्त यात्रा, यूडीएफ के चुनावी घोषणा पत्र में किए गए 'पांच इंदिरा गारंटियों में से एक थी। उन्होंने कहा कि योजना का पूरा खाका जल्द ही तय किया जाएगा। इसके अलावा सरकार ने बुजुर्गों के लिए अलग कल्याण विभाग बनाने का फैसला किया है। बुजुर्गों की अधिक आबादी वाला केरल देश में ऐसा विभाग बनाने वाला देश का पहला राज्य होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि जापान ऐसा विशेष विभाग बनाने वाला पहला देश था।उन्होंने कहा कि जापान के मॉडल का अध्ययन अगले दो महीनों में किया जाएगा. उन्होंने कहा कि किसी समाज की पहचान इस बात से होती है कि वह अपने बुजुर्गों की कितनी अच्छी देखभाल करता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आने वाले दिनों में केरल दुनिया को यह बताएगा बुजुर्गों की देखभाल कैसे की जाती है। इसके अलावा यूडीएफ सरकार आशा कार्यकर्ताओं का मासिक भत्ता नौ हजार रुपये से बढ़ाकर 12 हजार रुपये कर दिया है. मुख्यमंत्री ने कहा कि जब ASHA कार्यकर्ताओं ने राज्य सचिवालय के सामने आंदोलन किया था, तब यूडीएफ ने उनसे वादा किया था कि सत्ता में आने पर पहली कैबिनेट बैठक में उनके पक्ष में फैसला लिया जाएगा।

## राहुल गांधी आज रायबरेली-अमेठी के दो दविसीय दौरे पर

**अमेठी।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी 19 और 20 मई को दो दिवसीय दौरे पर रायबरेली और अमेठी पहुंचेंगे। इस दौरान वह विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन करने के साथ कार्यकर्ताओं, महिलाओं और आम नागरिकों से संवाद करेंगे। कांग्रेस प्रवक्ता अनिल सिंह ने सोमवार को बताया कि राहुल गांधी अपने दौरे के तहत 19 मई को दिल्ली



से लखनऊ पहुंचेंगे। वहां से वह सीधे रायबरेली के ठकुराइन के पुरवा पहुंचकर बारात घर का उद्घाटन करेंगे। इसके बाद राहुल गांधी दोपहर दो बजे रायबरेली के खीरो क्षेत्र में कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करेंगे। बैठक के बाद वह शाम चार बजे महिला संवाद कार्यक्रम में भाग लेंगे। इसके उपरांत उनका काफिला लालगंज के लिए रवाना होगा, जहां वह एक नवनिर्मित सड़क मार्ग का उद्घाटन करेंगे। राहुल गांधी रायबरेली स्थित भुयेमऊ गेस्ट हाउस में रात्रि विश्राम करेंगे।

## यूपी में भीषण गर्मी का ऑरेंज अलर्ट, एक्शन में योगी सरकार

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रशासनिक मशीनरी को अलर्ट मोड पर रहने के निर्देश दिए हैं। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग की ओर से ऑरेंज अलर्ट जारी होने के बाद मुख्यमंत्री ने सभी जिलाधिकारियों, स्वास्थ्य विभाग, बिजली विभाग और राहत एजेंसियों को पूरी सतर्कता बरतने को कहा है।

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया है कि संवेदनशील जिलों में विशेष निगरानी रखी जाए और किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए सभी विभाग समन्वय के साथ काम करें। सरकारी अस्पतालों में हीट स्ट्रोक वार्ड तैयार रखने, पर्याप्त दवाएं उपलब्ध कराने और डॉक्टरों की तैनाती सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही एंबुलेंस सेवाओं को भी सक्रिय रखने को कहा गया है, ताकि जरूरत पड़ने पर तत्काल राहत उपलब्ध कराई जा सके। सीएम योगी ने पेयजल



संकट और बिजली आपूर्ति बाधित न होने पर भी विशेष जोर दिया है। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक स्थानों पर पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। बिजली विभाग को निर्देश दिए गए हैं कि गर्मी के दौरान अनावश्यक कटौती से बचा जाए और खराब ट्रांसफॉर्मरों को तत्काल बदला जाए। मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों से भी सावधानी बरतने की अपील की है। उन्होंने कहा कि लोग दोपहर के समय अनावश्यक रूप से घरों से बाहर न निकलें। बच्चों, बुजुर्गों और बीमार लोगों को विशेष सतर्कता बरतने की सलाह दी गई है। प्रशासन की ओर से लोगों को अधिक पानी पीने, हल्के सूती कपड़े पहनने और धूप में निकलते समय सिर ढककर रखने की सलाह दी जा रही है। मौसम विभाग के अनुसार, 19 से 21 मई के बीच प्रदेश के कई जिलों में अति उष्ण लहर चलने की संभावना है। इस दौरान तापमान में तीन से चार डिग्री सेल्सियस तक वृद्धि हो सकती है।

## बंगाल में महिलाओं की बल्ले-बल्ले ! हर महीने खाते में आएंगे 3000, फ्री बस यात्रा

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में सीएम की कुर्सी संभालने के बाद सुवेंदु अधिकारी लगातार एक्टिव हैं और एक के बाद एक ताबड़तोड़ फैसले ले रहे हैं। सोमवार (17 मई) को सुवेंदु की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में कई बड़े फैसले लिए गए। बैठक में महिलाओं को हर महीने तीन हजार रुपये, बस में फ्री सफर और 7वें राज्य वेतन आयोग के गठन जैसे अहम फैसलों पर मुहर लगाई गई।

बंगाल सरकार की मंत्री अग्निमित्रा पॉल ने बैठक के बाद इन फैसलों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बंगाल कैबिनेट ने 1 जून से महिलाओं को 3,000 रुपये की मासिक सहायता देने वाली 'अन्नपूर्णा' योजना को मंजूरी दी है। 1 जून से राज्य की सरकारी बसों में महिलाओं के लिए मुफ्त यात्रा के फैसलों पर भी कैबिनेट की मुहर लग गई है।



बंगाल सरकार ने अपने कर्मचारियों, संबद्ध वैधानिक निकायों और शैक्षणिक संस्थानों के लिए 7वें राज्य वेतन आयोग के गठन को मंजूरी दी है। साथ ही जून से धार्मिक आधार पर वर्गीकृत समूहों को दी जाने वाली सरकारी सहायता बंद करने का फैसला किया गया है। लक्ष्मी भंडार योजना का लाभ लेने वाली महिलाओं को अब अन्नपूर्णा भंडार योजना का फायदा भी मिलेगा। जिन महिलाओं को अभी तक यह लाभ नहीं मिला है, उनके लिए जल्द ही एक पोर्टल शुरू किया जाएगा। वहां जाकर वे आसानी से आवेदन कर सकेंगी।

## धर्मेंद्र प्रधान के खिलाफ विशेषाधिकार हनन नोटिस

### जयराम रमेश ने संसद की गरिमा कम करने का लगाया आरोप

**दिल्ली।** कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के खिलाफ राज्यसभा में विशेषाधिकार हनन नोटिस दिया। आरोप है कि प्रधान ने नीट-यूजी पेपर लीक मामले पर प्रेस कॉन्फ्रेंस में संसदीय स्थायी समिति और संसद की गरिमा को कम करने वाली टिप्पणियां कीं।

कांग्रेस के राज्यसभा मुख्य सचेतक जयराम रमेश ने सोमवार को केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के खिलाफ विशेषाधिकार हनन का नोटिस दिया है। रमेश ने प्रधान पर संसद की गरिमा कम करने का आरोप लगाया है। यह नोटिस 15 मई को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में दिए गए बयानों के संबंध में राज्यसभा के सभापति सी पी राधाकृष्णन को सौंपा गया है।

रमेश ने कहा कि नीट-यूजी परीक्षा रद्द होने के बाद हुई प्रेस कॉन्फ्रेंस में



प्रधान ने एक संसदीय समिति के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणियां कीं, जो संसद के प्रति उनकी अवमानना को दर्शाती हैं। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, मैंने राज्यसभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली के नियम 187 के तहत केंद्रीय शिक्षा मंत्री के खिलाफ विशेषाधिकार हनन का नोटिस दिया है, क्योंकि उन्होंने संसद और संसदीय समितियों की गरिमा को कम किया है।" रमेश ने यह भी कहा कि प्रधान ने ये "आपत्तिजनक टिप्पणियां" शिक्षा मंत्रालय में व्याप्त अव्यवस्था की अध्यक्षता करते हुए की हैं, जो देश भर के लाखों युवाओं का भविष्य बर्बाद कर रही है।

जयराम रमेश ने अपने नोटिस में बताया कि 15 मई को नीट-यूजी 2026 पेपर लीक के मुद्दे पर प्रधान ने एक आधिकारिक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया था। इस दौरान मीडिया प्रतिनिधियों ने उनसे पूछा कि उनके मंत्रालय ने राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) पर संसदीय स्थायी समिति की सिफारिशों को क्यों लागू नहीं किया। रमेश के अनुसार, इस प्रश्न के जवाब में मंत्री ने कहा, मैं संसद की स्थायी समिति के रेड फ्लैग पर टिप्पणी नहीं करूंगा। मैं विशेषज्ञों की उच्च-स्तरीय समिति (एचएलसीई)/ राधाकृष्णन समिति के बारे में बात करूंगा।

## अवैध खनन को लेकर अखिलेश ने भाजपा पर बोला करारा हमला

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बांदा में कथित अवैध खनन को लेकर भाजपा सरकार पर बड़ा हमला बोला है। 'बांदावासियों' के नाम जारी एक भावुक अपील में उन्होने कहा कि निर्मम उत्खनन के कारण बांदा को साजिशन खत्म किया जा रहा है। उन्होंने चेतावनी भरे लहजे में कहा, "अगर शोषण-दोहन यूँ ही जारी रहा तो एक दिन दुनिया कहेगी : 'एक था बांदा।" अखिलेश यादव ने कहा कि आज की धन लोभी भाजपा सरकार और उनके पालित-पोषित लालची ठेकेदारों द्वारा किए जा रहे उत्खनन से बांदा मिटाया जा रहा है और दूसरी जगहों को बसाया जा रहा है। इस 'प्राकृतिक उत्पीड़न' के कारण स्थानीय पैदावार चक्र बुरी तरह प्रभावित हुआ है। सपा प्रमुख ने कहा कि काम-कारोबार की कमी से लोग पलायन कर रहे हैं। इससे बांदा 'प्राकृतिक पलायन' का शिकार हो रहा है। इसका असर यह हुआ है कि बांदा की हर संपत्ति का मूल्य घट रहा है और मान भी।




सपा प्रमुख ने बांदा के प्राकृतिक, सांस्कृतिक, धार्मिक व ऐतिहासिक गौरव और पर्यटन को बचाने की अपील की। उन्होंने कहा कि स्थानीय नागरिक, पत्रकार, पर्यावरण संरक्षक, छात्र-युवा संगठन, महिला शक्ति, सांस्कृतिक-साहित्यिक आंदोलनकारी व सामाजिक सरोकारों से जुड़ी हस्तियां, क्लब और सोसाइटियां राजनीति से ऊपर उठकर एकजुट हों। अखिलेश ने चेताया कि अगर अभी सक्रिय नहीं हुए तो पर्यावरण के नक्शे पर बांदा कहीं नहीं दिखेगा और अपना सामाजिक-आर्थिक महत्व भी हमेशा के लिए खो देगा।


**विडंबना** — धरोहर को बचाने के लिए भी पाकिस्तान के पास नहीं हैं पैसे

## ढह सकते हैं दिलीप कुमार और राज कपूर के पैतृक घर

**इस्लामाबाद।** बॉलीवुड के दो सबसे महान और दिग्गज अभिनेताओं, दिलीप कुमार और राज कपूर के पैतृक घर, जो कि पाकिस्तान के पेशावर शहर में स्थित हैं, अब बहुत ही बुरी हालत में हैं। ये ऐतिहासिक इमारतें इतनी खस्ताहाल हो चुकी हैं कि ये किसी भी वक्त ढह सकती हैं। इन इमारतों से सिनेमा प्रेमियों की बहुत सी पुरानी यादें जुड़ी हुई हैं। पाकिस्तान सरकार ने इन दोनों घरों के ऐतिहासिक महत्व को देखते हुए इन्हें राष्ट्रीय धरोहर भी घोषित किया था। लेकिन, केवल घोषणा करने से काम नहीं चलता है। आज स्थिति यह है कि पैसे की भारी कमी और प्रशासन की पूरी लापरवाही के कारण इन धरोहरों का कोई रखरखाव नहीं हो पा रहा है। अगर जल्द ही कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया, तो इतिहास से जुड़ी ये दोनों इमारतें हमेशा के लिए मलबे में मिल जाएंगी।

हाल ही में आए एक जोरदार भूकंप ने इन दोनों ऐतिहासिक इमारतों को बहुत गहरी चोट पहुंचाई है। भूकंप के झटकों के कारण इन भवनों की दीवारें क्षतिग्रस्त हो गई हैं और ये





पहले से कहीं ज्यादा असुरक्षित हो गए हैं। ये इमारतें उत्तर-पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत की राजधानी पेशावर के बहुत ही पुराने इलाकों में बनी हुई हैं। आपको बता दें कि साल 2016 में ही पाकिस्तान सरकार ने आधिकारिक रूप से इन दोनों दिवंगत अभिनेताओं के पैतृक घरों को राष्ट्रीय धरोहर का दर्जा दे दिया था। इसका सीधा मतलब था कि सरकार इनकी पूरी देखभाल करेगी। लेकिन असलियत में, कंगाली और आर्थिक तंगी से जूझ रहा खस्ताहाल पाकिस्तान इन महत्वपूर्ण भवनों का जीर्णोद्धार तक नहीं करवा पा रहा है। पेशावर के मशहूर किस्सा ख्वानी बाजार के ढाकी नलबंदी इलाके में स्थित 'कपूर हवेली' कभी बहुत ही भव्य हुआ करती थी। यह हवेली लगभग 100 साल पुरानी है। लेकिन समय के साथ और लगातार होने वाली तेज बारिश के कारण यह हवेली अब बहुत कमजोर हो चुकी है। बीते 3 अप्रैल को आए भूकंप के कारण इस हवेली की जर्जर संरचना और भी अधिक खस्ताहाल हो गई। दूसरी तरफ, मोहल्ला खुदादाद क्षेत्र में स्थित दिग्गज अभिनेता दिलीप कुमार का पैतृक घर भी अब सिर्फ एक वीरान और डरावना खंडहर जैसा दिखाई देता है। यह घर अपने समय की एक बहुत ही विशिष्ट और सुंदर पेशावरी इमारत है, जिसकी मौजूदा हालत बेहद खराब है। घर के कई कमरों की छतें पहले ही गिर चुकी हैं। हालात इतने बुरे हैं कि जब भी बारिश होती है, तो इसकी दीवारें ढहकर धीरे-धीरे मलबे में तब्दील होती जा रही हैं। ऐसा नहीं है कि सरकार ने कागजों पर कोई काम नहीं किया है। खैबर पख्तूनख्वा प्रांत की सरकार ने वर्ष 2021-22 में इन दोनों ऐतिहासिक भवनों की खरीद के लिए 2.35 करोड़ पाकिस्तानी रुपये की भारी भरकम राशि को मंजूरी दी थी। इसके बाद, इमारत को फिर से ठीक करने के लिए जुलाई 2025 में प्रांतीय सरकार ने दोनों भवनों के जीर्णोद्धार के लिए 3.38 करोड़ पाकिस्तानी रुपये के बजट को भी हरी झंडी दे दी थी। लेकिन इतनी बड़ी रकम मंजूर होने के बावजूद, जमीन पर हकीकत बिल्कुल अलग है।

## यूएई में न्यूक्लियर पावर प्लांट के पास ड्रोन हमले से लगी आग

**नई दिल्ली।** मिडिल ईस्ट में जंग का खतरा कहीं से भी कम नहीं हुआ है। बात न्यूक्लियर तबाही तक आ सकती है और यह जोखिम फिर से सामने आया है। यूएई के अबू धाबी अमीरात में रविवार को एक परमाणु बिजली संयंत्र (न्यूक्लियर पावर प्लांट) के पास ड्रोन हमले के बाद आग लग गई। अच्छी बात है कि अधिकारियों ने बताया कि इस घटना में कोई घायल नहीं हुआ और रेडिएशन स्तर पर भी कोई असर नहीं पड़ा।

यूएई के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि जिस ड्रोन ने इस जगह को निशाना बनाया, वह उन तीन ड्रोन में से एक था जो "पश्चिमी सीमा की दिशा से देश में दाखिल हुए थे।यह हमला अल धफरा इलाके में स्थित "बराकाह न्यूक्लियर पावर प्लांट" की अंदरूनी सुरक्षा सीमा के बाहर लगे एक बिजली जनरेटर पर हुआ। मंत्रालय ने कहा, "हमलों का स्रोत पता लगाने के लिए जांच जारी है और जांच पूरी होने के बाद जानकारी



सार्वजनिक की जाएगी। यूएई के राष्ट्रपति सलाहकार अनवर गरगाश ने इस हमले की निंदा करते हुए इशारों में ईरान और उसके क्षेत्रीय सहयोगी समूहों का जिक्र किया। उन्होंने एक्स पर लिखा, "बराकाह स्वच्छ परमाणु ऊर्जा संयंत्र को आतंकवादी तरीके से निशाना बनाना, चाहे यह मुख्य हमलावर ने किया हो या उसके किसी सहयोगी ने, बेहद खतरनाक स्थिति पैदा करता है। उन्होंने इस घटना को "एक काला दृश्य बताया जो सभी अंतरराष्ट्रीय कानूनों और नियमों का उल्लंघन करता है।" उन्होंने हमलावरों पर यूएई के आम नागरिकों की जिंदगी की परवाह न करने का आरोप लगाया।

## एक नजर

### किसान के साथ मारपीट कर कीमती दो भैंस चुरा ले गए पशुचोर

**बदायूं।** थाना क्षेत्र के गांव दियोरीजीत में बीती रात बदमाशों ने दुस्साहसिक वारदात को अंजाम देते हुए पशुपालक पर जानलेवा हमला किया और दो भैंस लूटकर फरार हो गए। इस घटना से पूरे ग्रामीण इलाके में दहशत का माहौल है।पीड़ित तोताराम अपने घर के सामने बने घेर में सो रहे थे। रात करीब तीन बजे अज्ञात बदमाश वहां बंधी दो दुधारू भैंसों को खोलने लगे। आहट होने पर तोताराम की आंख खुल गई। उन्होंने साहस दिखाकर एक आरोपी को दबोच लिया, तभी दूसरे बदमाश ने उनके सिर पर लाठी से वार कर दिया। बदमाशों ने उन्हें लाठी-डंडों से बेरहमी से पीटा, जिससे वह लहूलुहान हो गए। बदमाश दोनों भैंसों को 'छोटा हाथी' वाहन में लादकर भाग निकले।परिजनों ने गंभीर रूप से घायल तोताराम को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। प्रभारी निरीक्षक अरिहंत कुमार सिद्धार्थ ने बताया कि तहरीर के आधार पर जांच शुरू कर दी गई है।

# मुठभेड़ में दबोचा गया हत्यारोपी

## बोला- शादी की बात टाल रही थी नीतू, फिर खेत में ले जाकर घोंट दिया गला

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** सीबीगंज इलाके में खेत में मिली डीएलएड छात्रा नीतू गंगवार की हत्या का पुलिस ने सनसनीखेज खुलासा कर दिया है। पुलिस के मुताबिक छात्रा की हत्या किसी गैंग या लूटपाट में नहीं, बल्कि एकतरफा प्यार में पागल युवक ने की थी। शादी का दबाव बना रहे आरोपी ने जब नीतू को अपनी बात मानने के लिए मजबूर किया और उसने बात टालने की कोशिश की तो उसने उसी के दुपट्टे से गला कसकर मौत के घाट उतार दिया। रविवार रात पुलिस मुठभेड़ के बाद आरोपी अशोक को गिरफ्तार कर लिया गया। उसके पैर में गोली लगी है।

शीशगढ़ थाना क्षेत्र के मानपुर गांव निवासी 23 वर्षीय नीतू गंगवार का शव शनिवार दोपहर सीबीगंज में झुमका चौराहे से करीब 400 मीटर अंदर खेत में पड़ा मिला था। छात्रा के गले पर दुपट्टे के निशान मिलने के बाद हत्या



घायल हत्या के आरोपी को ले जाते पुलिस कर्मी।

की आशंका जताई गई थी। शव मिलने की खबर फैलते ही इलाके में सनसनी फैल गई। देर शाम शव की पहचान होने के बाद एसएसपी अनुराग आर्य ने मामले के खुलासे के लिए चार टीमें गठित कर दी थीं।पुलिस ने नीतू के मोबाइल फोन की कॉल डिटेल खंगाली। साथ ही फरीदपुर स्थित परीक्षा केंद्र और शहीद गेट इलाके के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली गई। जांच के दौरान रामपुर जिले के कैमरी थाना क्षेत्र के लखीमपुर भीका गांव निवासी अशोक का नाम सामने आया। पुलिस को पता चला कि वह लगातार छात्रा के संपर्क में था और घटना वाले दिन भी उसके साथ देखा गया था। रविवार रात करीब 11 बजे एसओजी और सीबीगंज पुलिस ने टियूलिया अंडरपास के पास आरोपी को घेर लिया। पुलिस के मुताबिक अशोक ने खुद को घिरता देख फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस की गोली उसके पैर में लगी और वह घायल होकर गिर पड़ा। उसे हिरासत में लेकर अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### दूसरों से बात करती थी, इसलिए मार दिया

*पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह वर्ष 2020 से नीतू को जानता था। दोनों की दोस्ती थी, लेकिन वह नीतू से एकतरफा प्यार करता था और उससे शादी करना चाहता था। आरोपी को शक था कि नीतू दूसरे युवकों से भी बात करती है। इसी बात को लेकर वह अंदर ही अंदर गुस्से में था। घटना वाले दिन वह नीतू को बाइक पर बैठाकर ले गया और शादी की बात की। जब नीतू ने घरवालों से पूछने की बात कहकर जवाब टाल दिया तो उसने गुस्से में आकर दुपट्टे से उसका गला घोंट दिया। एसएसपी अनुराग आर्य ने बताया कि हत्या के आरोपी को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया गया है। मामले में कुछ अन्य लोगों से भी पूछताछ की गई थी, लेकिन वे निर्दोष पाए गए। आरोपी छात्रा पर शादी का दबाव बना रहा था और इनकार से नाराज होकर उसने हत्या कर दी। इलाज के बाद आरोपी को कोर्ट में पेश किया जाएगा।*

# लाठीचार्ज पर बरेली में काले कोट पहन सड़कों पर उतरे अधिवक्ता

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** लखनऊ के केसरबाग कोर्ट परिसर में अधिवक्ताओं पर हुए कथित लाठीचार्ज की गूंज सोमवार को बरेली तक सुनाई दी। बरेली बार एसोसिएशन के बैनर तले बड़ी संख्या में अधिवक्ता काले कोट पहनकर सड़कों पर उतर आए और जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। अधिवक्ताओं ने पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए घटना को न्याय व्यवस्था और लोकतंत्र की गरिमा पर हमला बताया। प्रदर्शन के दौरान पूरे परिसर में आक्रोश का माहौल दिखाई दिया।

बार एसोसिएशन के अध्यक्ष मनोज कुमार हरित एडवोकेट और सचिव दीपक पाण्डेय एडवोकेट के नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिला अधिकारी को सौंपा। ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि 16 मई को लखनऊ के केसरबाग कोर्ट परिसर में उत्तर प्रदेश पुलिस ने निहत्थे अधिवक्ताओं पर कथित रूप से लाठीचार्ज किया और उनके साथ अभद्र व्यवहार किया। अधिवक्ताओं ने कहा कि इस घटना ने पूरे प्रदेश के वकीलों को आहत किया है।बार एसोसिएशन अध्यक्ष मनोज कुमार हरित ने कहा कि अधिवक्ता केवल मुकदमे लड़ने वाला व्यक्ति नहीं होता, बल्कि संविधान और नागरिक अधिकारों की रक्षा करने वाला प्रहरी भी होता है। उन्होंने कहा कि यदि अदालत परिसर के भीतर ही अधिवक्ताओं की गरिमा सुरक्षित नहीं रहेगी तो आम आदमी का न्याय व्यवस्था पर भरोसा कमजोर होगा। उन्होंने इसे न्यायिक माहौल को भयभीत करने वाला संकेत बताया। ज्ञापन में घटना में शामिल पुलिस अधिकारियों और कर्मियों को तत्काल निलंबित करने तथा उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की गई। अधिवक्ताओं ने पूरे मामले की एसआईटी जांच कराए जाने की भी मांग उठाई। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि यदि दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन को प्रदेशव्यापी रूप दिया जाएगा।

### घायल वकीलों के लिए 50-50 लाख मुआवजे की मांग

*बार एसोसिएशन ने लाठीचार्ज में घायल अधिवक्ताओं को 50-50 लाख रुपये मुआवजा दिए जाने की मांग की। अधिवक्ताओं का कहना था कि यह मामला सिर्फ चोट का नहीं बल्कि सम्मान और सुरक्षा से जुड़ा हुआ है। प्रदर्शन के दौरान लंबे समय से लंबित एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट को तत्काल लागू करने की मांग भी जोर-शोर से उठाई गई। विरोध प्रदर्शन में एडवोकेट जयपाल सिंह, हुलसी राम गंगवार, रजत मोहन, रोहित यादव, शांतनु मिश्रा, सौरभ अग्निहोत्री, धर्मवीर, गायत्री, अजय कुमार मौर्य, असलम समेत बड़ी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे।*

# आईवीआरआई पुल पर जली कार

## युवक ने कूदकर बचाई जान, पुल पर हड़कंप

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** इज्जतनगर क्षेत्र में सोमवार दोपहर उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब आईवीआरआई पुल पर चलती महिंद्रा कार में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते कार से धुआं और लपटें उठने लगीं। कार चला रहे युवक ने सूझबूझ दिखाते हुए तुरंत गाड़ी रोकी और कूदकर अपनी जान बचाई। घटना के बाद पुल पर कुछ देर के लिए हड़कंप जैसी स्थिति बन गई।जानकारी के मुताबिक सोमवार दोपहर करीब दो बजे महिंद्रा कार डेलापीर की तरफ जा रही थी। जैसे ही कार आईवीआरआई पुल पर चढ़ी, इंजन के हिस्से से अचानक धुआं निकलने लगा। चालक कुछ समझ पाता उससे पहले ही कार में आग भड़क गई। आग की लपटें देखकर आसपास गुजर रहे वाहन चालक भी रुक गए। कार में आग लगते ही चालक ने तुरंत गाड़ी साइड में लगाई और बाहर निकल आया। कुछ ही सेकेंड में आग ने कार के अगले हिस्से को अपनी चपेट में ले लिया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक अगर युवक कुछ देर और करता तो बड़ा हादसा हो सकता था।

### दमकल टीम ने संभाला मोर्चा

*घटना की सूचना मिलते ही दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंच गई। फायर कर्मियों ने आग बुझाने का काम शुरू कर दिया। पुल पर आग लगने की वजह से कुछ देर तक यातायात भी प्रभावित रहा। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर लोगों को दूर हटाया और स्थिति को नियंत्रित किया। प्रारंभिक तौर पर कार में आग लगने की वजह शॉर्ट सर्किट मानी जा रही है। हालांकि दमकल विभाग और पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है। गनीमत रही कि घटना में कोई जनहानि नहीं हुई।*



आग का गोला बनी कार।

## 10 ओवरलोड वाहन किए सीज, 5 का चालान

**बदायूं।** एआरटीओ हरिओम के नेतृत्व में सोमवार को जिले भर में ओवरलोड वाहनों के खिलाफ बड़ा चेकिंग अभियान चलाया गया। इस कार्रवाई के तहत कुल 18 वाहनों पर बड़ी कार्रवाई की गई।अधिकारियों ने अवैध खनन और ओवरलोडिंग में लगे कुंवरगांव से 3, कादरचौक से 1 और बदायूं परिवहन कार्यालय क्षेत्र से 6 भारी वाहनों सहित कुल 10 बड़े वाहनों को सीज कर दिया। इसके अलावा क्षमता से अधिक बालू ढो रहे एक ट्रैक्टर को भी सीज किया गया। इस पूरी कार्रवाई से सरकारी खाते में लगभग 5 लाख रुपये का शमन शुल्क जमा कराया गया है। एआरटीओ ने सख्त चेतावनी दी है कि ओवरलोडिंग के खिलाफ यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

# प्रतिभा सम्मान समारोहः मेधावी छात्रों और इंस्टाग्राम क्रिएटर्स का हुआ सम्मान

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** नगर पालिका सभागार में आयोजित सम्मान समारोह में क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों के मेधावी हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट छात्र-छात्राओं तथा उभरते इंस्टाग्राम क्रिएटर्स को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में स्वामी एजुकेशनल कॉम्प्लेक्स, भसीन इंटरनेशनल स्कूल, सरस्वती विद्या मंदिर, सनातन धर्म इंटर कॉलेज, सेंट जोसेफ स्कूल, लकी चिल्ड्रेन स्कूल और आरएसआरडी सरस्वती विद्या मंदिर के विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए।

समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक बाबूराम पासवान तथा विधान परिषद सदस्य सुधीर गुप्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र के प्रतिभाशाली इंस्टाग्राम क्रिएटर्स को भी शील्ड देकर सम्मानित किया गया। डॉ. सुगंध अग्रवाल ने मंच संचालन किया। समारोह में विद्यार्थियों की उपलब्धियों पर अभिभावकों और उपस्थित लोगों ने खुशी व्यक्त की। इस अवसर पर हर्ष गुप्ता सहित सम्मानित सभासदगण और पत्रकार बंधु उपस्थित रहे।



टैलेंटेड बच्चों और इंस्टाग्राम क्रिएटर को सम्मानित करते बाबूराम पासवान।

## डॉ. पाठक ने दिया ईंधन बचत का संदेश

**दातागंज।** वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ. शैलेश पाठक ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आह्वान के समर्थन में सोमवार को एक सराहनीय पहल की। डॉ. पाठक ने ईंधन बचत और ऊर्जा संरक्षण का संदेश देने के लिए अपने कैंप कार्यालय से तहसील तक समर्थकों संग पैदल यात्रा की।तहसील पहुंचकर उन्होंने आमजन की समस्याएं सुनीं और मौके पर मौजूद अधिकारियों से वार्ता कर उनका त्वरित समाधान कराया। उन्होंने अधिकारियों को जन समस्याओं के निस्तारण में लापरवाही न बरतने के कड़े निर्देश दिए। इसके बाद डॉ. पाठक पुनः पैदल ही अपने कार्यालय लौटे। उनकी इस पैदल यात्रा की स्थानीय जनता ने जमकर सराहना की है।

## अवैध वसूलीः रिपोर्ट दबाने पर एबीवीपी नाराज

**बदायूं।** प्रमोद इंटर कॉलेज में छात्रों से अवैध फीस वसूली मामले में अधिकारियों और स्कूल प्रबंधन की कथित मिलीभगत का नया मोड़ सामने आया है। एबीवीपी (ABVP) के प्रदर्शन के बाद डीआईओएस ने जीआईसी प्रिंसिपल सुरेंद्र कुमार को जांच सौंपी थी।जांच अधिकारी का दावा है कि उन्होंने 13-14 मई को ही रिपोर्ट डीआईओएस को सौंप दी है, जबकि डीआईओएस का कहना है कि रिपोर्ट अभी तक उन तक नहीं पहुंची। अधिकारियों के इस टालमटोल से एबीवीपी कार्यकर्ताओं में भारी आक्रोश है। कार्यकर्ताओं ने चेतावनी दी है कि यदि जांच में गड़बड़ी कर दोषियों को बचाया गया, तो वे डीएम से लेकर शासन तक शिकायत करेंगे और उग्र आंदोलन को बाध्य होंगे।

# वंदे मातरम को राजनीति से रखें दूर

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन रजवी ने इस बार जमीयत उलेमा-ए-हिंद के अध्यक्ष मौलाना महमूद मदनी के बयान पर खुलकर प्रतिक्रिया दी है। वंदे मातरम को लेकर उठे विवाद के बीच मौलाना शहाबुद्दीन ने साफ कहा कि इस गीत को मजहबी चश्मे से नहीं देखा जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि वंदे मातरम केवल एक गीत नहीं, बल्कि देश की आजादी की लड़ाई के दौरान जनता के अंदर जोश भरने वाला नारा रहा है।मौलाना शहाबुद्दीन ने कहा कि भारत सरकार के गृह मंत्रालय की ओर से सरकारी विभागों और शिक्षण संस्थानों में वंदे मातरम पढ़ने और पढ़ाने को लेकर सर्कुलर जारी किया गया है। इसके बाद मौलाना महमूद मदनी ने इसका विरोध जताया, जो सही नहीं है। उन्होंने कहा कि किसी भी राष्ट्रीय प्रतीक या आजादी के आंदोलन से जुड़े नारों को धार्मिक विवाद का हिस्सा नहीं बनाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि इतिहास में दर्ज है कि जब देश अंग्रेजों की गुलामी के खिलाफ लड़ रहा था, तब हिंदू और मुसलमान दोनों एक साथ वंदे मातरम का नारा लगाते थे। यह नारा लोगों में देशभक्ति और संघर्ष का जोश भरने का काम करता था। उन्होंने कहा कि ठीक उसी तरह इंकलाब जिंदाबाद भी आजादी की लड़ाई का एक बड़ा नारा था, जिसे हर तबके के लोगों ने अपनाया था।



मौलाना शहाबुद्दीन।

### सियासी नजरिए से देखिए

*मौलाना शहाबुद्दीन ने कहा कि वंदे मातरम को अगर सियासी और ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य में देखा जाए तो किसी को इससे परेशानी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि कुछ लोग हर मुद्दे को मजहब से जोड़कर देखते हैं, जबकि देशहित और इतिहास को भी समझना जरूरी है। उन्होंने अपील करते हुए कहा कि वंदे मातरम जैसे मुद्दों पर समाज को बांटने की कोशिश नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत की आजादी किसी एक समुदाय की नहीं बल्कि हिंदू-मुसलमान, सिख-ईसाई सभी की साझा कुर्बानियों का नतीजा है। ऐसे में आजादी की लड़ाई से जुड़े नारों और प्रतीकों का सम्मान होना चाहिए। मौलाना ने कहा कि देश की एकता और भाईचारे को मजबूत करने वाले मुद्दों पर राजनीति करने से बचना चाहिए।*

## मैथिल समाज ने ऊर्जा बचाने की ली शपथ

**बदायूं।** मोहल्ला कल्याण नगर में पुत्तू लाल शर्मा की अध्यक्षता में मैथिल ब्राह्मण सभा की मासिक बैठक आयोजित हुई। सर्वप्रथम बरेली की पूर्व न्यायिक मजिस्ट्रेट बीना शर्मा के निधन पर दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई।बैठक में कोषाध्यक्ष प्रमोद कुमार शर्मा ने आय-व्यय का ब्योरा पेश किया। संगठन का विस्तार करते हुए जिलाध्यक्ष इंजी. नवल किशोर शर्मा ने अशोक कुमार शर्मा को संगठन मंत्री और श्रेयांश आर्य को सोशल मीडिया प्रभारी का दायित्व सौंपा। इस दौरान सभी को ऊर्जा संरक्षण और देश हित में तेल बचाने की शपथ दिलाई गई। संरक्षक ब्रह्मदेव शर्मा ने स्व-जनगणना के लिए प्रेरित किया। बैठक में अनिल शर्मा फौजी सहित कई पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# बरेली में ड्रंक एंड ड्राइव पर शिकंजा

जागरण मोर्चा कार्यालय

### दो रातों में 584 चालान, 47 लाख से ज्यादा जुर्माना वसूला

**बरेली।** शहर की सड़कों पर शराब पीकर वाहन दौड़ाने वालों, प्रेशर हॉर्न बजाने वालों और मॉडिफाइड साइलेंसर लगाकर हुड़दंग मचाने वालों पर बरेली पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। दो दिनों तक चले विशेष यातायात अभियान में पुलिस ने हजारों वाहनों की चेकिंग कर 584 चालान काटे और 47 लाख 74 हजार रुपये से ज्यादा का शमन शुल्क वसूला।

कार्रवाई के दौरान कई वाहन चालकों की सांसें उस वक्त अटक गईं जब पुलिस ने सीधे ब्रेथ एनालाइजर मशीन मुंह के सामने लगा दी। यातायात निदेशालय के निर्देश पर 16 और 17 मई की रात बरेली पुलिस ने जिले के प्रमुख टोल प्लाजाओं पर सघन चेकिंग अभियान चलाया। फतेहगंज पश्चिमी, बहेड़ी, भोजीपुरा, नवाबगंज और फरीदपुर टोल प्लाजा पर रात 8 बजे से 11 बजे तक पुलिस, यातायात विभाग और परिवहन विभाग की संयुक्त टीमें तैनात रहीं। इस दौरान कुल 7794 वाहनों की जांच की गई। सबसे ज्यादा कार्रवाई शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर हुई। पुलिस ने ड्रंक एंड ड्राइविंग के 188 मामलों में चालान किए। वहीं अभियान में उन बाइक और वाहनों को भी निशाने पर लिया गया जो तेज आवाज वाले मॉडिफाइड साइलेंसर और प्रेशर हॉर्न का इस्तेमाल कर रहे थे। पुलिस ने 15 मॉडिफाइड साइलेंसर, 196 प्रेशर हॉर्न, दो हूटर और 183 फॉल्टी नंबर प्लेट वाले वाहनों के खिलाफ कार्रवाई की। कई वाहन चालकों को मौके पर ही नियमों का पाठ पढ़ाया गया। सिर्फ चालान ही नहीं, पुलिस ने अभियान के दौरान टोल प्लाजा पर परिवार के साथ सफर कर रहे यात्रियों से बातचीत भी की। मीट एंड ग्रीट अभियान के तहत पुलिसकर्मियों ने यात्रियों से हालचाल पूछा और रास्ते में आने वाली समस्याओं की जानकारी ली। अधिकारियों का कहना है कि सड़क सुरक्षा को लेकर लोगों में जागरूकता बढ़ाना भी अभियान का हिस्सा था। पूरे अभियान की निगरानी एसएसपी अनुराग आर्य और एसपी ट्रैफिक मो अकमल खान के निर्देशन में की गई। मौके पर एआरटीओ, पीटीओ, थाना पुलिस, इंटरसेप्टर वाहन, सीसी टीम और यातायात पुलिस के जवान तैनात रहे।

# सड़क पर अवैध मस्जिद व मैरिज लॉन बनाने का आरोप

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** शहर के लालपुल इलाके में दिल्ली, मथुरा, आगरा, जयपुर को जोड़ने वाले संवेदनशील मार्ग पर लोक निर्माण विभाग की सड़क की पट्टी पर अवैध रूप से मस्जिद व मैरिज लॉन का गेट बनाने का आरोप लगा है। इस मामले की डीएम अवनीश राय से शिकायत की गई है।

अखिल भारतीय हिंदू महासभा के जिलाध्यक्ष मुकेश पटेल ने डीएम को दिए शिकायती पत्र में बताया है कि शहर से होकर गुजरने वाले इस मार्ग पर पुल के पास स्थित आरफीन मस्जिद का निर्माण समाजवादी पार्टी के कार्यकाल में अवैध रूप से किया गया। आरोप है कि मस्जिद में दरवाजा बनाकर आने-जाने वालों पर नजर रखी जाती है और कई बार यहां से प्रदर्शन कर सड़क पर जाम भी लगाया गया है। शिकायतकर्ता का कहना है कि यह मार्ग अत्यंत संवेदनशील है। इसी रास्ते से केंद्रीय मंत्री, प्रदेश के मंत्री और वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी गुजरते हैं। बदायूँ के जिलाधिकारी और एसएसपी भी इसी मार्ग से आवागमन करते हैं। आरोप है कि मस्जिद में बाहर से तबलीग के लिए लोग आते हैं और वीआईपी लोगों की गतिविधियों पर नजर रखी जाती है। शिकायत में लोक निर्माण विभाग, निर्माण खण्ड-2, बदायूँ के अधिशासी अभियंता द्वारा 21 नवंबर 2025 को सूचना अधिकार अधिनियम के तहत दी गई जानकारी का हवाला दिया गया है। जवाब में स्वीकार किया गया कि आरफीन मस्जिद निर्धारित बिंदु से 45 फीट की सीमा के अंदर स्थित है। मस्जिद कमेटी ने विनियमित क्षेत्र से न तो नक्शा पास कराया है और न ही इसके लिए कोई आवेदन किया है। निर्माण और दरवाजा पूरी तरह सड़क की पट्टी पर अवैध रूप से किया गया है। शिकायत में मुख्यमंत्री से मांग की गई है कि विनियमित क्षेत्र अधिकारी एवं नगर मजिस्ट्रेट बदायूँ से नक्शा स्वीकृति के संबंध में आख्या मंगाकर उचित कार्रवाई की जाए। दोनों पुलों को अति संवेदनशील बताते हुए कहा गया है कि यहां से रात-दिन बस, ट्रक और वीआईपी वाहनों का आवागमन होता रहता है। शिकायतकर्ता ने डीएम, कमिश्नर समेत मुख्यमंत्री को भी शिकायती पत्र भेजा है।




हाइवे पर अवैध रूप से बनी मस्जिद व मैरिज लॉन।


# अब सीएचसी में ड्रेस कोड में ही नजर आएंगी आशाएं

जागरण मोर्चा कार्यालय

- बिना ड्रेस कोड के अस्पताल में आने पर होगी कार्यवाही, लगेगा जुर्माना
- एमओआईसी ने सीएचसी में नोटिस बोर्ड के अलावा कई जगह चस्पा कराया निर्देश

**पूरनपुर।** नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर अब आशा कार्यकर्ता रंग-बिरंगे कपड़े पहनकर नहीं घूम सकेंगी। उनको सीएचसी में निर्धारित यूनीफार्म (ड्रेस कोड) में आना होगा। बिना ड्रेस कोड के प्रवेश करने पर विभागीय कार्यवाही व सौ रुपये का जुर्माना लगाया जाएगा। इस संबंध में एमओआईसी ने नोटिस बोर्ड के अलावा जगह-जगह पर यह निर्देश चस्पा कराया है।

पूरनपुर ब्लाक क्षेत्र में करीब 380 आशा कार्यकर्ता कार्यरत हैं। इनपर गर्भवती महिलाओं की देखरेख, प्रसव के दौरान गर्भवती महिलाओं को अस्पताल तक साथ लाने सहित कई स्वास्थ्य संबंधी जिम्मेदारियां हैं। बताते हैं कि अधिकांश आशा कार्यकर्ता अस्पताल में रंग-बिरंगे कपड़े पहनकर आती हैं। जबकि ड्रेस कोर्ड अनिवार्य है। आशा कार्यकर्ताओं के ड्रेसकोड में नहीं रहने के कारण मरीजों व तीमारदारों को उनको पहचानने में दिक्कत होती। विवाद की स्थिति भी बनती रहती है। ऐसी ही कई दिक्कतों को दूर करने के लिए अब सरकारी अस्पताल में आशा कार्यकर्ताओं के लिए निर्धारित यूनीफार्म पहनकर आना अनिवार्य कर दिया गया है। इस संबंध में एमओआईसी द्वारा नोटिस बोर्ड के अलावा कई जगह पर निर्देश चस्पा कराया है। इसमें साफ लिखा है कि बिना ड्रेस कोड के सीएचसी में प्रवेश करने पर विभागीय कार्यवाही व सौ रुपये का जुर्माना लगाया जाएगा। ऐसे में अब आशा कार्यकर्ता बिरंगे ड्रेस में नहीं घूम सकेंगी।




पूरनपुर सीएचसी में कई जगह दीवार पर चस्पा किया गया निर्देश। -जागरण मोर्चा

*आशा कार्यकर्ताओं के लिए ड्रेस कोड अनिवार्य है। बावजूद इसके आशा कार्यकर्ता बगैर ड्रेस कोड के सीएचसी में देखी जाती हैं। अब सीएचसी में बिना ड्रेस कोड के प्रवेश करने पर विभागीय कार्यवाही व जुर्माना लगाया जाएगा।*

*-डॉ. मनीष राज शर्मा*
*एमओआईसी, पूरनपुर*

## आवश्यकता है

उत्तर प्रदेश के तेजी से बढ़ते अखबार जागरण मोर्चा को मुरादाबाद मंडल और जिला रामपुर में रिपोर्टरों और एजेंसी के लिए लोगों की आवश्यकता है। इसके अतिरिक्त विज्ञापन एंव अखबार के लिए संपर्क करें। मोबाइल नंबर-9412252847 7906815587, 9758444242


## धमोरा में कृषि भूमि पर कर दी प्लाटिंग

**धमोरा।** जिले भर में अवैध प्लाटिंग हो या कोई कृषि भूमि पर अवैध कब्जे को लेकर शासन से लेकर प्रशासन तक सतर्क होता दिख रहा है। ऐसा ही एक मामला शहजादनगर थाना क्षेत्र में देखने को मिला है। जिसके चलते प्रशासन की जेसीबी ने प्लाटिंग की ईंटों को ध्वस्त कर दिया है ।शहजादनगर थाना क्षेत्र के हाइवे स्थित धमोरा गांव का है। गांव में एक ग्रामीण ने मिलक उपजिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर जांच की गुहार लगाई थी। कि गांव में रोड़ किनारे कृषि भूमि की जमीन है। जिसको कुछ लोगों ने अपने फायदे के अनुसार प्रशासन की बिना अनुमति के कृषि की भूमि में प्लाटिंग काट दी है।

## एक नजर

### नवजात की मौत के मामले में दो सदस्यीय जांच समिति गठित

**रामपुर।** थाना गंज स्थित किलकारी जच्चा-बच्चा केंद्र पर हुई नवजात की मौत के मामले में सीएमओ ने दो सदस्यीय जांच समिति गठित कर दी है समिति से पूरी प्रकरण की रिपोर्ट मांगी है। जांच समिति एसीएमओ डॉ.सत्यप्रकाश, डॉ.देवेश चौधरी है। मालूम हो कि किलकारी जच्चा-बच्चा केंद्र पर प्रसव के चलते महिला को भर्ती कराया था। जहां एक नवजात को जन्म दिया गया। इस मामले में नवजात के परिजनों का आरोप है कि इस मामले संचालिका ने सरासर लापरवाही बरती है जिसकी वजह से मासूम की मौत हुई है साथ ही मौके से स्टॉफ भी फरार हो गया। मौके पर पहुंचे झोलाछाप नोडल ने केंद्र को सील किया। परिजनों का आरोप है कि संचालिका डॉ.नीलोफर जिला महिला चिकित्सालय में भर्ती महिला के तीमारदारों को अच्छा उपचार देने का झांसा देकर अपने क्लीनिक ले जाती है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.दीपा सिंह ने बताया कि इस मामले में दो सदस्यीय जांच समिति का गठन किया है इसकी पूरी रिपोर्ट समिति से मांगी है।

### 49 कारतूस के साथ आरोपी पकड़ा

**सैदनगर।** अजीमनगर पुलिस ने चेकिंग के दौरान 49 कारतूस के साथ एक आरोपी पकड़ा है। पकड़े गए आरोपी को जेल भेज दिया गया है ।रविवार रात करीब 1 वजे थाना अध्यक्ष कर्म सिंह पाल पुलिस बल के साथ पीलाखार नदी के करीब रात्रि चेकिंग कर रहे थे। पकड़ा गया अभियुक्त जहांगीर पुत्र अब्दुल कबीर निवासी मोती मस्जिद चाह खानसामा थाना कोतवाली जिला रामपुर का है। थाना अध्यक्ष कर्म सिंह पाल ने बताया चेकिंग के दौरान आरोपी के पास से 49 कारतूस पाए गए थे।

# 11 दिन में किलकारी जच्चा-बच्चा केंद्र में 3 नवजात की मौत

- अप्रशिक्षित स्टॉफ लोगों को धकेल रहा हैं मौत के मुंह में महकमा को नहीं है कोई सुध




जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** थाना गंज क्षेत्र के किलकारी जच्चा-बच्चा केंद्र पर 11 दिन के भीतर 3 नवजात मौत हो चुकी है। नवजात के परिजनों का कहना है कि संचालिका ने अनट्रेंड लोगों को लगा रखा है जोकि अप्रशिक्षित स्टॉफ लोगों को मौत के मुंह में धकेल रहे हैं। लेकिन इस ओर विभागीय जिम्मेदार कार्रवाई करने से कतरा रहे हैं।

रविवार को किलकारी जच्चा-बच्चा केंद्र पर रविवार को डिग्री कालेज पर नवजात की मौत हो गई। परिजनों ने आरोप लगाया कि यह महिला अस्पताल में भर्ती मरीजों को बेहतर उपचार का झांसा देकर गर्भवतियों को उपचार के लिए केंद्र ले जाती है जहां इनका उपचार कराया जाता है। रविवार को नवजात की मौत होने के बाद मौके से स्टॉफ खुद भी फरार हो गई। उधर जानकारी मिलने पर नोडल ने केंद्र को सील कर दिया। ऐसे में जिम्मेदारों का दावा है कि कार्रवाई अवश्य की जाएगी।

### इन दिनों में हुई नवजात की मौतें

6 मई को किलकारी जच्चा-बच्चा केंद्र पर घोसिया पत्नी शाने आलम निवासी डूंगरपुर के नवजात की मौत, 15 मई को सौफिया पत्नी शाहनवाज ने नवजात को जन्म दिया। इस मामले में भी स्टॉफ की लापरवाही सामने आई। इसके बाद 17 मई को फरहा पत्नी फैज अहमद निवासी चपटा कॉलोनी की नवजात की मौत हो गई। जबकि जच्चा को बेहतर उपचार के लिए किसी अन्य चिकित्सक के यहां भर्ती कराया।

### 24 घंटे बाद भी दर्ज नहीं हुआ मुकदमा

24 घंटे बीत जाने के बाद संचालिका के खिलाफ मुकदमा दर्ज नहीं हुआ है। जबकि नवजात की मौत हो जाने पर परिजनों ने जमकर हंगामा किया था। जानकारी में आया है कि संचालिका डॉ.नीलोफर खुद सोमवार को सीएमओ कार्यालय गई। लेकिन इसके बाद भी अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

> किलकारी जच्चा-बच्चा संचालिका के खिलाफ कार्रवाई अवश्य होगी। इस मामले में तहरीर दी जाएगी। -डॉ.देवेश चौधरी, नोडल झोलाछाप।

# लखनऊ प्रकरण को लेकर कलेक्ट्रेट में अधिवक्ताओं ने किया प्रदर्शन

## लाठीचार्ज को लेकर अधिवक्ताओं में रोष व्याप्त, राज्यपाल को भेजा ज्ञापन

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** लखनऊ में अधिवक्ताओं पर हुए लाठी चार्ज को लेकर बार एसोसिएशन ने कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन कर चार सूत्रीय ज्ञापन जिलाधिकारी को संबोधित गवर्नर को भेजा। जिसमें उनका कहना है कि पुलिस द्वारा अधिवक्ताओं पर किए लाठी चार्ज की घटना निदंनीय है पुलिस द्वारा अधिवक्ताओं पर लाठीचार्ज कर चैंबर तोड़े गए। संबंधित पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। इस घटना से बार एसोसिएशन में काफी आक्रोश है।

बार एसोसिएशन महासचिव उस्मान खां ने बताया कि लखनऊ प्रकरण को लेकर प्रदर्शन किया। कहा कि अधिवक्ताओं पर लाठी चार्ज करने वालों पुलिसकर्मियों पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाए। जिनके चैंबर तोड़े गए है उनको नए चैंबर दिलाया जाए।



प्रशासनिक अधिकारी को ज्ञापन सौपते अधिवक्ता। -जागरण मोर्चा




बैठक में मौजूद अधिवक्ता।

### दुर्व्यवहार पर बार एसोसिएशन ने जताई नाराजगी

मिलक। बार एसोसिएशन के सभागार में सोमवार को अध्यक्ष सतीश चंद्र गंगवार की अध्यक्षता में बैठक बुलाई गई। संचालन महासचिव रमेश चन्द्र ने किया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि लखनऊ में अधिवक्ताओं के साथ हुए दुर्व्यवहार एवं अमानवीय व्यवहार तथा पुलिस द्वारा अधिवक्ताओं पर अनावश्यक बल प्रयोग की निंदा की जाती है। सभी बार सदस्यों ने इसकी कड़े शब्दों में निंदा की। प्रस्ताव में कहा गया कि इस प्रकार से समस्त अधिवक्ता समाज में रोष व्याप्त है। भविष्य में पुलिस द्वारा अधिवक्ताओं के प्रति सम्मानजनक व्यवहार न रखा गया तो सभी अधिवक्तागण आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे। इस अवसर पर श्री राम, देवेंद्र कुमार गंगवार, सहदेव, विवेक गंगवार, धर्मेंद्र सक्सेना, कैलाश वीर सक्सेना, सुधीर शुक्ला, कमलकांत शर्मा, रमेश चंद्र मिश्रा आदि अधिवक्ता उपस्थित रहे।

इस घटना की इलाहाबाद के किसी न्यायिक अधिकारी से निष्पक्ष जांच कराई जाए। ज्ञापन देने वालों में अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद लोधी, उपाध्यक्ष सर्वजीत सिंह, संजीव यादव, अब्दुल खालिक, मोहम्मद अकरम, मुरताज अली, सोहनलाल, तेजराम सिंह आदि मौजूद रहे।

## गौकश के पैर में गोली मारकर किया गिरफ्तार



**स्वार।** पुलिस ने गोकशी के पैर में गोली मारकर घायल कर दिया। उसके बाद पुलिस ने उसको अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उसका उपचार कराया जा रहा है। सोमवार रात को थाना स्वार पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि एक गोकशी गोकशी करने के उद्देश्य से ग्राम भूवरी को जाने वाले रास्ते पर मोटरसाइकिल से आ रहा है, जो पूर्व में गोवंशीय अपराधों में लिप्त रह चुका है। सूचना पर थाना स्वार पुलिस टीम जब ग्राम भूबरी को जाने वाले रास्ते पर तालाब के पास पहुंचे तो एक व्यक्ति पुलिस को देखकर मोटर साइकिल से उतरकर मक्के के खेत की ओर भागने लगा। तथा पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायर कर दिया। आत्मरक्षार्थ जवाबी कार्रवाई में नईम उर्फ बाबू पुत्र फकीरा निवासी मोहल्ला रसूलपुर में गोली लगने से घायल हो गया। एक तमंचा 315 बोर, नाल में फंसा एक खोखा कारतूस व एक एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। मौके से एक अदद मोटर साइकिल बिना नम्बर प्लेट व पशु काटने के उपकरण बरामद हुए। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि में निराश्रित गौवंशीय पशुओं को जंगल में ढूंढकर उनका वध करके उनके मांस को बेचकर धन अर्जित करता हूं। आज भी गोवंशीय पशु की तलाश में आया था।

## सार संक्षेप

### ट्रैक्टर से टक्कर मारकर हत्या करने वाला गिरफ्तार



**मिलक।** थाना मिलक पुलिस ने ट्रैक्टर से टक्कर मारकर हत्या के मामले में वांछित चल रहे आरोपी प्रेमपाल को गिरफ्तार किया। एसपी सोमेन्द्र मीना के निर्देश पर अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत सीओ मिलक के पर्यवेक्षण व प्रभारी निरीक्षक मनीराम सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने आरोपी प्रेमपाल पुत्र धर्मवीर निवासी ग्राम हरैय्या को उसके घर से गिरफ्तार किया ।17 मई को अमरपाल सागर पुत्र फकीर चन्द्र निवासी हरैय्या ने थाने में तहरीर दी थी कि आरोपी प्रेमपाल ने लापरवाही व तेजी से ट्रैक्टर चलाते हुए उनके भाई नन्दराम को टक्कर मार दी। हादसे में नंदराम की मौत हो गई थी। तहरीर के आधार पर थाना मिलक में संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज हुआ था।

### नाबालिग को ले जाने वाला आरोपी गिरफ्तार

**शाहबाद।** थाना क्षेत्र की नाबालिग को बहला-फुसलाकर ले जाने के मामले में फरार चल रहे आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी को लक्खीबाग के पास से दबोचकर आवश्यक विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है ।26 अप्रैल को एक व्यक्ति ने थाना शाहबाद में तहरीर देकर आरोप लगाया था कि उसकी नाबालिग पुत्री को मनीष शर्मा निवासी पुराना शहर बरेली बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने संबंधित धाराओं में केस दर्ज किया था। केस दर्ज करने के बाद पुलिस ने अपहृता को सकुशल बरामद कर लिया था। सूचना पर पुलिस टीम ने लक्खीबाग के पास दबिश देकर फरार आरोपी मनीष शर्मा पुत्र जयदेव शर्मा निवासी चक महमूद हबीब शाह पुराना शहर बरेली को गिरफ्तार कर लिया ।गिरफ्तारी करने वाली टीम में कोतवाल प्रदीप कुमार, निरीक्षक राजकुमार, उप निरीक्षक सुमित कुमार, हेड कांस्टेबल प्रदीप कुमार, हेड कांस्टेबल मुनिदेव, कांस्टेबल कौशिन्द्र सिंह, महिला कांस्टेबल आरती एवं महिला कांस्टेबल सुधा आदि रहे।

### दो पैन कार्ड मामले में आजम खां की बहस पूरी



**रामपुर।** सेशन-एमपी-एमएलए न्यायालय में आजम खां, अब्दुल्ला आजम के दो पैनकार्ड, दो पासपोर्ट मामले में सुनवाई सोमवार को हुई। जबकि दो पैनकार्ड मामले में मंगलवार को भी सुनवाई होनी है सरकारी अधिवक्ता जवाब देंगे। सोमवार को सेशन न्यायालय में आजम खां और अब्दुल्ला आजम को सजा बढ़ाए जाने के मामले में नवेद मियां द्वारा दाखिल किए गए आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट के राजेश इनामदार, नासिर सुल्तान ने बहस की। यह बहस एक घंटे तक जारी रही। आजम खां के अधिवक्ता की बहस पूरी हो गई। मंगलवार को सरकारी अधिवक्ता की ओर से जवाब दिया जाएगा। जबकि अब्दुल्ला आजम के दो पासपोर्ट के मामले में दायर अपील और सजा बढ़ाए जाने के मामले में सुनवाई 25 मई तक टाल दी गई है।

### मसवासी चौकी का एसपी ने किया निरीक्षण

**मसवासी।** पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीना ने सोमवार को मसवासी पुलिस चौकी का निरीक्षण कर चौकी की व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने चौकी परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों की कार्यप्रणाली को देखा तथा साफ-सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया ।एसपी ने चौकी कार्यालय में रखे अभिलेखों एवं रजिस्टरों को चैक करते हुए उनमें अंकित की जाने वाली प्रविष्टियों का भी अवलोकन किया। उन्होंने संबंधित पुलिस कर्मियों को अभिलेखों को व्यवस्थित एवं अद्यतन रखने के निर्देश दिए ।निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने चौकी परिसर की अन्य व्यवस्थाओं का भी गहनता से निरीक्षण किया तथा मौजूद अधिकारियों और कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए ।इस मौके पर एसपी सोमेंद्र मीना ने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि चौकी पर आने वाले प्रत्येक फरियादी की समस्या को गंभीरता और शालीनता के साथ सुना जाए तथा शिकायतों का त्वरित एवं निष्पक्ष निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने पुलिस कर्मियों को जनता के साथ बेहतर व्यवहार बनाए रखने और कानून व्यवस्था को मजबूत रखने के लिए सतर्कता से कार्य करने के निर्देश दिए।

# काली पट्टी बांधकर किया कार्य, 21 से बहिष्कार



जिला क्षय रोग केंद्र में काली पट्टी बांधकर कार्य करते कर्मचारी। -जागरण मोर्चा




स्वार सीएचसी में प्रदर्शन करते स्वास्थ्य कर्मी। -जागरण मोर्चा

- जिला अस्पताल समेत अन्य केंद्रों पर तैनात कर्मचारियों ने बांधी पट्टी

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** प्रदेश कार्यकारिणी के आह्वान पर एनएचएम कर्मचारियों ने पिछले तीन माह से मानदेय न मिलने पर काली पट्टी बांधकर विरोध जताया। यह विरोध प्रदर्शन 18, 19 और 20 तारीख तक चलेगा, जिसमें कर्मचारी काली पट्टी बांधकर ही काम करेंगे। कर्मचारियों ने चेतावनी दी है कि यदि 20 तारीख तक मानदेय का भुगतान नहीं किया गया, तो 21 तारीख से पूर्ण कार्य बहिष्कार किया जाएगा।

उत्तर प्रदेश राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संविदा कर्मचारी संघ के कार्यवाहक जिलाध्यक्ष शादाब हसन ने बताया कि तीन माह से वेतन न मिलने के कारण कर्मचारियों को घर-परिवार चलाने और बच्चों की स्कूल फीस भरने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। काम करने के बाद भी भुगतान न मिलने से परिवार का भरण-पोषण मुश्किल हो जाता है। जिले भर में 500 से अधिक चिकित्सक और कर्मचारी इस संगठन में शामिल हैं। सभी सीएचसी और पीएससी पर काली पट्टी बांधकर विरोध जताते हुए अपना कार्य कर रहे हैं। कर्मचारियों ने दोहराया कि यदि 21 तारीख तक मानदेय का भुगतान नहीं हुआ, तो पूर्ण बहिष्कार कर विरोध प्रदर्शन तेज किया जाएगा। सीएमओ कार्यालय, जिला क्षय रोग कार्यालय, जिला अस्पताल, स्वार सीएचसी के कर्मचारियों ने पट्टी बांधकर कार्य किया।

# 20 मई को देशव्यापी दवा व्यापार बंद का ऐलान, सौंपा ज्ञापन

जागरण मोर्चा कार्यालय



ज्ञापन सौपते पदाधिकारी।

**मिलक।** केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन ने 20 मई को प्रस्तावित एक दिवसीय राष्ट्रव्यापी दवा व्यापार बंद की अग्रिम सूचना देते हुए उपजिलाधिकारी मिलक को ज्ञापन सौंपा। एसोसिएशन ने केंद्र सरकार से हस्तक्षेप कर अवैध ई-फार्मेसी संचालन पर रोक लगाने की मांग की है।ज्ञापन में कहा गया कि देशभर के लगभग 12.40 लाख केमिस्ट्स एवं वितरकों तथा उनसे जुड़े 4-5 करोड़ आश्रितों की आजीविका गंभीर संकट में है। अवैध ई-फार्मेसी व अनियंत्रित मूल्य प्रतिस्पर्धा के कारण बिना पर्ची दवा बिक्री, पर्ची का दुरुपयोग, एंटीबायोटिक्स का गलत उपयोग, नकली दवाएं व एएमआर का खतरा बढ़ रहा है। मिलक केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन जिला फार्मा ट्रेडर्स एसोसिएशन की इकाई ने ज्ञापन उपजिलाधिकारी मिलक को दिया है।इस अवसर पर ज्ञापन देने वालों में अध्यक्ष प्रमोद सक्सेना, प्रदीप सक्सेना, जिला उपाध्यक्ष डॉ विकास शुक्ला, अनिल गुप्ता, राजू, डीके अग्रवाल, मोहम्मद जान प्रखर वशिष्ठ रितेश कुमार गुप्ता आदि रहे।

# 'मीट फैक्ट्री में दुधारू पशुओं का कटान बंद किया जाए'

जागरण मोर्चा कार्यालय



पैदल मार्च निकालकर कलेक्ट्रेट जाते शिव शक्ति सेना के पदाधिकारी। -जागरण मोर्चा

**रामपुर।** केमरी रोड स्थित फेयर एक्सपोर्ट प्राइवेट लिमिटेड मीट फैक्ट्री में दुधारू पशुओं का कटान होने का आरोप लगाते हुए राष्ट्रीय शिव शक्ति सेना के पदाधिकारियों ने पैदल मार्च निकाला। विरोध स्वरूप सभी हाथों में तख्तियां लेकर नारेबाजी करते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे। यहां पर सभी ने डीएम के माध्यम से दुधारू पशुओं का कटान रोकने के लिए मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा।

राष्ट्रीय शिव शक्ति सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय गुप्ता के नेतृत्व में तमाम पदाधिकारियों ने फैक्ट्री पर कार्रवाई के लिए पैदल मार्च निकाला। कलेक्ट्रेट तक सभी नारेबाजी करते हुए पहुंचे। उनके हाथों पर दुधारू पशुओं को बचाने की अपील लिखी हुई तख्तियां थीं। उनका कहना था कि मीट फैक्ट्री में आधुनिक मशीनों द्वारा दुधारू पशु, जैसे गाय व भैंस के साथ ही उनके छोटे बच्चों का भी कटान किया जा रहा है। अवैध रूप से हो रहे इस कटान से दूध और घी की मात्रा की कमी होती जा रही है। जिसकी वजह है कि जब दुधारू पशु नहीं होंगे तो दूध की कमी होना लाजिमी है। वहीं उनका कहना था कि जानवरों की बच्चों की कटान होने से भविष्य में दुधारू पशुओं की संख्या में काफी कमी हो जाएगी। वहीं उनका कहना था कि जानकारी में आया है कि छोटे बच्चों के मीट की अधिक धनराशि मिलती है। प्रदर्शन करने के बाद सभी ने डीएम के माध्यम से दुधारू पशुओं की कटान को रोकने के लिए मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा।

मिलेगी राहत | बीसरी मिश्रीनगर मार्ग और ककरौआ में बनने वाली सड़कों का किया शिलान्यास

# 2.58 करोड़ से होगा दो सड़कों का निर्माण: आकाश

जागरण मोर्चा कार्यालय



कार्यक्रम को संबोधित करते आकाश सक्सेना एवं मौजूद लोग। -जागरण मोर्चा

**रामपुर।** शहर विधायक आकाश सक्सेना ने ककरौआ और बीसरी में दो मार्गों के नव निर्माण का शिलान्यास किया। 2.58 करोड़ रूपये की लागत से बनने वाले दोनों मार्गों से न सिर्फ गांवों का एक दूसरे से संपर्क बेहतर होगा, बल्कि दूरी भी कम हो जाएगी।

सोमवार को शहर विधायक आकाश सक्सेना ग्राम ककरौआ पहुंच गए। यहां उन्होंने मजिस्टेट के बाग से पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय मॉडल इंटर कालेज होते हुए आंबेडकर पार्क तक सड़क के नव निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। 1.49 किलोमीटर लंबे इस मार्ग के निर्माण पर 85.40 लाख रूपये खर्च किए जाएंगे। वहीं, दूसरा शिलान्यास बीसरी से मिश्रीनगर मार्ग का किया। 3.4 किलोमीटर लंबे इस मार्ग के निर्माण में करीब 172.53 लाख रूपये की लागत आएगी। इस अवसर पर शहर विधायक आकाश सक्सेना ने कहा कि प्रदेश सरकार गांवों और शहरों को बेहतर सड़क नेटवर्क से जोड़ने के लिए लगातार कार्य कर रही है। ककरौआ और बीसरी में बनने वाले इन संपर्क मार्गों से क्षेत्र के लोगों को आवागमन में बड़ी सुविधा मिलेगी तथा ग्रामीण क्षेत्रों का विकास और तेज होगा। उन्होंने कहा कि सड़कें किसी भी क्षेत्र के विकास की आधारशिला होती हैं। बेहतर मार्ग बनने से किसानों को अपनी फसल बाजार तक पहुंचाने में आसानी होगी, विद्यार्थियों और व्यापारियों को भी लाभ मिलेगा तथा क्षेत्र की आर्थिक गतिविधियों को नई गति मिलेगी। विधायक ने कहा कि जनता से किए गए विकास के हर वादे को प्राथमिकता के साथ पूरा किया जा रहा है। लोक निर्माण विभाग द्वारा गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय सीमा में निर्माण कार्य पूरा कराया जाएगा, ताकि आमजन को जल्द से-जल्द इसका लाभ मिल सके।

> दोनों मार्गों का निर्माण कार्य तेजी से पूरा किया जाएगा। इसके लिए विभागीय अधिकारियों को बरसात से पूर्व दोनों सड़कों का निर्माण पूरा कराने के लिए कहा गया है। ताकि, ग्रामीणों को आवागमन में सहूलियत हो सके। -**गौरव कुमार, अधिशासी अभियंता, लोक निर्माण विभाग, निर्माण खंड, रामपुर।**

# महिलाएं गन्ने की पौध तैयार कर कमा रहीं 3 लाख रुपये सालाना

- संतोषी महिला स्वयं सहायता समूह ने तैयार की गन्ने की 4 लाख उन्नत पौध

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** जिले के स्वार ब्लॉक स्थित भाऊपुरा गांव की महिलाएं आज आत्मनिर्भरता और महिला सशक्तिकरण की नई कहानी लिख रही हैं। उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत गठित संतोषी महिला स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं ने गन्ने की नई प्रजाति की पौध (नर्सरी) तैयार करने का सफल उद्यम शुरू किया है। उद्यम शुरू करने से पहले बिना किसी आय के जीवन यापन करने वाली ये महिलाएं आज गन्ने की 4 लाख पौध का उत्पादन कर सालाना 3 लाख रुपये तक की औसत आय अर्जित कर रही हैं। इस पहल से न सिर्फ समूह


गन्ने की पौध तैयारी करती महिलाएं। -जागरण मोर्चा

से जुड़ी सभी 12 महिलाओं के परिवारों को ठोस आजीविका प्राप्त हो रही है, बल्कि उद्यम से अर्जित आय के माध्यम से वे अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा प्रदान करने में भी अहम भूमिका निभा रही हैं।समूह की अध्यक्ष 35 वर्षीय प्रतिभा सैनी के नेतृत्व में इस उद्यम की आधारशिला रखी गई। काम शुरू करने से पहले इन महिलाओं की अपनी कोई व्यक्तिगत आय नहीं थी। उद्यम को गति देने के लिए समूह ने सीआईएफ के तहत 1,10,000 रुपये का आंतरिक ऋण और यूपी ग्रामीण बैंक भाऊपुरा से सीसीएल के जरिए 1,50,000 रुपये का बाह्य ऋण प्राप्त किया। इन्हीं पैसों और अपनी कड़ी मेहनत के दम पर आज यह समूह गन्ने की नई प्रजाति की पौध का निर्माण कर रहा है, जिससे समूह को सालाना औसतन तीन लाख रुपये की आमदनी हो रही है। गन्ने की पौध तैयार करने के लिए महिलाएं पारंपरिक तरीके की जगह वैज्ञानिक और उन्नत विधि का इस्तेमाल कर रही हैं। शाहजहांपुर अनुसंधान केंद्र से मिली ट्रेनिंग का फायदा उठाते हुए महिलाएं सबसे पहले उन्नत बीजों (जैसे-17231, 14201, 0118) का चयन करती हैं। इसके बाद गन्ने की आंख (बड) निकालकर उसे गोबर की खाद, को कोपीट और जैविक खाद (ट्राइकोडर्मा) के मिश्रण के साथ प्लास्टिक ट्रे में रोपा जाता है। उचित समय पर सिंचाई और देखभाल के बाद जब पौध तैयार हो जाती है, तो चीनी मिलों के सुपरवाइजरों के समन्वय और अपने स्तर पर मार्केटिंग के जरिए इसे सीधे किसानों तक पहुंचाया जाता है।

**महिला सशक्तिकरण की बेहतरीन मिसाल है समूह, प्रशासन करेगा हर संभव मदद**

जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने कहा कि भाऊपुरा गांव की इन महिलाओं ने शून्य से शुरुआत कर जो मुकाम हासिल किया है, वह पूरे जिले के लिए महिला सशक्तिकरण की एक शानदार मिसाल है। उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन का मुख्य उद्देश्य ही ग्रामीण महिलाओं को स्वावलंबी और आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाना है। गन्ने की पौध तैयार करने के इनके उन्नत तरीके से न केवल स्थानीय किसानों को अच्छी फसल का लाभ मिलेगा, बल्कि महिलाओं की आजीविका भी और सुदृढ़ होगी। समूह को ऋण लेने या सब्सिडी मिलने में जो भी तकनीकी या कागजी अड़चनें आ रही हैं, जिला प्रशासन स्तर से उसकी समीक्षा कर जल्द ही निस्तारण कराया जाएगा। प्रशासन जिले की हर महिला को आगे बढ़ने के अवसर प्रदान करने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है।

### चुनौतियों के बावजूद नहीं मानी हार

सफलता की यह डगर इन ग्रामीण महिलाओं के लिए इतनी आसान नहीं थी। शुरुआती दौर में महिलाओं को उन्नत बीज, खाद और मजदूरी के लिए पूंजी जुटाने में कई आर्थिक चुनौतियों का सामना करना पड़ा। काम को और अधिक विस्तार देने के लिए समूह सीएम युवा योजना के तहत ऋण लेने का प्रयास कर रहा है, लेकिन बैंक के स्तर पर कोटेशन और मार्जिन मनी जैसी कागजी व तकनीकी दिक्कतों के चलते इसमें रुकावटें आ रही हैं। तमाम अड़चनों के बावजूद महिलाओं ने हिम्मत नहीं हारी है और अपने हौसले से उद्यम को लगातार आगे बढ़ा रही हैं। प्रतिभा सैनी और उनके समूह की यह सफलता आज पूरे भाऊपुरा और आसपास के गांवों में एक मिसाल बन गई है। उनकी इस आत्मनिर्भरता को देखकर गांव की लगभग 350 से 380 अन्य महिलाएं भी प्रेरित होकर विभिन्न स्वयं सहायता समूहों से जुड़ चुकी हैं। ये महिलाएं अब अपनी सुविधानुसार चटाई, पत्तल और दोने बनाने जैसे अन्य कुटीर उद्योगों से जुड़कर स्वावलंबी बन रही हैं। खेती-किसानी के उद्यम से इतर, अध्यक्ष प्रतिभा सैनी गांव में बैंक सखी के रूप में भी बेहतरीन सेवाएं दे रही हैं। बीते साल 110 और इस साल अब तक 60 से अधिक बैंक खाते खोलकर वह बैंकिंग सुविधाओं को गांव-गांव तक पहुंचा रही हैं, जिससे उन्हें प्रतिमाह कमीशन के रूप में एक अच्छी अतिरिक्त आय भी प्राप्त हो रही है।

# शिक्षकों ने विभिन्न मांगों को लेकर किया प्रदर्शन

## अन्तर्जनपदीय स्थानान्तरण नीति 2026 प्रारम्भ कराने के संबंध में सौंपा ज्ञापन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** एसी-एसटी एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष राम बहादुर के नेतृत्व में शिक्षक एकत्रित होकर कलेक्ट्रेट पहुंचे। उसके बाद मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा। जिसमें मांग की हम बेसिक शिक्षा परिषद के अंतर्गत कार्यरत शिक्षक शिक्षिकाएं हैं। हम सभी अपने गृह जनपद से दूर अन्य जनपदों में वर्षों से सेवारत हैं। अन्तर्जनपदीय स्थानान्तरण प्रक्रिया लंबे समय से बंद होने के कारण हमें अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

पिछले 10-12 वर्षों से गृह जनपद से 300-400 किमी दूर कार्यरत हैं। वर्ष 2019 के बाद से एक भी सामान्य अन्तर्जनपदीय स्थानान्तरण नहीं हुआ है। पति,पत्नी दोनों शिक्षक होने के बाद भी अलग-अलग जिलों में कार्यरत हैं। बुजुर्ग माता-पिता की मृत्यु पर भी अन्तिम समय में नहीं


सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन देते शिक्षक। -जागरण मोर्चा


कलेक्ट्रेट में बैनर के साथ प्रदर्शन करते शिक्षक। -जागरण मोर्चा

पहुंच पाते। महिला शिक्षिका सुरक्षा कारणों से किराये पर अकेले रहने को मजबूर हैं। प्रसूति अवकाश के बाद छोटे बच्चे को छोड़कर 400 किमी दूर ड्यूटी जाना अमानवीय है।10 वर्षों से अन्तर्जनपदीय स्थानान्तरण की आस में शिक्षक मानसिक तनाव में हैं। इसका सीधा असर कक्षा शिक्षण की गुणवत्ता पर पड़ रहा है। सभी जिलों में द्विपक्षीय स्थानान्तरण खोले जाएं। 7-10 वर्ष की सेवा पूर्ण कर चुके शिक्षकों को भी "वन टाइम रिलीफ" देकर गृह जनपद भेजा जाए। वरिष्ठता के आधार पर अनिवार्य लाभ दिया जाए।पति,पत्नी, दिव्यांग, गंभीर रोगियों के प्रकरणों का तत्काल निस्तारण हो।उच्च प्राथमिक विद्यालयों में कार्यरत प्रधानाध्यापक पिछले कई वर्षों से निष्ठापूर्वक शिक्षण कार्य कर रहे हैं। शासन के नियमानुसार 10 वर्ष की संतोषजनक सेवा पूर्ण करने पर शिक्षकों को चयन वेतनमान का लाभ देय है। खेद का विषय है कि चयन वेतनमान का लाभ नहीं मिलने से आर्थिक हानि हो रही है और मनोबल पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। प्रकरण की जांच करवाकर पात्र शिक्षकों को अविलंब चयन वेतनमान का लाभ स्वीकृत कराया जाए।परिषदीय प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों में कार्यरत सहायक अध्यापक,प्रधानाध्यापक की पदोन्नति विगत कई वर्षों से लंबित है। नियमानुसार 5 वर्ष में पदोन्नति प्रक्रिया पूर्ण हो जानी चाहिए। शिक्षकों में रोष व निराशा है। वरिष्ठ शिक्षक बिना पदोन्नति के ही सेवानिवृत्त हो रहे हैं, जिससे उन्हें आर्थिक एवं मानसिक क्षति हो रही है। टीईटी की अनिवार्यता सेवारत शिक्षकों को टीईटी की अनिवार्यता से राहत दी जाए।ग्रीष्मावकाश के समय जनगणना ड्यूटी में लगे शिक्षकों को उपार्जित अवकाश प्रदान किया जाए। हाल ही में जनपद में कई शिक्षकों एवं अधिकारियों के मोबाइल हैक किए जाने, ओटीपी फ्रॉड, व्हाट्सएप एवं बैंक खातों से पैसा निकालने की घटनाएं सामने आई हैं। हैकिंग के डर से शिक्षक ऑनलाइन सूचना देने एवं लेने में स्वयं को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। ऑनलाइन कार्यों को कम कर केवल एक पोर्टल की व्यवस्था की जाए। अलग से सुरक्षित सीयूजी सिम उपलब्ध कराई जाए। कार्य के दौरान साइबर फ्रॉड होने पर विभाग द्वारा आर्थिक सुरक्षा की गारंटी दी जाए।

### यह रहे मौजूद

जिला अध्यक्ष, राम बहादुर गौतम,जिला महामंत्री सुनील कुमार,जिला प्रचार मंत्री संदीप कुमार गौतम, वीर सिंह, जबर सिंह,धर्मवीर सिंह,धन सिंह, अशोक बाबू,सुरेश कुमार चौधरी ममतेश कुमारी, अर्चना चौधरी, लवी चौधरी, नीतू रानी चौधरी, शिवानी चौधरी, आयुषी चौधरी, सुनीता चौधरी, मोनिका गर्ग, चौधरी नीलम प्रधान, रजनी आर्य, आरुषि तोमर, मानसी चौधरी, स्वाति चौधरी, रितु शर्मा, दिनेश कुमार सागर कुमारी सविता चौधरी, सुरेन्द्र सिंह, ऋषि पाल सिंह, विजय, राजेश कुमार, प्रेमपाल सिंह, नरेश कुमार जग औतार आदि मौजूद रहे।

## सार संक्षेप

### शिकारी कुत्तों के हमले में नीलगाय जख्मी

**शाहबाद।** सोमवार को शाहबाद के राणा शुगर मिल के पास शिकारी कुत्तों ने नीलगाय पर हमला कर घायल कर दिया, सूचना पर मौके पर पहुंचे गौ रक्षा सेवा समिति के पदाधिकारियों ने घायल नीलगाय को वन विभाग को सौंप दिया। मिली जानकारी के अनुसार घायल नीलगाय का उपचार किया जा रहा था। इस मौके पर युवा जिला अध्यक्ष सुंदर लाल, पंकज यादव समेत कई पदाधिकारी मौजूद रहे।


घायल नीलगाय को वन विभाग को सौंपते गौ रक्षा सेवा समिति के सदस्य।

### जिप सदस्य ने ज्वेलरी की दुकान का किया उद्घाटन

**शाहबाद।** तहसील क्षेत्र के बड़ागांव चौराहा स्थित ज्वेलरी शॉप का उद्घाटन जिला पंचायत सदस्य नुसरत बेग द्वारा फीता काटकर किया गया। उद्घाटन समारोह में क्षेत्र के अनेकों संभ्रांत लोग मौजूद रहे। उचित दरों पर ज्वेलरी उपलब्ध कराने का विश्वास दिलाने वाले ज्वेलरी शॉप के प्रोपराइटर ने अपने ग्राहकों को उत्तम सेवा देने का वायदा भी किया। इस अवसर पर उपस्थित सभी लोगों को मिष्ठान वितरण भी किया गया।मौजूद रहने वालों में जिला पंचायत सदस्य नुसरत बेग,धर्मवीर, शकील बेग, नासिर बेग, अय्यूब हुसैन, अनवार हुसैन, मेक सिंह, भूप सिंह, सईद आदि रहे।


ज्वेलरी शॉप का फीता काटकर उद्घाटन करते जिला पंचायत सदस्य।

### रामपुर-शाहबाद स्टेट हाइवे के अधूरे काम को पूरा कराएं: काशीराम दिवाकर

**शाहबाद।** रामपुर-शाहबाद स्टेट हाइवे पर चल रहे सड़क निर्माण कार्य के अधूरा छोड़ दिए जाने से राहगीरों की मुश्किलें लगातार बढ़ती जा रही हैं। सड़क निर्माण के दौरान बनाई गई करीब बीस पुलिया के आसपास बड़े-बड़े गड्ढे हो जाने से दुर्घटना का खतरा मंडरा रहा है। इस गंभीर समस्या को लेकर पूर्व विधायक काशीराम दिवाकर ने जिलाधिकारी रामपुर को पत्र भेजकर शीघ्र समाधान की मांग की है। पूर्व विधायक ने अपने पत्र में बताया कि रामपुर-शाहबाद रोड का निर्माण कार्य शुरू किया गया था, लेकिन बीच में ही कार्य बंद कर दिया गया। सड़क पर जगह-जगह पुलियों का निर्माण तो कर दिया गया, लेकिन उनके आसपास की सड़क अधूरी छोड़ दी गई। इससे करीब बीस स्थानों पर गहरे गड्ढे बन गए हैं, जिनसे आए दिन हादसे की आशंका बनी हुई है। उन्होंने कहा कि इस मार्ग से प्रतिदिन हजारों लोग गुजरते हैं। गड्ढों के कारण वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। खासकर रात के समय और बारिश के दौरान स्थिति और भी खतरनाक हो जाती है। कई बार वाहन चालक अचानक गड्ढों में फंस जाते हैं, जिससे दुर्घटनाएं होने का खतरा बना रहता है। पूर्व विधायक काशीराम दिवाकर ने जिलाधिकारी से मांग करते हुए कहा कि जनहित को देखते हुए तत्काल सड़क निर्माण कार्य शुरू कराया जाए और अधूरी पुलियों के आसपास की सड़क को दुरुस्त कर पूरे मार्ग को गड्ढा मुक्त बनाया जाए, ताकि लोगों को सुरक्षित आवागमन की सुविधा मिल सके।क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि लंबे समय से निर्माण कार्य बंद पड़ा है, जिससे आम जनता में नाराजगी है। लोगों ने प्रशासन से जल्द कार्रवाई कर सड़क को सुरक्षित बनाने की मांग की है।

# एफसीआई की धीमी गति पर जताई नाराजगी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद के सभी संस्था प्रभारियों एवं डिपो प्रभारियों के साथ गेहूं खरीद की प्रगति के संबंध में बैठक आयोजित की गई। बैठक में गेहूं खरीद, उठान एवं भण्डारण व्यवस्था की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

जिलाधिकारी ने गेहूं क्रय केन्द्रों एवं मंडियों से गेहूं उठान की कार्य गति धीमी होने पर एफसीआई प्रभारी से नाराजगी व्यक्त की। बरसात के मौसम को दृष्टिगत


बैठक में अधिकारियों को संबोधित करतेडीएम। -जागरण मोर्चा

रखते हुए अधिक से अधिक डिलीवरी डिपो में कराने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि डिलीवरी के समय किसी प्रकार की समस्या नहीं आनी चाहिए तथा लेबर की पर्याप्त उपलब्धता तय करते हुए गाड़ियों की प्राथमिकता के आधार पर अनलोडिंग कराई जाए, जिससे गेहूं डिलीवरी का कार्य सुगमता से संपन्न हो सके और गेहूं केंद्रों पर अनावश्यक डम्पिंग न होने पाए।जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि गेहूं खरीद एवं उठान कार्य में तेजी लाई जाए तथा किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए। वर्तमान में जनपद में कार्यरत एजेंसियां के सापेक्ष खाद्य विभाग, यूपीएसएसद्वारा अपने लक्ष्य के सापेक्ष लगभग 60=60 प्रतिशत गेहूं खरीद की जा चुकी है। अभी तक जनपद में निर्धारित लक्ष्य 43500 मीट्रिक के सापेक्ष 18170.0 मीट्रिक खरीद की जा चुकी है। जिला खाद्य एवं विपणन अधिकारी प्रिंस चौधरी ने बताया कि जनपद में अब तक 42 प्रतिशत गेहूं किसानों से उठान किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि जनपद में पर्याप्त मात्रा में बारदाने की रैक प्राप्त हो चुकी है तथा बारदाने की कोई समस्या नहीं है।

### शिक्षकों ने समस्याओं को लेकर बीएसए को सौंपा ज्ञापन

**रामपुर।** उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाई स्कूल पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष डॉ राजवीर सिंह ने बेसिक शिक्षा अधिकारी कल्पना देवी को ज्ञापन सौंपा। जिसमें कहा कि वर्तमान में गतिमान समायोजन प्रक्रिया में प्राथमिक विद्यालयों के कार्यरत प्रधानाध्यापक सरप्लस की सूची में हैं जबकि उनके विद्यालय में आरटीई के तहत सहायक अध्यापक की आवश्यकता है। वर्ष 2015 में विज्ञान,गणित विषय के शिक्षकों को प्राथमिक विद्यालयों में प्रधानाध्यापक बनाया गया था जबकि उसी वर्ष उच्च प्राथमिक विद्यालयों में विज्ञान,गणित विषय के शिक्षकों की सीधी भर्ती से नियुक्ति हुई थी। ऐसे में जनपद के 150 छात्र संख्या वाले अधिकतर प्राथमिक विद्यालयों में प्रधानाध्यापक नियुक्त हैं।उच्च प्राथमिक विद्यालयों में विज्ञान,गणित शिक्षक नियुक्त हैं।जनपद के जिन प्राथमिक विद्यालयों में छात्र संख्या 100 से अधिक है उन प्रधानाध्यापकों का समायोजन न किया जाए। तथा समायोजन में दिव्यांग तथा महिला शिक्षिकाओं से खुली काउंसलिंग के माध्यम से विद्यालय आवंटित किए जाएं।इस मौके पर रवि कुमार, हिमेंद्र, तहसीन आलम, संगीता शर्मा, सर्वजीत सिंह, ओमपाल,अक विंदर कौर, हरपाल सिंह,विनय कुमार,संजय,मुस्तफा,सरदीप गौतम आदि उपस्थित रहे।


डॉ. राजवीर सिंह


डॉ .अंजुम स्नेही

# ग्राम प्रधानों ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन खंड विकास अधिकारी को सौंपा

- ग्राम प्रधानों का कार्यकाल बढ़ाये जाने की रखी मांग

जागरण मोर्चा कार्यालय

**स्वार।** ग्राम प्रधानों का कार्यकाल बढ़ाने की मांग को लेकर ग्राम प्रधानों ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन खंड विकास अधिकारी को सौंपा। जिसमें प्रधानों का कार्यकाल बढ़ाएं जाने की मांग रखी गई है।

सोमवार को तहसील स्वार क्षेत्र के ग्राम प्रधान अखिल भारतीय प्रधान संगठन के अध्यक्ष मलकीत सिंह के नेतृत्व में खंड विकास सभागार में एकत्रित हुए।उन्होंने बैठक कर अपनी विभिन्न मांगों को लेकर विचार विमर्श किया ।जिसके बाद खंड विकास कार्यालय पहुंचकर मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन खंड विकास अधिकारी ऋषि पाल को सौंपा। जिसमें ग्राम प्रधानों ने मांग करते हुए कहा कि पंचायतों में विकास कार्य लगातार चल रहे हैं, ऐसे में उनका कार्यकाल बढ़ाया जाना


खंड विकास अधिकारी को ज्ञापन सौपते ग्राम प्रधान। -जागरण मोर्चा

चाहिए ताकि अधूरे विकास कार्यों को पूरा कराया जा सके।ग्राम प्रधानों का कहना है कि कोरोना काल और अन्य प्रशासनिक कारणों की वजह से कई योजनाएं प्रभावित हुई थीं, जिसके चलते गांवों में विकास कार्य पूरी तरह से नहीं हो पाए। प्रधानों ने सरकार से मांग करते हुए कहा कि जनहित को देखते हुए ग्राम पंचायतों का कार्यकाल बढ़ाया जाए।ज्ञापन सौंपने के बाद प्रधानों ने उम्मीद जताई कि सरकार उनकी मांगों पर गंभीरता से विचार करेगी। इस दौरान प्रधान संगठन के अध्यक्ष मलकीत सिंह, महासचिव इमरान अली, ब्लॉक अध्यक्ष नथाराम कंबोज, ग्राम प्रधान चंचल , साजिद, आरिफ, खुर्शीद, इकबाल, इरफान , दिलदार, धर्मपाल, अनवर अली, अब्दुल करीम, अली अहमद , आरिफ, बाबू खान, अब्दुल हसन, तौफीक अहमद, प्रमोद कुमार, बाबू खान छतरपुर, भजन सिंह, महिपाल सिंह, प्रेमपाल सैनी, राजेश मौर्य, विकास, सगीर अहमद, सतीश, शब्बीर अहमद, इनकारअली, हरिओम, सुरेश चंद, सुलेमान, शाहिद भारी संख्या में ग्राम प्रधान मौजूद रहे।

### ससुराल में युवक ने खाया जहरीला पदार्थ, उपचार के दौरान मौत

**शाहबाद।** मुरादाबाद के थाना कटघर के मोहल्ला बरवालान निवासी नंदकिशोर(30) का विवाह लगभग आठ वर्ष पूर्व शाहबाद के बजरंग चौक स्थित बरवालान के रहने वाले बाबूराम की बेटी पूजा के साथ हुआ था। शादी के कुछ वर्षों बाद ही दोनों में कुछ अनबन हो गई और पूजा अपने 7 वर्षीय बेटे को लेकर मायके रहने लगी। सोमवार की सुबह नंदकिशोर अपनी ससुराल शाहबाद आए हुए थे, और उन्होंने ससुराल में विषैला पदार्थ खा लिया, युवक को खून की उल्टियां होती देख एंबुलेंस को सूचना दी गई। जहां चिकित्सकों ने नंदकिशोर की हालत को गंभीर देखते हुए तुरंत जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया। नंदकिशोर ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया।पुलिस ने नंदकिशोर के शव को पोस्टमार्टम के लिए ले गई। खबर लिखे जाने तक नंदकिशोर के परिजन भी जिला रामपुर पोस्टमार्टम हाउस पहुंच चुके थे। कोतवाल प्रदीप कुमार ने बताया कि अभी किसी ने कोई तहरीर नहीं दी है, शव का पंचायतनामा भरकर जिला अस्पताल भेज दिया है।

**महोत्सव** अपने अपने मोहल्ले मे प्रभात फेरी निकलवाने के लिए आगे आये लोग

# घर से पुष्प वर्षा के लिए निकले लोग, जगह-जगह प्रभात फेरी का किया स्वागत

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** अधिक मास के पावन अवसर पर आगामी श्रीनाथ जी रसकथा महोत्सव के निमंत्रण स्वरूप शहर में प्रतिदिन प्रभात फेरी निकाली जा रही है। गौ सेवा परिवार एवं समस्त क्षेत्रवासियों के सहयोग से आयोजित इस प्रभात फेरी में श्रद्धालुओं का उत्साह लगातार बढ़ता जा रहा है।

सोमवार प्रातः 6:30 बजे निकली प्रभात फेरी का विभिन्न मोहल्लों एवं गलियों में श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। कई स्थानों पर महिलाओं, युवाओं एवं बुजुर्गों ने आरती उतारकर प्रभात फेरी का अभिनंदन किया। घर-घर जाकर श्रद्धालुओं को 18 से 21 जुलाई 2026 तक होने वाले श्रीनाथ जी रस कथा


प्रभात फेरी में शामिल भक्त। -जागरण मोर्चा

महोत्सव का निमंत्रण दिया जा रहा है। प्रभात फेरी सनातन इंटर कॉलेज से प्रारंभ होकर विभिन्न मार्गों एवं गलियों से होती हुई श्री जगन्नाथ जी मंदिर नवीन मार्केट पर संपन्न हुई। यात्रा के दौरान श्रीनाथ जी के जयकारों एवं भजनों से पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा। विशेष बात यह रही कि शहर के विभिन्न मोहल्लों के लोग स्वयं आगे आकर अपने क्षेत्र में भी प्रभात फेरी निकलवाने का आग्रह कर रहे हैं। श्रद्धालुओं में प्रभात फेरी को लेकर विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है तथा लोग अपने घरों से बाहर निकलकर यात्रा में सम्मिलित हो रहे हैं।आयोजकों ने बताया कि अधिक मास भर प्रतिदिन प्रभात फेरी के माध्यम से शहर की हर गली एवं प्रत्येक घर तक श्रीनाथ जी रस कथा महोत्सव का निमंत्रण पहुंचाया जाएगा, जिससे अधिक से अधिक लोग इस धार्मिक आयोजन से जुड़ सकें।

### यह लोग रहे मौजूद

प्रभात फेरी मे कोमल मित्तल, अनीता, मुस्कान, पल्लवी, किशोरी, राधिका, अंजू अग्रवाल, गीता गुप्ता, ज्योति गुप्ता, अंतरा, अनीता वैश्य, पुष्कर, राघव, शुभम, आशीष, साहिल, पंकज रस्तोगी , अंकुर, नरेश रस्तोगी आदि लोग सम्मिलित रहे।



## एक नजर

### आपत्तिजनक पोस्ट डालने के आरोपी को किया गिरफ्तार

**रामपुर।** शाहबाद पुलिस ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर धार्मिक भावनाओं को आहत करने वाली आपत्तिजनक पोस्ट डालने के अजीत पुत्र रामबीर निवासी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने कार्रवाई कर आरोपी के खिलाफ कोर्ट में पेश कर दिया है।



# वीआईपी फ्लीट छोड़ पैदल ही दफ्तर पहुंचे डीएम, पेश की नई नजीर

- अधिकारियों व कर्मचारियों को अनावश्यक सरकारी वाहनों के उपयोग से बचने की दी सख्त हिदायत

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** प्रधानमंत्री के ईंधन संरक्षण और पर्यावरण सुरक्षा के विशेष आह्वान तथा मुख्यमंत्री द्वारा सरकारी काफिलों में कमी लाने के निर्देशों का सीधा असर रामपुर में देखने को मिला। जिले के जिलाधिकारी श्री अजय कुमार द्विवेदी ने वीआईपी कल्चर को किनारे रखते हुए एक नई नजीर पेश की है। वह अपने सरकारी आवास से कलेक्ट्रेट स्थित कार्यालय तक बिना किसी काफिले के पैदल ही चलकर पहुंचे। डीएम का यह कदम सिर्फ ईंधन बचाने की एक सामान्य कवायद नहीं है, बल्कि आम जनमानस से लेकर पूरे प्रशासनिक अमले को ऊर्जा संरक्षण, पर्यावरण संतुलन और संसाधनों के संयमित उपयोग के प्रति जागरूक करने का एक बेहद सशक्त संदेश है।पैदल ही कलेक्ट्रेट पहुंचकर जिलाधिकारी ने अपने अधीनस्थों को स्पष्ट संदेश दिया है। उन्होंने जनपद के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों से अपेक्षा की है कि वे शासन की मंशा के अनुरूप कार्य करें। डीएम ने निर्देश दिए हैं कि सरकारी वाहनों का उपयोग केवल अत्यंत आवश्यक परिस्थितियों में ही सुनिश्चित किया जाए। इसके साथ ही दैनिक शासकीय कार्यों में भी ईंधन की बचत और पर्यावरण संरक्षण से जुड़े सकारात्मक व्यवहारों को प्राथमिकता दी जानी चाहिए, ताकि संसाधनों का दुरुपयोग रोका जा सके।



आवास से आफिस पैदल जाते डीएम एवं पीछे चलते पुलिस कर्मी। -जागरण मोर्चा



### जनता की सहभागिता से साकार होगी परिकल्पना

प्रदूषण नियंत्रण और पर्यावरण संतुलन को एक सामूहिक जिम्मेदारी बताते हुए जिलाधिकारी ने रामपुर के नागरिकों से भी सीधे तौर पर जुड़ने की अपील की है। उनका कहना है कि इस पुनीत कार्य में प्रत्येक नागरिक की सहभागिता अत्यंत आवश्यक है। यदि जिले के सभी लोग संसाधनों के प्रति जिम्मेदार बनें और छोटे-छोटे पर्यावरण-अनुकूल प्रयासों को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बना लें, तो ऊर्जा संरक्षण के साथ-साथ एक स्वच्छ, हरित और स्वस्थ जनपद की परिकल्पना को पूरी तरह से साकार किया जा सकता है।

# मेडिकल कॉलेज की स्थापना को लेकर युवा नेता ने पदाधिकारियों के साथ सीएमओ को सौंपा ज्ञापन

## उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल लगातार उठा रहा मांग, नहीं हो रही सुनवाई

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** सोमवार को उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के युवा नेता पदाधिकारियों के साथ सीएमओ आफिस पहुंचे। उसके बाद मेडिकल कॉलेज की स्थापना को लेकर ज्ञापन सौंपा। व्यापारी कई सालों से इस मुददे को गंभीरता से उठा रहे हैं लेकिन उनकी सुनवाई पूरी नहीं हो रही है।

उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के कार्यालय तिलक नगर कॉलोनी व्यापारी एकत्रित हुए। उसके बाद एक प्रतिनिधि मंडल मुख्य चिकित्सा अधिकारी दीपा सिंह से मिला। इस अवसर पर व्यापार मंडल के युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश अग्रवाल ने कहा कि व्यापार मंडल के द्वारा लगातार किए गए अनुरोध के बाद भी मेडिकल कॉलेज की शीघ्र शुरू कराने के संबंध में कई बार ज्ञापन दिया जा चुका है। जिसके बाद 28 मार्च 2026 को मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने जिलाधिकारी कार्यालय को भूमि अधिग्रहण कार्रवाई के लिए पत्र जारी किया था।ताकि जिला चिकित्सालय में 600 बेड का मेडिकल कॉलेज की शुरुआत हो सके। क्योंकि इसे शुरू न होने से प्रत्येक वर्ष लगभग 20 हजार मृत्यु हो रही है। हजारों मरीज जिला चिकित्सालय से रेफर होने के पश्चात बाहर निकलते ही दम तोड़ देते हैं क्योंकि जनपद के जिला चिकित्सालय में विभिन्न रोगोके डॉक्टर जैसे हार्ट, ब्रेन, लिवर ,किडनी, जनरल फिजिशियन आदि न होने के कारण जनता बुरी तरह से तड़प रही है। अलीगंज बेनजीर गाटा संख्या 476, 481, 482 ,483 व 122 जो की बाग गुलजार ग्राम जगतपुर में स्थित है इस जमीन को मेडिकल कॉलेज की स्थापना के लिए चिन्हित किया गया जो की जमीन उधान विभाग की है। इस पर 7 दिसंबर 2021 को सारी रिपोर्ट तैयार कर ली गई। उसके बाद सारी रिपोर्ट तैयार करके 15 दिसंबर 2021 को मुख्य चिकित्सा अधीक्षक को मेडिकल कॉलेज की स्थापना के संबंध में निर्माण के लिए भूमि उपलब्ध के लिए एक पत्र जारी किया गया। उसके बाद 14 दिसंबर 2021 को जिलाधिकारी कार्यालय में रिपोर्ट सौंप दी।

22 दिसंबर 2021 को निदेशक उद्यान एवं खाद्य प्र संस्करण उत्तर प्रदेश टू सप्रू मार्ग लखनऊ को एक लेटर उद्यान विभाग की भूमि स्थानांतरण मेडिकल कॉलेज के लिए करने के लिए पत्र लिखा गया लेकिन आज तक उस पत्र का उद्यान विभाग की तरफ से कोई भी जवाब नहीं आया है उसके पश्चात जनपद रामपुर में इन्वेस्टर की टीम सर्वे करने के लिए आई इसकी जानकारी भी प्राप्त की गई लगभग मेडिकल कॉलेज को सरकार की तरफ से मंजूरी की स्थिति पर है।इस संबंध में मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय से एक लेटर 28 मार्च 2021 को जिलाधिकारी के कार्यालय को मंजूरी के लिए पुनः लिखा गया है। राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप अग्रवाल सोनी का कहना है कि जल्दी में मेडिकल कॉलेज शुरू कर दिया जाएगा। इस अवसर पर प्रदेश मंत्री पप्पू खान, राष्ट्रीय संरक्षक शाहिद मामू, नूर मोहम्मद ,पप्पू एमपी ,मिलन सक्सेना, गोपाल शर्मा, मिलन, परवेज खान ,बाबू खान, नासिर लाला, कन्हैयालाल पटवा, शरीफ अहमद,राहुल सैनी, हंसराज अरोरा, कमल आदि सैकड़ों की संख्या में पदाधिकारी व व्यापारी उपस्थित रहे।



सीएमओं को ज्ञापन सौपते व्यापारी। -जागरण मोर्चा

### बापू माल और मेडिकल कॉलेज की उठाई जा रही मांग

रामपुर। उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप सोनी अपने पदाधिकारियों के साथ मिलकर कई सालों से बापू माल चालू कराने और मेडिकल कॉलेज बनवाने को लेकर अधिकारियों के चक्कर काट रहे हैं। इस बारें में कई बार उच्च अधिकारियों को अवगत कराया जा चुका है लेकिन उसके बाद भी स्थिति जस की तस बनी हुई है। व्यापारी समाज को कोई भी अधिकारी गंभीरता से नही ले रहा है।

# कार्यकाल बढ़ाने के लिए प्रधानों ने सीएम को ज्ञापन भेजा

- पूर्व में प्रशासक नियुक्ति किए जाने की व्यवस्था सफल नहीं रही

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** राष्ट्रीय पंचायतीराज ग्राम प्रधान संगठन ने जिला प्रवक्ता काशिफ खां और ब्लॉक अध्यक्ष मनीष लोधी के नेतृत्व में खंड विकास अधिकारी चमरौआ प्रमोद कुमार को मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा, जिसमें प्रधानों का कार्यकाल बढ़ाए जाने की मांग की गई है।

ज्ञापन में कहा गया है कि उत्तर प्रदेश में पंचायत चुनाव समय पर नहीं हो सके, जिसको लेकर प्रदेश के सभी ग्राम प्रधान चिंतित हैं। वर्तमान ग्राम प्रधान लोकतांत्रितक प्रक्रिया के तहत निर्वाचित हुए हैं और ग्राम पंचायत के विकास को गति देने में लगातार सक्रिय हैं। वर्तमान प्रधान अपनी अपनी ग्राम पंचायतों में जनता से जुड़ी समस्याओं से भी परिचित हैं। प्रधान विकास कराने व समस्याओं के निस्तारण कार्य का भी अनुभव रखते हैं। इन परिस्थितियों में प्रधानों का कार्यकाल समाप्त होने पर ग्राम पंचायतों में प्रशासकों की नियुक्ति के बजाय वर्तमान ग्राम प्रधानों का ही कार्यकाल आगे बढ़ाया जाना चाहिए। पूर्व में प्रशासक नियुक्ति किए जाने की व्यवस्था सफल नहीं रही है। ग्राम प्रधान ही पूरी तरह से अपने कर्तव्यों के प्रति ईमानदार और जवाबदेह हैं। इसलिए मौजूदा प्रधानों का ही कार्यकाल बढ़ाया जाना उचित रहेगा। ज्ञापन में मांग की गई है कि राज्य सरकार सकारात्मक निर्णय लेते हुए ग्राम प्रधानों का कार्यकाल बढ़ाए।ज्ञापन पर भूकन लाल लोधी, नईम अहमद, अजय कुमार कश्यप, उमेश कुमार सिंह, मोहनलाल, लईक अहमद, मुज़फ्फर, आयशा बेगम, नीरज देवी, रीना, महसर जहां, सलमा, रामकली, गुलफशा, जयप्रकाश, सरवती, सर्वेश, राजेंद्री, आफरीन, विनोद कुमार, राम रतन सिंह आदि मौजूद रहे।



बीडीओ चमरौआ को ज्ञापन देते ग्राम प्रधान। -जागरण मोर्चा

# बीईओ ने दो शिक्षकों को नोटिस जारी कर मांगा स्पष्टीकरण

- स्पष्टीकरण ना देने पर दी निलंबन की चेतावनी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**स्वार।** खंड शिक्षा अधिकारी स्वार पी एल निरंकारी ने प्राथमिक विद्यालय स्वार प्रथम के दो शिक्षकों के लगातार अनुपस्थित रहने पर कड़ा रुख अपनाया है। बीईओ कार्यालय से जारी नोटिस में दोनों शिक्षकों से दो दिन के भीतर लिखित स्पष्टीकरण मांगा गया है। संतोषजनक जवाब न मिलने पर निलंबन और वेतन बाधित करने की कार्रवाई की चेतावनी दी गई है।

कार्यालय खण्ड शिक्षा अधिकारी स्वार द्वारा जारी नोटिस के अनुसार, बीईओ ने 18 मई 2026 को प्राथमिक विद्यालय स्वार प्रथम का निरीक्षण किया था। निरीक्षण के दौरान विशेष सूत्रों से जानकारी मिली कि सहायक अध्यापक लोकेश कुमार उपाध्याय पिछले तीन दिनों से बिना किसी सूचना के विद्यालय से अनुपस्थित चल रहे हैं। वहीं, इंचार्ज प्रधानाध्यापक सुन्दर कश्यप पर उनके फर्जी हस्ताक्षर करने का आरोप लगाया गया है।नोटिस में कहा गया है कि यह कृत्य आचरण सेवा नियमावली के विरुद्ध है। गंभीर चिंता का विषय है। दोनों शिक्षकों को निर्देशित किया गया है कि वे दो दिन के भीतर साक्ष्यों सहित अपना लिखित स्पष्टीकरण बीईओ कार्यालय में प्रस्तुत करें।बीईओ ने स्पष्ट किया है कि यदि निर्धारित समय में स्पष्टीकरण प्राप्त नहीं होता है या जवाब संतोषजनक नहीं पाया जाता, तो संबंधित शिक्षकों के खिलाफ निलंबन और वेतन बाधित करने जैसी कठोर कार्रवाई के लिए उच्च अधिकारियों को संस्तुति भेजी जाएगी। मामले की सूचना जिला बेसिक शिक्षा अधिकारीको भी आवश्यक कार्रवाई के लिए प्रेषित कर दी गई है।

# विधायक ने मुख्य विकास अधिकारी को भेजा पत्र


- डॉ भीमराव अंबेडकर की मूर्तियों का सौंदर्यीकरण कराए जाने से कराया अवगत

जागरण मोर्चा कार्यालय

**स्वार।** विधायक शफीक अहमद अंसारी ने डॉ. भीमराव अंबेडकर की स्थापित मूर्तियों के सौंदर्यीकरण का मुद्दा उठाया है। मुख्य विकास अधिकारी को पत्र भेजकर स्वार टांडा क्षेत्र में स्थापित मूर्तियों का शीघ्र सौंदर्यीकरण कराए जाने से अवगत कराया गया है।

सोमवार को स्वार टांडा विधायक शफीक अहमद अंसारी मुख्य विकास अधिकारी को पत्र भेज कर अवगत कराया है कि उनकी ग्राम पंचायत कर खेड़ा , सेटाखेड़ा, ग्राम शिकार गाह, मेवला कला, लालपुर सर थल, रायपुर, गोविंदपुरा, रहमतगंज, चाऊपुरा, भूवरा, आदि ग्राम पंचायत में स्थापित डॉ. भीमराव अंबेडकर की स्थापित मूर्तियां की मरम्मत, मौसम से सुरक्षा, और उनका सौंदर्य करण कराए जाने के लिए आग्रह किया गया है।

विधायक शफीक अहमद अंसारी ने बताया कि उनकी विधानसभा क्षेत्र में स्थापित महापुरुष डॉ भीमराव अंबेडकर की मूर्ति स्थापित है। जिनकी देख-रेख ना होने के कारण उनकी दशा सही नहीं है। वर्षा का मौसम आ रहा है। जिन्हें देखते हुए मुख्य विकास अधिकारी को पत्र भेजकर शीघ्र मूर्तियों का सौंदर्यीकरण कराई जाने के लिए पत्र भेजा गया है।



खेल-कूद — विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने पूरे उत्साह और ऊर्जा के साथ भाग लिया

# प्राथमिक विद्यालय में हुआ पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन, बांटे पुरस्कार

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** बच्चों में कलात्मक क्षमता का विकास और भारतीय भाषाओं के प्रति गौरव की भावना जागृत करने के उद्देश्य से मीना मंच के तत्वावधान में सोमवार को कंपोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय अलीपुर ठेका में प्राथमिक तथा उच्च प्राथमिक स्तर पर एक पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया। यह प्रतियोगिता वर्तमान में चल रहे भारतीय भाषा ग्रीष्मकालीन शिविर 2026 के आयोजित की। जिसमें विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने पूरे उत्साह और ऊर्जा के साथ भाग लिया।

शिविर का मुख्य उद्देश्य बच्चों को रचनात्मक गतिविधियों से जोड़ना और खेल-खेल में भारतीय भाषाओं, संस्कृति और कला के प्रति जागरूक करना था। कला अभिव्यक्ति का सबसे सशक्त माध्यम है। जब कला और भाषा का मिलन होता है, तो वह संस्कृति को जीवंत कर देता है।कला के माध्यम से भाषाई विविधता का संदेश देते हुए कार्यकम नोडल प्रभारी मदन मोहन सिंह व मीना मंच की सुगमकर्ता अंशु ने बच्चों को कला के गुण व बारीकियां सिखाई। बच्चों ने कोरे कागजों पर अपनी कूची और रंगों के माध्यम से भारत की भाषाई और सांस्कृतिक वि विधता की बेहद खूबसूरत झलकियां प्रस्तुत कीं। किसी ने नमस्ते,वणक्कम और सत श्री अकाल जैसे शब्दों को सुंदर कैलीग्राफी में पिरोया, तो किसी ने मीना मंच के संदेश बेटियों को पढ़ाओ, आगे बढ़ाओ को रेखांकित किया।

निर्णायक मंडल द्वारा चित्रों का मूल्यांकन रचनात्मकता,रंगों केचयन और विषय की समझ के आधार पर हस्सान, मोईन, उजेब, जिया नूर, आकाश, मुनीबा, महेनूर, शाद, मुनीर, बुशरा, अब्दुल रहमान, अलीना नूर, नितिन राजपूत मदन मोहन सिंह अंशु राजकौर उपस्थित रहे।



प्रतियोगिता में हिस्सा लेते छात्र-छात्राएं। -जागरण मोर्चा

## सार संक्षेप



दोमहला रोड स्थित रेंस्टोरेंट का फीता काटकर उदघाटन करते समाजसेवी, सभासद।

### समाजसेवी ने किया रेस्टोरेंट का उद्घाटन

**रामपुर।** शहर में पहली बार खुल गया सीख पराठा रेस्टोरेंट अब खाने के शौकीन लोगों को मिलेगा मुंबई जैसा खाने का मजा। थाना गंज क्षेत्र के दोमहला रोड पर लाजवाब सीख पराठा रेस्टोरेंट का उद्घाटन शाम समाजसेवी मामून शाह खां, वार्ड 23 के सभासद मुराद कलीम खान द्वारा किया गया है। रेस्टोरेंट संचालक आमिर सैफी, आतिफ सैफी ने बताया कि जैसा कि मुंबई व आसपास के बड़े शहरों में सीख पराठा मशहूर है वैसे ही अब खाने के शौकीन लोगों को यही सीख पराठा सस्ते दामों में अपने शहर में मिलेगा। उन्होंने बताया कि जल्द ही ऑनलाइन डिलीवरी का काम भी शुरू किया जाएगा।



झूला झूलकर आनंद लेते बच्चे।

### समर कैंप का स्कूली बच्चे ले रहे आनंद

**रामपुर।** ग्रीनवुड सीनियर सेकेंडरी स्कूल में समर कैंप की धूम मच गई है। यह समर कैंप एक सप्ताह तक चलेगा। समर कैंप में लगभग 800 बच्चे भाग ले रहे हैं। समर कैंप सुबह 7 से 9 :30 बजे तक चल रहा है और इसमें विभिन्न प्रकार की गतिविधियां चल रही हैं। समर कैंप में घुड़सवारी, बर्मा ब्रिज, एयर राइफल शूटिंग, स्केटिंग, आर्ट एंड क्राफ्ट, मिट्टी से बर्तन और खिलौने बनाना, योगा क्लासेस, ताइक्वांडो तथा डांस क्लासेस आदि जैसी गतिविधियां जोर-शोर से चल रही हैं। कैंप में विभिन्न प्रकार के झूलों का आनंद बच्चे जमकर उठा रहे हैं। मिकी माउस पर बच्चे जमकर उछल कूद मचा रहे हैं। बच्चों में सबसे अधिक उत्साह वर्मा ब्रिज के प्रति देखा जा रहा है। जंगलों तथा खतरनाक स्थानों पर किस प्रकार यह ब्रिज सहायक होता है, इसके रोमांच का अनुभव बच्चे साक्षात कर रहे हैं। एयर राइफल शूटिंग में बच्चे निशानेबाजी के गुण सीख रहे हैं। स्केटिंग में बच्चों का उत्साह देखते ही बन रहा है। समर कैंप में संगीत तथा नृत्य का प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है, जिसमें बच्चे जमकर धमाल मचा रहे हैं। बच्चों को ताइक्वांडो के माध्यम से प्रशिक्षक की सहायता से आत्मरक्षा के गुर भी सिखाए जा रहे हैं। समर कैंप के सारे कार्यक्रम ग्रीनवुड स्कूल के डायरेक्टर शाहिद खान और ज्वाइंट डायरेक्टर समीना खान के दिशा निर्देशन में संपन्न हो रहे हैं। समर कैंप में उप प्रधानाचार्य शकील अहमद, हेड मिस्ट्रेस परवीन खान, एहतेराम अली, उबैद खान, मुर्तजा अली, विनय केवट,मोहम्मद सादिक, फिरोज़ हैदर, शादाब खान, मुदित शर्मा, तुषार अग्रवाल सहित समस्त स्टाफ सक्रिय योगदान दे रहा है।

### एसपी को पत्र देकर कार्रवाई की मांग

**रामपुर।** गंज थाना क्षेत्र के गाँव सैजनी नानकार निवासी मुनव्वर अली का कहना है कि उनका कैंटर 24 अप्रैल को सामाजिक वानिकी प्रभाग अमेठी वन विभाग से गौरीगंज लखनऊ मुरादाबाद होते हुए रामनगर मुरथल हरियाणा में 30 अप्रैल को पहुंचनी थी। लेकिन इस वाहन को बाईपास कर्मचारियों ने रोक लिया था। उसके बाद वाहन चेक करने के बाद छोड़ दिया था। लेकिन बाद में वन विभाग के कर्मचारियों ने वाहन को पकड़ लिया। उसके बाद चौकी में लाकर खड़ा कर दिया। आरोप है कि कर्मचारियों ने वाहन को छोड़ने के नाम पर पांच लाख रुपये मांगे। जहां पीड़ित ने इंकार कर दिया। उसके बाद जब पीड़ित 14 मई को किसी काम से कोर्ट गया था। वहां से वापस आते समय रास्ते में कुछ लोगों ने उसको रोक लिया। उसके बाद तमंचा टेककर उससे 3 लाख 60 हजार रुपये लूट लिए। इस मामले में उच्च अधिकारियों से शिकायत की थी,लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हो सकी। पीड़ित ने एसपी को पत्र देकर कार्रवाई की मांग कर है।

### भाकियू अंबावता के पदाधिकारियों की पंचायत में गूंजे कई मुद्दे

**शाहबाद।** भारतीय किसान यूनियन अंबावता के पदाधिकारियों ने तहसील शाहाबाद के परोता गांव में पंचायत की गई। पंचायत में किसानों से जुड़े कई मुद्दों पर चर्चा की गई। पंचायत में किसानों ने कहा कि जनपद रामपुर के सभी किसानों पर 500 करोड़ रुपए का कृषि लोन है, उस कर्ज को माफ किया जाए। साथ ही साथ तहसील शाहबाद के किसान गरीब मजदूरों के लिए ग्राम भगवतीपुर में सरकार के द्वारा श्रेणी दो व तीन सिंचाई के लिए जमीन उपलब्ध कराई गई थी उसे जमीन को जोत कर किसान अपना जीवन यापन कर रहे हैं मगर तहसील प्रशासन में लेखपाल की मिलीभगत से उन किसानों की जमीन को छीनकर भू माफियाओं को देना चाहते हैं इस पर रोक लगाई जाए। इस मौके पर वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष आकिल खान क्षेत्रीय अध्यक्ष शकील अहमद साजिद खान हरकिशोर महेंद्र कुमार प्रदीप कुमार श्यामलाल तहसील अध्यक्ष अकरम खान सोमवीर यादव सलमान खान राजीव कुमार ओमवीर निजाकत अली फखरुद्दीन ठेकेदार रमेश मौर्य मुंशी मौर्य सरताज खान विद्या रामपाल नेपाल सिंह किशन हरवीर यादव सुमित कुमार प्रदीप शर्मा बादाम शाह डॉक्टर रेहान आदि रहे।

# 2026-27 का आय-व्यय बजट मात्र 15 मिनट में पास

## सभासदों ने बोर्ड बैठक में उठाई पेयजलापूर्ति को लेकर आवाज

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** नगर पालिका परिषद में वर्ष 2026-27 को आय एवं व्याय के बजट को बोर्ड बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें नगर पालिका अध्यक्ष व अधिशासी अधिकारी के साथ सभी वार्डों के सभासद व नामित सभासद मौजूद रही। बैठक आरंभ होने पर मात्र 15 मिनट में एक अरब 12 करोड़ 42 लाख 64 हजार रुपये अनुमानित आय व एक अरब 11 करोड़ 32 लाख 64 हजार रुपये अनुमानित व्यय का बजट पारित हो गया।

सोमवार को नगर पालिका के स्वास्थ्य विभाग में वर्ष 2026-27 के लिए बजट को लेकर बोर्ड बैठक रखी गई थी। जिसमें आय एवं व्याय का अनुमानित आय व व्यय का बजट पारित होना था। बोर्ड बैठक में नगर पालिकाध्यक्ष लता वार्ष्णेय व अधिशासी अधिकारी धर्मराज राम व वार्डों के सभासद सहित नामित सभासद शामिल हुए। दोपहर 12 बजे बोर्ड बैठक आरंभ हो गई। जिसमें सभासदों द्वारा पेयजलापूर्ति को लेकर अधिशासी अधिकारी से शिकायतें करनी शुरू कर दी। कहा कि पेयजल पाइप में जगह-जगह लीकेज की समस्या होने से नागरिकों तक पेयजल नहीं पहुंच पा रहा है। जिससे भीषण गर्मी में पेयजल की किल्लत बनी होने से परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ईओ ने कहा कि पहले नगर पालिका एक फर्म से लीकेज आदि का कार्य कराती थी। अब तीन फार्मों से कार्य कराया जाएगा। ताकि पेयजल पाइप में आने वाली लीकेज सहित अन्य समस्याओं का शीघ्र समाधान हो सके और आमजन तक पेयजलापूर्ति समय से पहुंच सके। इसके बाद 12.45 बजे बोर्ड बैठक में वर्ष 2026-27 के बजट को लेकर चर्चा हुई। जिसमें मात्र 15 मिनट में ही क अरब 12 करोड़ 42 लाख 64 हजार रुपये अनुमानित आय व एक अरब 11 करोड़ 32 लाख 64 हजार रुपये अनुमानित व्यय का बजट पारित हो गया। इस पर कुछ सभासदों ने आपत्ति पर भी उठाई। मगर अधिकांश सभासद बजट पारित होने से सहमत नजर आने पर आपत्ति उठाने वाले सभासद भी चुप हो गए। इस अवसर पर सभासदों ने तरुण कुमार नीरज, नवकांत शर्मा, अनुराग गर्ग, ममता देवी, मेघा, जाकिर सलमानी, अमन कोली, शिव कुमार, उर्मिला कनौजिया, निदा कदीर, कोमल रानी, सचिन रस्तोगी, लोकेश मौर्य, निशांत शर्मा, रियाज अहमद, शहबाज खान अन्ना, शचींद्र यादव, कपिल कुमार मोनू, सुलेखा, नामित सभासदों में बाबू लाल एडवोकेट, रोहित दिवाकर, संजय बंसल, उमा श्रीवास्तव, विक्की प्रजापति आदि शामिल रहे।


बोर्ड बैठक में ईओ से नोक झोंक करते सभासद।



## बोर्ड बैठक में ई-रिक्शा से पहुंची पालिकाध्यक्ष व महिला सभासद

**चन्दौसी।** पश्चिमी एशिया में बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव व वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं के कारण देश के विदेश मुद्रा भंडार और अर्थ व्यवस्था को बचाने के लिए प्रधानमंत्री ने जनप्रतिनिधियों व जनता से पेट्रोल-डीजल की खपत कम करने की अपील की है। सोमवार को नगर पालिका की बजट को लेकर संपन्न हुई बोर्ड बैठक में पालिकाध्यक्ष एक महिला सभासद के साथ ई-रिक्शा से नगर पालिका कार्यालय पहुंची। प्रधानमंत्री की अपील पर कई राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने इसका पालन करते हुए अपने काफिले छोटे किए हैं। जिसमें कहा कि वर्क फ्रॉम कार्यालयों, स्कूलों और कॉलेजों से अपील की गई है कि वह स्थिति के सामान्य होने तक ऑनलाइन क्लास और वर्क फ्रॉम होम संस्कृति को अपनाएं। प्रधानमंत्री ने जनता से एक वर्ष तक अनावश्यक विदेशी यात्राएं न करने, शादियां देश में ही करने व गैर जरुरी सोना न खरीदने की भी अपील की है। पेट्रोल और ईंधन बचाने के लिए इन छोटे-छोटे प्रयासों से ही बदलाव आएगा। सोमवार को नगर पालिका के स्वास्थ्य विभाग बजट को लेकर बोर्ड बैठक संपन्न होनी थी। प्रधानमंत्री की अपील को ध्यान में रखते हुए नगर पालिकाध्यक्ष लता वार्ष्णेय एक महिला सभासद सुलेखा के साथ ई-रिक्शा में सवार होकर बोर्ड की बैठक में पहुंची।

## 20 मई को संभल में दवा दुकानें बंद

**चन्दौसी।** सरकार की नीतियों से नाराज दवा विक्रेताओं ने राष्ट्रव्यापी आह्वान पर आगामी 20 मई 2026 को एक दिवसीय हड़ताल का निर्णय लिया है। इस दौरान जनपद संभल सहित देश भर की सभी दवा दुकानें और थोक वितरण केंद्र पूरी तरह बंद रहेंगे। सोमवार को 'डिस्ट्रिक्ट सीनियर केमिस्ट ड्रगिस्ट एसोसिएशन' के पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी रेनू रानी को सौंपा।एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. अमित कुमार अग्रवाल ने बताया कि बार-बार गुहार लगाने के बाद भी दवा व्यवसाय से जुड़े गंभीर मुद्दे अनसुलझे हैं। विभिन्न प्रतिबंधों के कारण देश के 12.40 लाख केमिस्टों और इस पर निर्भर करीब 5 करोड़ कर्मचारियों की आजीविका पर संकट मंडरा रहा है। चेतावनी दी गई है कि यदि मांगें पूरी नहीं हुईं तो आंदोलन तेज किया जाएगा। ज्ञापन सौंपने वालों में अंकुर अग्रवाल, सुमित कुमार और राहुल वैद्य प्रमुख रूप से शामिल रहे।

## एक नजर

### जमीन बंटवारे में युवती को मारपीट कर किया घायल

**चन्दौसी।** कोतवाली क्षेत्र के गांव मई में जमीन बंटवारे को लेकर तहेरे भाइयों ने युवती को मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस युवती का उपचार सीएचसी में कराया है। घटना की तहरीर कोतवाली में दी गई है। कोतवाली क्षेत्र के गांव मई निवासी सलोनी पुत्री नरेश कुमार ने कोतवाली में तहरीर दी है। युवती का आरोप है कि रविवार की रात उसका अपने तहेरे भाई से जमीन बंटवारे को लेकर विवाद हो गया। कुछ देर कहासुनी के बाद भाई ने युवती को लाठी-डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। चीख-पुकार होने पर कुछ लोग मौके पर पहुंचे और युवती को बचाया। इसके बाद युवती घायल अवस्था में कोतवाली पहुंची और घटना की तहरीर दी। पुलिस ने युवती का उपचार सीएचसी में कराया। पीड़िता के बहनोई दीपक ने बताया कि सलोनी के पिता की मृत्यु पांच वर्ष पहले हो चुकी हैं। पीड़िता सात बहन बाई है, जिसमें तीन बहनों की शादी हो चुकी है। प्रभारी निरीक्षक अनुज कुमार तोमर ने बताया कि पीड़िता की ओर से तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। आरोपी के विरुद्ध शांति भंग की कार्रवाई की गई है।

### जबरन शादी का दवाव डालने पर युवक ने फांसी लगा जान देने की कोशिश की

**मिलक।** ग्राम परम में 13 मई की रात एक युवक का तमंचे के बल पर कार से अपहरण कर जबरन शादी कराने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पीड़ित पिता बाबूराम के अनुसार, उनका बेटा रवि दुकान से सामान लेकर लौट रहा था, तभी यशपाल, राकेश, राजवीर और रामसनेही ने साथियों संग उसका अपहरण कर लिया।आरोपियों ने दबंगई दिखाते हुए रवि की जबरन जयमाला करवा दी। शादी के इस भारी मानसिक दबाव और तनाव के कारण सोमवार सुबह रवि ने फांसी लगाकर आत्महत्या का प्रयास किया। गंभीर हालत में उसे मिलक के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पिता ने आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग करते हुए पुलिस को तहरीर दी है, जिसके बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

# सीकरी गेट में दोबारा जलभराव से फूटा लोगों का गुस्सा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** नगर के सीकरी गेट स्थित सलीम की पुलिया के पास पिछले तीन महीनों से हो रहे जलभराव की समस्या ने एक बार फिर विकराल रूप ले लिया है। लगातार तीन दिनों से क्षेत्र में जलभराव होने के कारण स्थानीय नागरिकों और व्यापारियों का जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो गया है। समस्या से नाराज़ लोगों और अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारी सोमवार को काफी संख्या में नगर पालिका स्वास्थ्य विभाग पहुंच गए और वहां पर चल रही पालिका बोर्ड की बैठक के दौरान परिसर में जोरदार प्रदर्शन किया और ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई की मांग उठाई।

शोर शराबा सुनकर पालिका अध्यक्ष लता वार्ष्णेय , ईओ धर्मराज राम कर्मचारियों व सभासदों के साथ बोर्ड बैठक से मौके पर पहुंच गई। जहां प्रदर्शन कर रहे लोगों व व्यापारियों ने बताया कि क्षेत्र में चल रहे नाला निर्माण कार्य की धीमी गति और ठेकेदार की लापरवाही के कारण हालात लगातार बिगड़ते जा रहे हैं। जलभराव की वजह से कई दुकानों में पानी घुस गया है, जिससे व्यापारियों को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। कई दुकानदारों ने मजबूर होकर अपनी दुकानें बंद कर दी हैं। वहीं टूटी सड़कें और खुले मैनहोल लोगों के लिए खतरा बने हुए हैं। इस समस्या के कारण पिछले दिनों एक व्यक्ति की मौत भी हो चुकी है। इसके बावजूद निर्माण कार्य में तेजी नहीं लाई गई। इतना ही नहीं छह दिन पहले भी पानी में गिरने से एक व्यक्ति का हाथ फ्रैक्चर हो गया। स्कूली बच्चों और राहगीरों को भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।पालिका अध्यक्ष ने मामले को गंभीरता से लेते हुए मौके पर ही ठेकेदार को फोन कर तत्काल जल निकासी की व्यवस्था कराने के निर्देश दिए और जल्द समस्या के स्थायी समाधान का आश्वासन दिया। आश्वासन के बाद सभी लोग वापस चले गए। इस दौरान उमेर शमसी, अता उर्रहमान, शाह आलम मंसूरी, अतहर हुसैन, हफीजुर्रहमान, महमूद रब्बी, अशोक, जेबी, रशीद शमसी, व्यापारी मौजूद रहे।


नगरपालिका के स्वास्थ्य विभाग में प्रदर्शन करतें लोग। -जागरण मोर्चा

**नगर पालिका अध्यक्ष ने ठेकेदार को लगाई फटकार, जल्द जल निकासी का दिया आश्वासन**

## साइबर सेल ने की मदद, मिले 70 हजार

**चन्दौसी।** जनपद संभल की साइबर सेल टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए ठगी के शिकार एक आवेदक के 70 हजार रुपये वापस कराए हैं।

चन्दौसी निवासी राजा वार्ष्णेय का मोबाइल मेट्रो स्टेशन पर एक अज्ञात व्यक्ति ने घर बात करने के बहाने लिया और फरार हो गया। इसके कुछ देर बाद पीड़ित के खाते से 80 हजार रुपये निकल गए।साइबर सेल ने सूचना मिलते ही तत्परता दिखाई और ठगों के खातों में 70 हजार रुपये तत्काल होल्ड करा दिए, जो बाद में आवेदक को वापस मिल गए। साइबर सेल ने अपील की है कि किसी को अपना पिन, ओटीपी या सीवीवी साझा न करें और धोखाधड़ी होने पर तुरंत 1930 पर कॉल करें।

# नगर कार्यकारिणी की ग्रहण कराई गई शपथ

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** साक्षी सेवा समिति का नगर कार्यकारिणी शपथ ग्रहण एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलित करके किया गया। इसके उपरांत साक्षी स्टार सदस्यों द्वारा अतिथियों का पटका पहनाकर स्वागत किया। साक्षी सेवा समिति के विशिष्ट सदस्य डा. सौरभ गुप्ता द्वारा स्टार अध्यक्ष बविता बिंदल, सचिव विजयलक्ष्मी यादव, कोषाध्यक्ष दमयंती सिंह ससहित समस्त कार्यकारिणी को सदस्यों को शपथ ग्रहण कराई गई। इसके साथ ही सामाजिक कार्यों में अपना बहुमूल्य योगदान देने वाले सदस्यों का सम्मान किया गया। प्रदेश अध्यक्ष रंजना शर्मा ने बताया कि साक्षी सेवा समिति के सदस्यों द्वारा समय-समय पर सामाजिक कार्य किए जाते हैं,जैसे गो सेवा, भीषण गर्मी में शरबत वितरण, नेत्र परीक्षण, निर्धन कन्या के शिक्षा ओर विवाह में सहायता, बच्चों के मानसिक विकास के लिए विभिन्न प्रकार की कला, लेखन प्रतियोगिता आदि। सदस्यों को उनके किए गए सामाजिक कार्यों के लिए सम्मानित किया जाता है। इसी श्रृंखला में वर्ष 2025 में किए गए सेवा कार्यों के लिए बविता बिंजल, जयश्री, उर्मिला शर्मा, मनी पोरवाल, रानी शर्मा, सुनीता शर्मा, रेनू शर्मा, नीलम राय, दीपा सिंह, शिप्रा शर्मा, सफिया कादिर, राहुल मिश्रा, एकता अग्रवाल, आदि को स्मृति चिंह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विनय पाल सिंह, दीपक राठौर, संजय शर्मा, सीता अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

## एक दिवसीय रोजगार मेले 20 मई को

**चन्दौसी।** जिला सेवायोजन कार्यालय द्वारा 20 मई को नगर के बदायूं रोड स्थित राजकीय आईटीआई में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत लगने वाला यह मेला सुबह 10:30 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक चलेगा।मेले में डिक्सन टेक्नोलॉजी नोएडा और ग्रो फास्ट फर्टिलाइजर्स जैसी प्रतिष्ठित कंपनियां ट्रेनी ऑपरेटर के पदों के लिए साक्षात्कार लेंगी। इसमें 18 से 30 वर्ष के हाईस्कूल, इंटरमीडिएट, स्नातक, आईटीआई और डिप्लोमा धारक अभ्यर्थी भाग ले सकते हैं। इच्छुक युवाओं को सेवायोजन विभाग के रोजगार संगम पोर्टल (rojgarsangam.up.gov.in) पर पंजीकरण कराना अनिवार्य है।

# ब्रजेश-मृत्युंजय को मिला प्रथम स्थान



जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वैभवशाली 100 वर्ष पूर्ण होने पर शताब्दी वर्ष में विद्यार्थी विभाग द्वारा नगर के अधिकांश विद्यालयों की कक्षा 6 से 12 के विद्यार्थियों के लिए प्रथम व द्वितीय वर्गों में संघ को जानो प्रतियोगिता नगर के दो केंद्रों पर आयोजित की गई थी ।

प्रतियोगिता द्वारा समाज में राष्ट्र भावना की विचारधारा को जागृत करके ज्ञान प्रतिभाओं में राष्ट्र सेवा के कार्य को गति देना रहा। प्रतियोगिता का परिणाम द ट्यूलिप्स स्कूल' में पूज्य महापुरुषों के चित्रों के समक्ष दीप प्रज्वलन के पश्चात् परिणाम देर शाम घोषित किया गया। जिसमें प्रथम वर्ग की कक्षा 6,7 व 8 में राजेश कुमार सरस्वती मंदिर के ब्रजेश ने प्रथम, चंदौसी पब्लिक स्कूल की विष्टी गौतम ने द्वितीय तथा सरस्वती शिशु मंदिर हनुमानगढ़ी की पूर्वी सक्सेना ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। द्वितीय वर्ग की कक्षा 9 से 12 में सरस्वती शिशु मंदिर हनुमानगढ़ी के मृत्युंजय कटारिया प्रथम, डॉ. बी. आर. अंबेडकर जूनियर हाई स्कूल पथरा की उजाला द्वितीय तथा सरस्वती शिशु मंदिर हनुमानगढ़ी की संस्कृति शर्मा तृतीय स्थान पर रहीं। इसके अतिरिक्त प्रथम व द्वितीय दोनों वर्गों में 10-10 सांत्वना पुरस्कार भी प्रदान किए गए। सभी विजेताओं को संचित अग्रवाल, अनुज कुमार, नगर संध संचालक विष्णु शंकर अग्रवाल, नगर कार्यवाह उदय तिवारी, विजय, संजय, पवन कुमार, अजय, अभिनव अग्रवाल आदि ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान हनी, पर्व कुमार, सुलभ कुमार, मीरांश कुमार, चंदन कुमार, पिंटू, शौर्य कुमार, शाश्वत आदि रहे।

## लाखों का सोना व 50 हजार नकद गायब

**टांडा।** कोतवाली क्षेत्र के गांव अहमदपुर (पहाड़पुर) में शनिवार रात चोरों ने एक सूने पड़े कमरे से करीब 10 लाख रुपये के माल पर हाथ साफ कर दिया। पीड़ित नवाबजान के अनुसार, उनका परिवार दूसरे मकान में सो रहा था और बेटा अरशद मुख्य मकान के कमरे का ताला लगाना भूल गया था।चोरों ने अलमारी से 6 तोला सोना (हार, टीका, कंगन), 50 हजार रुपये नकद और दो मोबाइल चुरा लिए। बिजली आने पर अरशद ने सामान बिखरा देखा तो परिजनों को जगाया। रविवार सुबह चोरी के मोबाइल पर दामाद की कॉल आई, जिसकी रिकॉर्डिंग पुलिस को सौंपी गई है। पुलिस कॉल डिटेल्स के आधार पर जांच कर रही है।

# डीएम ने बांटे स्काउट-गाइड पुरस्कार

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** उत्तर प्रदेश भारत स्काउट एंड गाइड के राज्य पुरस्कार प्राप्त छात्र-छात्राओं ने सोमवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर जिलाधिकारी अंकित खंडेलवाल से शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान जिलाधिकारी ने लखनऊ से प्राप्त राज्य पुरस्कार के प्रमाण पत्र मेधावी बच्चों को वितरित किए।

उन्होंने सभी बच्चों का परिचय प्राप्त कर उन्हें बधाई दी और भविष्य में देश के सर्वोच्च राष्ट्रपति पुरस्कार को प्राप्त करने का लक्ष्य निर्धारित करने के लिए प्रेरित किया।जिलाधिकारी ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि समाज और राष्ट्र निर्माण में स्काउट एंड गाइड की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने जोर देकर कहा कि अनुशासन ही स्काउट्स और गाइड्स के जीवन की सबसे अमूल्य निधि है। इस अवसर पर डीएम ने पदाधिकारियों के साथ स्काउट एंड गाइड भवन निर्माण की प्रगति की समीक्षा की और जिला कार्यकारिणी की आगामी बैठक का स्थान व समय निर्धारित किया।इसके उपरांत, लखनऊ में आयोजित 'नेशनल जम्बूरी' में प्रतिभाग करने वाले बच्चों को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में एसपी कृष्ण कुमार विश्नोई द्वारा प्रमाण पत्र बांटे गए, जिन्हें पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे। कार्यक्रम में एडीएम (न्यायिक) सौरभ कुमार पांडेय, डिप्टी कलेक्टर आशुतोष तिवारी, सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त बृजेश कुमार, जिला सचिव डॉ. राजीव कुमार वार्ष्णेय, स्काउट कमिश्नर नरेंद्र कुमार और गाइड कमिश्नर संगीता भार्गव सहित अनेक विभागीय अधिकारी व पदाधिकारी मुख्य रूप से रहे।


स्काउट एंड गाइड को राज्य पुरस्कार के प्रमाण पत्र देते डीएम। -जागरण मोर्चा

# लाखों के गहने हुए चोरी नौकरानी शक के घेरे में

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला बारहसैनी में एक घर से 15 तोला सोने के आभूषण चोरी होने का सनसनीखेज मामला सामने आया है।

पीड़ित परिवार ने घर में काम करने वाली नौकरानी पर चोरी का शक जताते हुए उसे दबोचकर पुलिस के हवाले कर दिया है।प्राप्त जानकारी के अनुसार, मोहल्ला बारहसैनी निवासी अरुण अग्रवाल पुत्र अमरनाथ अग्रवाल के घर में बीती 21 अप्रैल से बदायूं जिले के फैजगंज बेहटा क्षेत्र की एक महिला घरेलू काम कर रही थी। वह चन्दौसी में ही किराए का कमरा लेकर रहती है। पीड़ित अरुण अग्रवाल ने बताया कि उक्त महिला 14 मई से बिना किसी सूचना के काम पर आना बंद कर दिया। इसके अगले दिन 15 मई को जब परिजनों ने घर में अलमारी देखी, तो उसमें रखे 15 तोला सोने के कीमती आभूषण गायब थे।परिजनों ने जब आसपास पूछताछ की, तो पता चला कि उक्त महिला के पास एक संदिग्ध युवक भी आता-जाता था। शक गहराने पर परिजनों ने रविवार देर रात महिला को ढूंढ निकाला और पकड़कर कोतवाली पुलिस को सौंप दिया। चन्दौसी के क्षेत्राधिकारी (सीओ) दीपक तिवारी ने बताया कि पीड़ित पक्ष की ओर से पुलिस को लिखित तहरीर मिल चुकी है। पुलिस हिरासत में ली गई महिला से पूछताछ कर रही है और मामले की गहन जांच के बाद दोषियों के खिलाफ सख्त विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# मेधावियों को नकद पुरस्कार देकर किया सम्मानित

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** नगर के कैथल गेट पक्का कटरा स्थित अक्रूर जी कन्या पाठशाला इंटर कालेज में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसमें उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद् की हाईस्कूल बोर्ड परीक्षा-2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली मेधावी छात्राओं सम्मानित किया गया।

जिसमें डा. श्याम गोआनी सक्सैना, डा. मोनिका राजवंश, डा. मनीष गुप्ता ने हाईस्कूल परीक्षा में विद्यालय स्तर पर सर्वश्रेष्ठ अंक हासिल करने वाली छात्राओं इशिका ने प्रथम पाने पर 5100 रुपये, द्वितीय स्थान पाने पर कोमल को 2100 रुपये, तृतीय स्थान पाने पर महक गुप्ता एवं सृष्टि को 1100, 1100 रुपये की धनराशि व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष कौशल नंदन ने छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि निरंतर प्रयास, धैर्य और आत्मविश्वास ही सफलता की वास्तविक कुंजी है। उन्होंने उन छात्राओं को भी विशेष रूप से प्रेरित किया जिन्हें उम्मीद से कम अंक मिले हैं। उन्होंने कहा कि कोई भी परीक्षा आखिरी नहीं होती, इसलिए निराश या अवसादग्रस्त होने के बजाय नई ऊर्जा और सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ें।राजीव कुमार ने मेधावियों को नियमित अध्ययन, अनुशासन और आत्मविश्वास बनाए रखने के महत्वपूर्ण सुझाव दिए। डा. श्याम गोआनी सक्सैना ने सुंदर कविता के माध्यम से छात्राओं का मनोबल बढ़ाया और स्वास्थ्यवर्द्धक टिप्स दिए। डा. मनीष गुप्ता व डा. मोनिका राजवंश ने कहा कि कठिन परिश्रम, सच्ची लगन और निरंतरता से किसी भी लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है। इस दौरान प्रधानाचार्या अंजू गुप्ता, साफिया अंजुम, डा. मानवी गुप्ता आदि मौजूद रहे।


पुरस्कार पाकर खिले चेहरों के साथ सम्मानित छात्राएं एवं अन्य। -जागरण मोर्चा

# अवैध खनन के खिलाफ कार्रवाई, 5 वाहन सीज

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** जनपद में जिलाधिकारी के निर्देशन में अवैध खनन एवं खनिजों के अवैध परिवहन के विरुद्ध लगातार सघन प्रवर्तन अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में खनन विभाग द्वारा 17 मई से 18 मई प्रभावी कार्रवाई करते हुए थाना रजपुरा क्षेत्र में अवैध रूप से खनिज परिवहन कर रहे 5 वाहनों को पकड़कर सीज किया गया।

खनन निरीक्षक शिवम कुमार ने विभाग की टीम एवं पुलिस बल के सहयोग से क्षेत्र में संदिग्ध वाहनों की सघन जांच अभियान चलाया। जांच के दौरान अवैध खनिज परिवहन में संलिप्त पाए गए वाहनों को मौके पर ही पकड़ लिया गया। संबंधित वाहनों के विरुद्ध खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम सहित अन्य सुसंगत धाराओं के अंतर्गत वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। खनन निरीक्षक शिवम कुमार ने बताया कि जिलाधिकारी के स्पष्ट निर्देशों के अनुपालन में जनपद में अवैध खनन एवं अवैध परिवहन पर प्रभावी नियंत्रण के लिए लगातार निगरानी रखी जा रही है। अभियान के दौरान विभिन्न मार्गों पर सघन चेकिंग की गई तथा अवैध गतिविधियों में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की गई। उन्होंने स्पष्ट किया है कि अवैध खनन एवं अवैध परिवहन में लिप्त व्यक्तियों के खिलाफ इसी प्रकार कार्रवाई लगातार जारी रहेगी और किसी भी स्तर पर अवैध गतिविधियों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# आधुनिक आवासीय शहरः 'सह्याद्रि पॉकेट-ए' योजना लॉन्च

## दिल्ली रोड-कांठ रोड कॉरिडोर पर 609 आवासीय भूखंड, आधुनिक सुविधाओं और हरित वातावरण के साथ विकसित होगी एमडीए की महत्वाकांक्षी टाउनशिप

जागरण मोर्चा कार्यालय

**मुरादाबाद।** मुरादाबाद विकास प्राधिकरण (एमडीए) ने शहर के सुनियोजित और आधुनिक विस्तार की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए अपनी महत्वाकांक्षी आवासीय योजना "सह्याद्रि पॉकेट-ए आवासीय योजना" का औपचारिक शुभारंभ कर दिया। मंडलायुक्त सभागार में आयोजित कार्यक्रम में मंडलायुक्त अंजनेय कुमार सिंह, जिलाधिकारी डॉ. राजेंद्र पैसिया, एमडीए उपाध्यक्ष अनुभव सिंह और अपर आयुक्त प्रथम अरुण कुमार सिंह समेत कई वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी में योजना लॉन्च की गई।

सोनकपुर क्षेत्र में विकसित की जा रही यह योजना केवल भूखंड आवंटन तक सीमित नहीं है, बल्कि इसे भविष्य की स्मार्ट और व्यवस्थित टाउनशिप के रूप में तैयार किया जा रहा है। एमडीए का दावा है कि यहां



नागरिकों को आधुनिक शहरी जीवनशैली, हरित वातावरण, मजबूत कनेक्टिविटी और उच्च स्तरीय मूलभूत सुविधाएं एक ही परिसर में उपलब्ध कराई जाएंगी। योजना को दिल्ली रोड और कांठ रोड कॉरिडोर से जोड़ा गया है, जिससे यह शहर के सबसे महत्वपूर्ण विकास क्षेत्रों में शामिल हो गई है। एमडीए अधिकारियों के अनुसार यह परियोजना मुरादाबाद के रियल एस्टेट सेक्टर, आर्थिक गतिविधियों और शहरी विस्तार को नई दिशा देने का काम करेगी।

### जिलाधिकारी बोलेः बेहतर जीवनशैली का नया विकल्प

जिलाधिकारी डॉ. राजेंद्र पैसिया ने कहा कि तेजी से बढ़ते शहरों में सुनियोजित विकास बेहद जरूरी है। सह्याद्रि योजना नागरिकों को बेहतर, सुरक्षित और आधुनिक जीवनशैली उपलब्ध कराएगी।

### आधुनिक टाउनशिप के रूप में विकसित होगी योजना

एमडीए द्वारा लॉन्च की गई सह्याद्रि पॉकेट-ए योजना को एक एकीकृत एवं भविष्य उन्मुख आवासीय टाउनशिप के रूप में विकसित किया जा रहा है। योजना का उद्देश्य केवल मकान या प्लॉट उपलब्ध कराना नहीं बल्कि नागरिकों को एक आधुनिक, सुरक्षित और संतुलित जीवनशैली देना है। योजना में चौड़ी सड़कें, हरित पट्टियां, आधुनिक ड्रेनेज सिस्टम, विद्युत और जलापूर्ति व्यवस्था, पार्क, सुरक्षित वातावरण और बेहतर यातायात सुविधा विकसित की जाएगी।

### दिल्ली रोड और कांठ रोड से शानदार कनेक्टिविटी

एमडीए के अनुसार योजना की सबसे बड़ी ताकत इसकी लोकेशन है। यह परियोजना सोनकपुर-दिल्ली रोड कॉरिडोर पर विकसित की जा रही है, जिसकी कनेक्टिविटी दिल्ली रोड और कांठ रोड दोनों से आसान होगी। आसपास उपलब्ध सुविधाएं रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, प्रमुख स्कूल व कॉलेज, विश्वविद्यालय, अस्पताल, व्यावसायिक प्रतिष्ठान, बाजार और दैनिक जरूरतों की सुविधाएं भी आसानी से मिलेंगी। एमडीए उपाध्यक्ष अनुभव सिंह का कहना है कि इस क्षेत्र का भविष्य में तेजी से विकास होने की संभावना है, जिससे निवेशकों और आम नागरिकों दोनों को लाभ मिलेगा।

### ऑनलाइन आवेदन 17 जून तक, लॉटरी से होंगे आवंटन

एमडीए उपाध्यक्ष अनुभव सिंह ने बताया कि योजना के लिए आवेदन प्रक्रिया पूरी तरह ऑनलाइन रखी है। आवेदन अवधि 18 मई 2026 से 17 जून 2026 तक निर्धारित की गई है। एमडीए ने दावा किया है कि योजना में सभी भूखंडों का आवंटन पूरी तरह पारदर्शी लॉटरी प्रणाली के जरिए किया जाएगा। लॉटरी की तारीख और संबंधित जानकारी समाचार पत्रों, वेबसाइट और नोटिस बोर्ड के माध्यम से सार्वजनिक की जाएगी। आवेदकों की सूची भी सार्वजनिक रूप से प्रदर्शित की जाएगी।

### मुरादाबाद के नियोजित विकास में मील का पत्थर साबित होगी योजना

लॉन्चिंग कार्यक्रम में मंडलायुक्त अंजनेय कुमार सिंह ने कहा कि सह्याद्रि पॉकेट-ए योजना मुरादाबाद के आधुनिक और नियोजित विकास की दिशा में बड़ा कदम है। उन्होंने कहा कि शहर को व्यवस्थित विस्तार और उच्च स्तरीय शहरी सुविधाओं की आवश्यकता है और यह परियोजना उसी दिशा में कार्य करेगी।

### एमडीए उपाध्यक्ष का दावा- भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखकर बनाई गई योजना

एमडीए उपाध्यक्ष अनुभव सिंह ने कहा कि योजना को भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है। इसमें हरित वातावरण, मजबूत इंफ्रास्ट्रक्चर और आधुनिक सुविधाओं पर विशेष फोकस रखा गया है।

# काली पट्टी बांध एनएचएम कर्मियों का विरोध

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** उत्तर प्रदेश राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संविदा कर्मचारी संघ के बैनर तले एनएचएम संविदा कर्मचारियों ने हाथ में काली पट्टी बांधकर सीएचसी गेट पर विरोध प्रदर्शन कर मार्च 2026 से लंबित मानेदय का भुगतान कराने की मांग की। 20 मई तक मानेदय नहीं मिलने पर कार्य बहिष्कार की चेतावनी दी।



हाथ में काली पट्टी बांधकर विरोध जताते एनएचएम कर्मचारी। -जागरण मोर्चा

सोमवार को नगर स्थित सीएचसी गेट पर मंडल महामंत्री डॉक्टर कादिर के नेतृत्व में संविदा कर्मचारियों द्वारा हाथ में काली पट्टी बांधकर मानदेय मिलने पर विरोध जताया।संविदा कर्मचारियों को मार्च से मानदेय अभी तक नहीं मिला है। जिससे कर्मचारियों एवं उन पर आश्रित परिजनों को आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है। कर्मचारियों ने कहा कि वर्तमान समय में विद्यालयों का नया शैक्षणिक सत्र शुरू हो चुका है। जिसके चलते कर्मचारियों को अपने बच्चों का शुल्क, पुस्तकें एवं अन्य शैक्षणिक व्यवस्थाओं के लिए पैसों की जरूरत है। कर्मचारियों ने शासन से एनएचएम संविदा कर्मचारियों का लंबित मानदेय का जल्द भुगतान कराने की मांग की। उन्होंने 20 मई तक मानदेय नहीं मिलने पर प्रांतीय कार्यकारिणी के आह्वान पर 21 मई से वेतन नहीं तो कार्य नहीं नीति अपनाएंगे। इस मौके पर डॉक्टर कादिर, डॉक्टर नवाजिश, डॉक्टर सोहेल, आशमा, ललित चौधरी, शाक़िर, शाहिल, अमरदीप, रीना यादव, शालिनी, परवीन, गुलिस्ता, स्वाति आदि कर्मचारी मौजूद रहे।

## मानदेय संकटः एनएचएम कर्मियों का प्रदर्शन

**गजरौला।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के संविदा कर्मचारियों को मार्च और अप्रैल 2026 का मानदेय न मिलने से उनके सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। सोमवार को जिलाध्यक्ष गिरीश कुमार के नेतृत्व में कर्मचारियों ने सीएचसी पर एकत्र होकर बांह पर काली पट्टी बांधकर विरोध जताया और मुख्य चिकित्साधिकारी को ज्ञापन भेजा।जिलाध्यक्ष ने कहा कि दो माह से वेतन न मिलने के कारण दैनिक आवश्यकताएं पूरी करना मुश्किल हो रहा है। कर्मचारियों ने चेतावनी दी है कि यदि 20 मई तक उनके मानदेय का भुगतान नहीं किया गया, तो वे 21 मई से पूर्ण कार्य बहिष्कार करने को विवश होंगे। इस मौके पर मनोज कुमार सैनी, मयंक वर्मा और रश्मि चौहान सहित कई कर्मचारी मौजूद रहे।

# गजरौला मार्ग पर हादसे में सफाई कर्मचारी की हुई मौत, कोहराम

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** गजरौला मार्ग पर रविवार रात अज्ञात वाहन की टक्कर से सफाईकर्मी की मौत हो गई। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है। परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

जानकारी के मुताबिक कोतवाली क्षेत्र के गांव धोरिया निवासी 35 वर्षीय विनोद पुत्र जयप्रकाश वाल्मीकि ब्रजघाट में सफाई कर्मचारी था। परिजनों के मुताबिक रविवार रात वह बाइक से घर लौट रहा था। जैसे ही उसकी बाइक कोतवाली क्षेत्र के दीपपुर गेट पर पहुंची कि अज्ञात वाहन टक्कर मारकर भाग निकला। विनोद की मौके पर मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने



परिजनों से जानकारी करती पुलिस।

शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया। खबर लगते ही परिजन मौके पर पहुंच गए। बताया जा रहा है कि विनोद पर 5 साल का एक बेटा है। उसकी पत्नी उसे करीब चार वर्ष पूर्व छोड़कर चली गई थी। हादसे में विनोद की मौत से बेटा अनाथ हो गया है। प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार तिवारी ने बताया कि हादसे में सफाई कर्मचारी की मौत हुई है। शव पोस्टमार्टम को भेजा गया है।

# विशाल मेगामार्ट की पार्किंग में भड़की आग, दो कारें जलकर खाक

जागरण मोर्चा कार्यालय

**मुरादाबाद।** कांठ रोड स्थित विशाल मेगामार्ट की पार्किंग में सोमवार को अचानक आग लगने से हड़कंप मच गया। आग ने कुछ ही देर में विकराल रूप धारण कर लिया, जिसकी चपेट में आकर पार्किंग में खड़ी दो कारें पूरी तरह जल गईं।

घटना के दौरान मौके पर मौजूद लोगों में अफरा-तफरी का माहौल बन गया और लोग जान बचाकर इधर-उधर भागने लगे। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक पार्किंग क्षेत्र से अचानक धुआं उठता दिखाई दिया, जिसके बाद आग तेजी से फैल गई। लोगों ने तुरंत आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन मौके पर लगे अग्निशमन यंत्र सही हालत में नहीं मिले। आरोप है कि सुरक्षा उपकरण समय पर काम नहीं कर सके, जिससे आग पर शुरुआती स्तर पर काबू नहीं पाया जा सका। सूचना मिलने पर दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची और काफी प्रयास के बाद आग को नियंत्रित किया गया। आग बुझने तक दोनों वाहन बुरी तरह जल चुके थे। हालांकि राहत की बात यह रही कि घटना में किसी व्यक्ति के घायल होने की सूचना नहीं है। घटना के बाद पार्किंग और सुरक्षा व्यवस्थाओं को लेकर लोगों में नाराजगी देखने को मिली। लोगों का कहना है कि यदि सुरक्षा इंतजाम दुरुस्त होते तो बड़ा नुकसान टाला जा सकता था। फिलहाल आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है।

# महंगाई के खिलाफ कांग्रेस का अनोखा प्रदर्शन या नौटंकी?

जागरण मोर्चा कार्यालय

**मुरादाबाद।** पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस की लगातार बढ़ती कीमतों को लेकर सोमवार को भूड़ा चौराहा पर जिला एवं महानगर कांग्रेस कमेटी ने अनोखे अंदाज में प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस नेताओं ने रिक्शा पर मोटरसाइकिल रखकर और हाथ में गैस सिलेंडर लेकर महंगाई के खिलाफ विरोध जताया। इस दौरान मौके पर मौजूद लोगों के बीच यह चर्चा भी होती रही कि यह जनहित का प्रदर्शन था या फिर सिर्फ राजनीतिक नौटंकी।

महानगर अध्यक्ष हाजी जुनैद इकराम बंटी और जिलाध्यक्ष विनोद गुंबर के नेतृत्व में आयोजित इस प्रदर्शन में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के



खिलाफ नारेबाजी करते हुए कहा कि लगातार बढ़ती महंगाई ने आम आदमी की कमर तोड़ दी है। पेट्रोल और डीजल के दाम बढ़ने से जहां परिवहन महंगा हो गया है, वहीं रसोई गैस की कीमतों ने घरेलू बजट बिगाड़ दिया है। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस नेताओं ने प्रतीकात्मक रूप से रिक्शा पर बाइक रखकर यह संदेश देने की कोशिश की कि पेट्रोल इतना महंगा हो गया है कि अब लोग बाइक चलाने के बजाय उसे ढोने को मजबूर हो रहे हैं। वहीं हाथ में गैस सिलेंडर लेकर कार्यकर्ताओं ने घरेलू महिलाओं की परेशानियों को उठाने का दावा किया। महानगर अध्यक्ष जुनैद इकराम बंटी ने कहा कि केंद्र सरकार महंगाई पर नियंत्रण करने में पूरी तरह विफल साबित हुई है। आम आदमी की आय नहीं बढ़ रही लेकिन रोजमर्रा की जरूरतों का खर्च लगातार बढ़ता जा रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस जनता की आवाज को सड़क से लेकर सदन तक उठाती रहेगी। जिलाध्यक्ष विनोद गुंबर ने कहा कि बढ़ती महंगाई का असर गरीब, मजदूर और मध्यम वर्ग पर सबसे ज्यादा पड़ रहा है। सरकार को जनता को राहत देने के लिए तत्काल कदम उठाने चाहिए। प्रदर्शन में नजाकत ठेकेदार, अफसर खान, राजा अली, बन्ने पहलवान, अजाम खां, अनुराग शर्माङ समेत बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे। प्रदर्शन के दौरान कुछ देर के लिए भूड़ा चौराहा क्षेत्र में यातायात भी प्रभावित रहा।

# मंगेतर को बुलाकर कराई हत्या, प्रेमी और मां के साथ मिलकर रची साजिश, तीनों को उम्रकैद

जागरण मोर्चा कार्यालय

**मुरादाबाद।** थाना पाकबड़ा क्षेत्र के महलकपुर गांव में करीब आठ वर्ष पहले हुई युवक सोनू की हत्या के मामले में अदालत ने बड़ा फैसला सुनाया है। अपर जिला जज सप्तम (एडीजे-7) की अदालत ने प्रेम प्रसंग और साजिश के तहत हत्या करने के मामले में युवती रानी, उसकी मां राधा और प्रेमी अशोक कुमार को दोषी ठहराते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई है। अदालत ने तीनों दोषियों पर जुर्माना भी लगाया है।

अभियोजन पक्ष के अनुसार गांव घिंढोरा निवासी सोनू पुत्र जयपाल सिंह की सगाई वर्ष 2018 में महलकपुर निवासी रानी पुत्री राकेश कुमार से हुई थी। बताया गया कि सगाई के बावजूद रानी के गांव के ही अशोक कुमार से प्रेम संबंध थे। इसकी जानकारी रानी की मां राधा पत्नी राकेश कुमार को भी थी। अभियोजन के मुताबिक घटना की रात रानी ने अपने मंगेतर सोनू को फोन कर मिलने के लिए बुलाया था। आरोप है कि पहले से बनाई गई साजिश के तहत रानी, उसकी मां राधा और प्रेमी अशोक ने मिलकर दुपट्टे से गला घोंटकर सोनू की हत्या कर दी। यह घटना 25 दिसंबर 2018 की है। हत्या के बाद शव को गांव से दूर जंगल में फेंक दिया गया, ताकि घटना को छिपाया जा सके।

सोनू के पिता महिपाल ने बेटे के लापता होने और हत्या की आशंका जताते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने जांच के दौरान मोबाइल कॉल डिटेल और लोकेशन के आधार पर अशोक कुमार को हिरासत में लिया। पूछताछ में अशोक ने पुलिस को हत्या की पूरी साजिश बताई और उसकी निशानदेही पर सोनू का शव बरामद किया गया। बाद में सख्ती से पूछताछ में उसने रानी और उसकी मां राधा की संलिप्तता भी स्वीकार की। पुलिस ने रानी की निशानदेही पर वह दुपट्टा भी बरामद किया, जिससे सोनू का गला घोंटा गया था। वहीं राधा ने शव को ठिकाने लगाने और साक्ष्य छिपाने में मदद करने की बात स्वीकार की थी। पुलिस ने विवेचना पूरी कर अदालत में चार्जशीट दाखिल की। यह मुकदमा करीब आठ साल तक एडीजे सप्तम की अदालत में चला। सुनवाई के दौरान आरोपी पक्ष ने खुद को बेगुनाह बताते हुए फंसाए जाने का दावा किया, लेकिन अभियोजन पक्ष ने कॉल डिटेल, बरामदगी और अन्य साक्ष्यों के आधार पर अदालत में मजबूत पैरवी की। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद एडीजे-7 चंचल की अदालत ने रानी और उसकी मां राधा को हत्या और हत्या की साजिश रचने का दोषी मानते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई। दोनों पर 35-35 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया गया। वहीं अदालत ने अशोक कुमार को हत्या और शव छिपाने की साजिश में दोषी मानते हुए उम्रकैद और 35 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई।



# भीम आर्मी के जिला संयोजक का सम्मान समारोह आयोजित

जागरण मोर्चा कार्यालय

**गजरौला।** भीम आर्मी के नवमनोनीत जिला संयोजक विकेश कुमार को कार्यकर्ताओं ने पगड़ी व माला पहनाकर सम्मानित किया। नगर के फाजलपुर में आयोजित सम्मान समारोह में कार्यकताओं एवं पदाधिकारियों ने जिला संयोजक विकेश कुमार के गले में फूल माला पहनाकर, पंचशील की पगड़ी पहनाकर, तथागत बुद्ध व बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर प्रतिमा देकर स्वागत किया। सम्मान समारोह में तय हुआ कि समाज में फुले, शाहू, पेरियार और डॉ-अंबेडकर की विचारधारा स्थापित करने के लिए जिले में भीम पाठशालाएं खोले जायेंगीं। इस मौके पर पूर्व मंडल प्रभारी सैयद मसरूर, निसार प्रधान, वसीम अहमद, देवेंद्र बैसला, प्रशांत अम्बेडकर, मोनू सागर, सौरभ राज, सचिन, शरीफ अख्तर, शाहनवाज मलिक, राजू खेवान, जुगनू सिंह, काविंदर सिंह, सुनील कुमार आदि मौजूद रहे।

## संक्षेप समाचार

### तपिश और लू से जनजीवन बेहाल

**हसनपुर।** नगर में बीते कुछ दिनों में बढ़ोतरी हुई है, जिससे लोगों को दोपहर के समय तेज गर्मी और उमस का सामना करना पड़ा। मौसम में आए इस बदलाव ने लोगों की परेशानी बढ़ा दी है। खासकर दोपहर के समय सड़कों और बाजारों में आवाजाही कम दिखाई दी। सोमवार को सुबह से ही चिलचिलाती धूप ने लोगों को बेहाल कर दिया। दोपहर में गर्म हवाओं ने हालात और विकट बना दिए, जिसके चलते बाजारों और सड़कों पर लोगों की आवाजाही कम रही। लू के थपेड़ों से जनजीवन प्रभावित होने लगा है। दोपहर में लोग घरों के अंदर ही रहे और जरूरी काम होने पर ही लोग घरों से बाहर निकले। धूप से बचने के लिए लोग सिर पर टोपी लगाकर या छाता लगाकर घर से बाहर निकले। दोपहिया वाहनों पर सिर और मुंह पर कपड़ा बांधकर जाते हुए नजर आए। पंखे व कूलर में भी लोगों को गर्मी से राहत नहीं मिली। मौसम के तेवर देखकर गर्मी और बढ़ने के आसार है।



गर्मी में सर पर दुपट्टा ढक कर जाती युवतियां।



गन्ने का रस पिलातीं इनर व्हील क्लब 'आस्था' की पदाधिकारी एवं सदस्याएं।

### इनर व्हील क्लब ने राहगीरों को पिलाया गन्ने का रस, रिक्शा चालकों को बांटे अंगोछे

हसनपुर। भीषण गर्मी से आम जनमानस को राहत पहुंचाने के लिए इनर व्हील क्लब 'आस्था' द्वारा एक सराहनीय पहल की गई। क्लब की ओर से नगर में सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसके तहत कड़ी धूप में मेहनत करने वाले रिक्शा चालकों को गर्मी से बचाव के लिए अंगोछे वितरित किए गए। इसके साथ ही राहगीरों को गर्मी से निजात दिलाने के लिए ठंडे व ताजे गन्ने का रस पिलाया गया। राहगीरों और स्थानीय लोगों ने क्लब के इस जनहित कार्य की जमकर प्रशंसा की। कार्यक्रम को सफल बनाने में क्लब की अध्यक्षा रितु अग्रवाल और सचिव खुशबू गुप्ता का विशेष योगदान रहा। इस अवसर पर उपाध्यक्ष पारुल अग्रवाल, ट्रेजरर नीलिमा गोयल, अंशु अग्रवाल, मेघा अग्रवाल, सविता चावला, मनीष अग्रवाल और मीनाक्षी सक्सेना आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहीं।

### अवैध खनन में लिप्त एक मिट्टी लदी ट्रैक्टर ट्राली व खचेड़ा मशीन को पकड़ किया सीज

**हसनपुर।** आदमपुर थाना क्षेत्र के गाव में पुलिस ने अवैध खनन के खिलाफ एक बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने मौके से प्रतिबंधित खनन सामग्री से भरी एक ट्रैक्टर-ट्रॉली व एक खचेड़ा मशीन को रंगे हाथों पकड़ लिया।स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार, क्षेत्र में काफी समय से खनन माफिया सक्रिय हैं। सोमवार की सुबह थाना क्षेत्र के गांव सुबरा में जब माफिया ट्रैक्टर-ट्रॉली में खनन की मिट्टी भरकर ले जा रहे थे, तभी मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने घेराबंदी कर उन्हें दबोच लिया। इस पूरी कार्रवाई का ग्रामीणों ने अपने मोबाइल से वीडियो बना लिया, जो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।थाना प्रभारी कोमल तोमर ने बताया कि पकड़े गए वाहन को सीज कर दिया गया है और आरोपियों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। इस कार्रवाई से खनन माफियाओं में हड़कंप मचा हुआ है।



मिट्टी से लदी ट्रैक्टर ट्राली एवं खचेडा मशीन।



गंगा जी में कलश विसर्जन करती हुई महिलाएं। -जागरण मोर्चा

### श्रीमद् भागवत कथा समापन पर कलश विसर्जन

**हसनपुर।** क्षेत्र के गांव उधनपुर में शिव मंदिर पर चल रही साथ दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के सपापन के बाद रविवार को हवन यज्ञ में पूर्ण आहुति व भंडारे के बाद नौवे दिन सोमवार को कलश विसर्जन यात्रा निकाली गई जो गांव से प्रारंभ होकर गंगा तिगरी धाम तक निकाली गई। कलश यात्रा में भक्ति डीजे की धुन पर नाचते गाते गंगा धाम को जा रहे थे।माना जाता है कि सात दिनों तक जो कलश और ग्रंथ की पूजा की जाती है। उसे बहुत सम्मान के साथ पवित्र नदी या जलाशय में प्रवाहित किया जाता है। इसे विदाई उत्सव भी कहते हैं। श्रीमद् भागवत कथा का मुख्य उद्देश्य माना जाता है कि श्रीमद् भागवत कथा सुनने से मनुष्य के मन वचन और कर्म शुद्ध हो जाते हैं। इसका मुख्य संदेश यह होता है की भक्त संसार में रहकर भी मोह माया से व्रत रहना सिखो और भगवान के चरणों में पूर्ण समर्पण करें। कलश यात्रा में शामिल स्वाति, रिंकी, सोनम, सरोज, अनीता, नीरज, शीतल, काजल, संजय, लवली, प्रवेश, मोनिका, दिशा, अंजलि, काजल, राधिका, कनिका, मोनिका, वंशिका, अंजलि, प्रिया, रिया, अनामिका, सोनिका, आंचल, पल्लवी, नन्ही, रचना, रविता, मोनिका, नीरज, रितिका, राजकुमारी, एवं लाखन सिंह आदि मौजूद रहे।

### हादसे के बाद जागा वन विभाग, पेड़ हटाया

**हसनपुर।** गजरौला-हसनपुर मार्ग पर मछरई गेट के पास आंधी से गिरे भारी-भरकम पेड़ को हटाने में वन विभाग ने घोर लापरवाही दिखाई, विभाग किसी बड़े हादसे का इंतजार करता रहा। आखिरकार देर रात मनोटा पुल के पास एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया, जिसमें सफाईकर्मी विनोद की जान चली गई और उसका मासूम बच्चा अनाथ हो गया। इस खौफनाक हादसे के बाद सुबह नींद से जागे और वन विभाग ने आनन-फानन में पेड़ हटाने की औपचारिकता शुरू की। प्रशासन की इस 'हादसे के बाद जागने' की कार्यशैली से स्थानीय जनता में भारी आक्रोश है।



पेड़ को हटाते वन विभाग के कर्मचारी।

### पुलिस ने दबोचे तीन वांछित आरोपी


**चन्दौसी।** थाना हजरतनगर गढ़ी पुलिस ने चेकिंग के दौरान रविवार की रात 21.45 बजे थाना क्षेत्र के बारीपुर भमरोआ से ग्राम फूलसिंहा को जाने वाले कच्चा रास्ते तिराहा से तीन युवकों को हिरासत में लिया है। जिसके बाद से पुलिस ने अवैध असलहा बरामद किया है। पूछताछ में आरोपियों ने अपने नाम आशीष निवासी मौलागढ़ की मिलक कोतवाली, रवि कुमार व ओमवीर निवासीगण ग्राम देवरखेड़ा थाना बनियाठेर बताया। पुलिस ने बताया कि उक्त आरोपी पिछले काफी दिनों से वांछित चल रहे हैं। पुलिस ने तीनों आरोपियों के ऊपर आर्म्स एक्ट की वृद्धि की है।

# संपादकीय

## किस ब्रह्मांड में हैं ट्रंप

प्रधानमंत्री मोदी ने नीदरलैंड के एक मंच से आगाह किया है कि यह आपदाओं का दशक बन गया है। यदि पश्चिम एशिया युद्ध के हालात नहीं बदले, युद्ध नहीं थमा, तो दशकों की कई उपलब्धियों पर पानी फिर जाएगा। दुनिया की बड़ी आबादी फिर से गरीबी के दलदल में फंस जाएगी। सिंगापुर के प्रधानमंत्री लॉरेंस वोंग ने भी कहा है कि ऊर्जा-संकट अभी इतना बढ़ेगा कि दुनिया में आर्थिक महामंदी का दौर शुरू हो सकता है। होर्मुज अभी खुलता नहीं लग रहा, बल्कि समंदर का तनाव और बढ़ेगा। जंग अभी जारी रहेगी, लिहाजा हमें इन स्थितियों के लिए तैयार रहना है और मुकाबला भी करना है। जर्मनी, फ्रांस, ब्रिटेन, इटली सरीखे विकसित देशों की अपनी चिंताएं हैं, क्योंकि तेल-गैस की उनकी सप्लाई चेन भी बहुत प्रभावित हुई है। अमरीकी राष्ट्रपति ट्रंप न जाने किस ब्रह्मांड में रहते हैं? कैसे आत्म-मुग्ध, साम्राज्यवादी, आक्रांता किस्म के, कब्जेबाज राष्ट्रपति हैं, जिसे दुनिया की चिंता भी नहीं है और उसके प्रति सरोकार भी 'शून्य' हैं। ट्रंप चीन प्रवास से खाली हाथ, नाकाम, फ्लॉप, समझौते के बिना, ईरान युद्ध के किसी समाधान के बिना और ताइवान पर चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग की 'युद्ध-सी' चेतावनी सुनकर लौटे हैं और ईरान पर नए आक्रमण की रणनीति में जुट गए हैं। उनके अपने देश अमरीका में मुद्रास्फीति बढ़ गई है। पेट्रोल-डीजल 44-48 फीसदी तक महंगे हो गए हैं, जबकि अमरीका खुद तेल-उत्पादक और निर्यातक देश है। विश्व में हाहाकार मची है। जापान जैसे देश को अपना तेल रिजर्व खोलना पड़ा है, ताकि देश में आपूर्ति बराबर बनी रहे। कच्चे तेल की कीमतें 108 डॉलर प्रति बैरल तक उछल चुकी हैं। कच्चा तेल औसतन 51 फीसदी महंगा हुआ है। यूरिया और अमोनिया 65 फीसदी और बुटान (हाइड्रोकॉर्बन गैस) 51 फीसदी से अधिक महंगे हुए हैं। यह कोई अस्थायी बाधा और सामान्य स्थिति नहीं है। संयुक्त राष्ट्र की एजेंसी का आकलन है कि ईरान युद्ध के कारण दुनिया के 4.5 करोड़ लोग भुखमरी के शिकार हो सकते हैं। क्या ट्रंप को इन स्थितियों का एहसास तक नहीं है? क्या वह विश्व-विजयी आक्रांता साबित होना चाहते हैं? राष्ट्रपति ट्रंप के सौजन्य से ऐसी खबरें न्यूयॉर्क टाइम्स जैसे मीडिया में छपी हैं कि ट्रंप ईरान के परमाणु कार्यक्रम और संवर्धित यूरेनियम (करीब 450 किग्रा.) पर कब्जा करने को सैन्य व्यूह-रचना करवा रहे हैं। यह कौन-सी कूटनीति है? अभी तक के युद्ध में तो अमरीका ईरान के परमाणु कार्यक्रम की परछाई तक ढूंढ नहीं सका है और अब तो रूस, चीन उसे बराबर मदद दे रहे हैं। राष्ट्रपति ट्रंप चीन गए थे, लेकिन चीन के प्रति इतना घोर अविश्वास और संदेह है कि चीन ने जो उपहार दिए थे, उन्हें हवाई अड्डे पर ही कूड़ेदान में डलवा कर नष्ट करा दिया गया। हैकिंग और जासूसी के उपकरणों का शक! चीन ने सेमीकंडक्टर चिप, दुर्लभ खनिज, बोइंग विमान, बिजली के वाहन, आपसी व्यापार समझौते आदि पर कोई ठोस बात ही नहीं की, समझौता तो दूर की कौड़ी है। राष्ट्रपति ट्रंप तो अपने ही ब्रह्मांड में रहते हैं, बेशक गालबजाई करते रहें कि चीन दौरा बेहद सफल रहा। हकीकत यह है कि ट्रंप चीन से खाली हाथ लौटे हैं, लिहाजा गुस्से और कुंठा में ईरान पर नए आक्रमण की बात कर रहे हैं। पेंटागन के कमांडरों को युद्ध की तैयारियां करने के अघोषित आदेश दिए जा चुके हैं। हकीकत यह भी है कि चीन और रूस की मदद से ईरान युद्ध के मोर्चे पर अब भी डटा है और पलटवार की चेतावनियां भी जारी कर रहा है। भारत में लोगों की तल्ख प्रतिक्रियाएं सामने आने लगी हैं। शनिवार को देश के अलग-अलग हिस्सों में गिग वर्कर्स ने दोपहर 12 बजे से शाम 5 बजे तक प्रतीकात्मक हड़ताल रखी। गिग की संख्या देशभर में 1.2 करोड़ से अधिक बताई जाती है। कैब सेवाएं, ट्रक आदि ने भी हड़ताल के संकेत दिए हैं। हमारे देश में तेल कंपनियों ने 2022 के बाद पेट्रोल-डीजल के दाम 3-3 रुपए बढ़ाए हैं। उसी पर चीखा-चिल्ली मची है। विशेषज्ञ मानते हैं कि ये दाम 20-30 रुपए तक बढ़ेंगे, तभी तेल कंपनियों के घाटे पूरे होंगे और वे मुनाफा कमाने लगेंगी। अगर हालात सामान्य नहीं हुए तो आने वाला समय और ज्यादा संकट वाला होगा। फिलहाल तो वैश्विक संकट देखते रहिए।

# एक सेट लीक हो तो दूसरे से लेनी चाहिए परीक्षा




पेपर लीक होने के कारण देश की सबसे बड़ी मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट-यूजी, 2026 को पूरी तरह रद्द करने का फैसला उसकी परीक्षा दे चुके लाखों छात्रों के लिए बड़ा झटका है। यह फैसला इसलिए भी बहुत बड़ा है, क्योंकि पहली बार नीट-यूजी जैसी राष्ट्रीय परीक्षा को पूरी तरह रद्द किया गया है। इसकी जांच सीबीआइ को सौंप दी गयी है। पेपर लीक और गड़बड़ी के आरोप तो इससे पहले भी आते रहे हैं, लेकिन अभी तक पूरी परीक्षा को रद्द नहीं किया गया था। जांच एजेंसियों की रिपोर्ट के बाद एनटीए-यानी नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने यह परीक्षा दोबारा आयोजित कराने का फैसला किया है।

यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि इतनी महत्वपूर्ण परीक्षा में गड़बड़ी के मामले अब सालों-साल सामने आने लगे हैं। इससे पहले 2024 की नीट-यूजी परीक्षा का मामला भी बहुत चर्चित रहा था, जब बिहार और झारखंड में पेपर लीक का मामला सामने आया था। तब सीबीआइ जांच में यह खुलासा हुआ था कि कुछ उम्मीदवारों को परीक्षा से पहले ही प्रश्नपत्र उपलब्ध करा दिये गये थे। मामला सर्वोच्च न्यायालय तक पहुंचा था, जहां परीक्षा रद्द कर दोबारा कराने की मांग उठी थी। हालांकि तब परीक्षा रद्द नहीं की गयी थी, क्योंकि शीर्ष अदालत का कहना था कि उपलब्ध रिकॉर्ड से यह साबित नहीं होता कि पूरे सिस्टम में बड़े पैमाने पर पेपर लीक किया गया था।

उस समय शिक्षा मंत्रालय ने यह कहा था कि कुछ अलग-थलग घटनाओं के कारण लाखों छात्रों का भविष्य प्रभावित नहीं किया जा सकता। उससे पहले 2015 में ऑल इंडिया प्री-मेडिकल/प्री डेंटल टेस्ट (एआइपीएमटी) को सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर रद्द किया गया था। तब आरोप यह लगा था कि कुछ उम्मीदवारों ने ब्लूटूथ डिवाइस और माइक्रो सिम के जरिये परीक्षा के दौरान उत्तर हासिल किये थे। तब सुप्रीम कोर्ट ने परीक्षा रद्द कर चार सप्ताह के भीतर दोबारा परीक्षा कराने का आदेश दिया था। बाद में 2016 से नीट ने एआइपीएमटी की जगह ले ली। सीधे शब्दों में कहें, तो यह ऊपर से नीचे तक भ्रष्टाचार का मामला है। पेपर बेचे जाते हैं। करोड़ों के इस खेल में सभी शामिल हैं, वे भी जिन्हें लाभ लेना है, और वे भी, जिन्हें कार्रवाई करनी है। नुकसान देश के लाखों छात्रों का होता है, जो मेहनत करके पढ़ाई करते हैं। चूंकि एनटीए द्वारा आयोजित नीट परीक्षा के स्कोर के आधार पर मेडिकल कॉलेजों में दाखिला मिलता है, इसलिए इस परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए लाखों छात्र संघर्ष कर, तनाव झेलकर सालभर पढ़ाई करते हैं और परीक्षा देते हैं।

परीक्षा के पेपर लीक हो जाने पर उन पर क्या गुजरती है, यह सिर्फ वही जानते हैं। नुकसान उनके अभिभावकों को होता है, जो संघर्ष करके अपने बच्चों को इस मुकाम तक ले आते हैं कि वे मेडिकल का एंट्रेंस एग्जाम दे सकें। वे अपने जीवन की जमा-पूंजी इसमें झोंक देते हैं। इस परीक्षा का पेपर लीक होने से छात्रों और अभिभावकों में स्वाभाविक ही गहरा असंतोष है और देश की कई जगहों पर छात्र प्रदर्शन कर रहे हैं। नीट परीक्षा का आयोजन करने वाली एनटीए-यानी नेशनल टेस्टिंग एजेंसी एक स्वायत्त संस्थान है। लिहाजा इसे किसी के दबाव में नहीं आना चाहिए। एनटीए की स्थापना प्रमुख उच्च शिक्षण संस्थानों में प्रवेश के लिए उम्मीदवारों की क्षमता का आकलन करने के लिए कुशल पारदर्शी और अंतरराष्ट्रीय स्तर की मानकीकृत परीक्षाएं आयोजित करने के उद्देश्य से की गयी थी। यह ठीक है कि 2019 में केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसइ) से नीट-यूजी के संचालन का कार्यभार संभालने के बाद से एनटीए ने उम्मीदवारों की संख्या में भारी वृद्धि को संभाला है। लेकिन यह भी सच है कि अपनी तकनीकी क्षमता के बावजूद इस एजेंसी को विवादों का सामना करना पड़ा है। पूछा जा रहा है कि सालों-साल होते पेपर लीक का हल क्या है। ऐसा नहीं है कि इसके हल के लिए कदम न उठाये गये हों। उदाहरण के लिए, 2024 के पेपर लीक के बाद केंद्र सरकार ने पूर्व इसरो प्रमुख के राधाकृष्णन की अध्यक्षता में सात सदस्यीय समिति गठित की थी। इस समिति ने परीक्षाओं की सुरक्षा बढ़ाने के लिए कई सुझाव दिये थे। इनमें परीक्षा केंद्रों को जिला प्रशासन और पुलिस की निगरानी में सील करना, जीपीएस युक्त वाहनों में प्रश्नपत्र पहुंचाना, सीसीटीवी निगरानी, बायोमीट्रिक वेरीफिकेशन और केंद्रीकृत मॉनीटरिंग सिस्टम व्यवस्था लागू करने जैसे प्रस्ताव थे, जिन पर अमल किया गया।

एनटीए ने इस वर्ष कई सुरक्षा उपाय लागू किये थे। पुलिस सुरक्षा में सामग्री पहुंचाये जाने के अलावा कई परीक्षा केंद्रों पर मॉक ड्रिल भी करायी गयी थी। इसके बाद भी गेस पेपर के नाम पर पेपर व्हाट्सएप पर साझा किये गये। इससे एनटीए की कार्यप्रणाली पर स्वाभाविक ही गंभीर सवाल खड़े हो गये हैं। अमूमन इन परीक्षाओं के जो पेपर तैयार किये जाते हैं, उनके तीन सेट बनाये जाते हैं। लिहाजा जब एक सेट लीक हो गया, तो दूसरे सेट से परीक्षा करवायी जा सकती है। लेकिन ऐसा होता नहीं।

ऐसे में, पेपर लीक होने को संयोग नहीं, बल्कि प्रयोग माना जाना चाहिए, क्योंकि अगर एक बार पेपर लीक हो, तो उसे मानवीय भूल माना जा सकता है। लेकिन बार-बार पेपर लीक होना सिस्टम की अक्षमता के बारे में बताता है। बार-बार परीक्षा में अनियमितताओं के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो रही है। पेपर लीक मामले की जांच सीबीआइ को सौंपी तो गयी है और वह काम भी कर रही है। लेकिन इससे पहले जो पेपर लीक के मामले सामने आये थे, उनकी जांच भी सीबीआइ को सौंपी गयी थी। लेकिन कुछ ठोस सामने नहीं आया। ऐसे में, सरकार को इस बारे में सख्ती से सोचना होगा। वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाना है, तो उच्च शिक्षा और तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में हमें उन्नत और पारदर्शी होना होगा। इसके लिए लगातार कदम उठाने होंगे। पिछले दिनों नयी दिल्ली में हुए अंतरराष्ट्रीय एआइ सम्मेलन के दौरान हमने देखा कि एक प्रतिष्ठित यूनिवर्सिटी ने चीनी एआइ मॉडल को भारतीय बताकर पेश किया। इससे हमारे देश की कोई अच्छी छवि नहीं बनती। सरकार कह रही है कि नीट पेपर लीक मामले में दोषियों पर कार्रवाई होगी। लेकिन कार्रवाई से भी ज्यादा जरूरी दरअसल ऐसा सिस्टम तैयार करना है, जिसमें नीट जैसी परीक्षा के पेपर लीक न होने पायें। पेपर लीक मामले में कुछ गिरफ्तारियां हुई हैं। पर इस साजिश के पीछे शामिल लोगों की पूरी कड़ी की शिनाख्त कर उन्हें दंडित करने से ही बात बनेगी।

# पीएम की पांच देशों की विदेश यात्रा के कूटनीतिक मायने



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पांच देशों के हालिया विदेश दौरे के कई बड़े कूटनीतिक, आर्थिक, सामरिक और राजनीतिक मायने हैं। क्योंकि मई 2026 में उनका यूएई, नीदरलैंड, स्वीडन, नॉर्वे और इटली का दौरा ऐसे समय हो रहा है, जब दुनिया ऊर्जा संकट, ईरान युद्ध, सप्लाई चेन अस्थिरता और नए वैश्विक ध्रुवीकरण से गुजर रही है। लिहाजा, पीएम मोदी का यह विदेश दौरा केवल औपचारिक यात्रा नहीं, बल्कि ऊर्जा सुरक्षा, वैश्विक शक्ति संतुलन, निवेश आकर्षण, तकनीकी साझेदारी, और भारत की उभरती महाशक्ति छवि को मजबूत करने की बहुस्तरीय रणनीतिक कवायद माना जा रहा है।

पहला, ऊर्जा सुरक्षा सबसे बड़ा लक्ष्य है, क्योंकि भारत दुनिया का बड़ा तेल आयातक देश है। ईरान संकट और पश्चिम एशिया में तनाव के कारण तेल कीमतें बढ़ रही हैं। ऐसे समय में यूएई दौरा भारत की ऊर्जा सुरक्षा मजबूत करने का प्रयास माना जा रहा है। लिहाजा भारत और यूएई के बीच रणनीतिक पेट्रोलियम भंडारण, एलपीजी (LPG) सप्लाई, ऊर्जा निवेश, समुद्री सुरक्षा जैसे अहम समझौते हुए हैं। इससे संकेत मिलता है कि भारत भविष्य के किसी बड़े वैश्विक ऊर्जा संकट के लिए खुद को सुरक्षित करना चाहता है।

दूसरा, पश्चिम एशिया में भारत की रणनीतिक पकड़ बढ़ रही है, क्योंकि यूएई ने पीएम मोदी का असाधारण स्वागत किया- एफ-16 एस्कॉर्ट और राष्ट्रपति स्तर की अगवानी- यह दिखाता है कि भारत अब केवल "तेल खरीदने वाला देश" नहीं बल्कि एक रणनीतिक साझेदार बन चुका है। इसके मायने ये निकलते हैं कि पाकिस्तान की पारंपरिक खाड़ी पकड़ कमजोर होगी और भारत की अरब देशों में स्वीकार्यता बढ़ती जाएगी। इससे रक्षा और टेक्नोलॉजी सहयोग का विस्तार भी होगा।

तीसरा, यूरोप के साथ नई तकनीकी साझेदारी विकसित होगी, क्योंकि नीदरलैंड, स्वीडन और नॉर्वे का चयन बहुत रणनीतिक माना जा रहा है। चूंकि इन देशों से भारत सेमीकंडक्टर तकनीक, हरित ऊर्जा, जल प्रबंधन, एआई (AI) और रक्षा तकनीक और आर्कटिक एवं समुद्री सहयोग को मजबूत करना चाहता है। विशेषकर सेमीकंडक्टर क्षेत्र में भारत चीन पर निर्भरता कम करना चाहता है। इसलिए इस पहल के अपने रणनीतिक मायने हैं।

चौथा, चीन और अमेरिका दोनों को संतुलित संदेश देने के लिए पीएम मोदी का यह दौरा "मल्टी-अलाइनमेंट" नीति का हिस्सा भी है, इससे अमेरिका के साथ साझेदारी, रूस से संबंध, अरब देशों से सामरिक निकटता, यूरोप के साथ तकनीकी सहयोग, चीन के प्रभाव का संतुलन बढ़ेगा। चूंकि भारत यह संदेश देना चाहता है कि वह किसी एक गुट का हिस्सा नहीं बल्कि स्वतंत्र वैश्विक शक्ति है।

पांचवां, भारत को निवेश हब बनाने की कोशिश यूएई द्वारा भारत में 5 अरब डॉलर निवेश की घोषणा महत्वपूर्ण मानी जा रही है। इससे इंफ्रास्ट्रक्चर, बैंकिंग, लॉजिस्टिक्स, बंदरगाह, ऊर्जा क्षेत्र में निवेश बढ़ सकता है। यह "मेक इन इंडिया" और "भारत को मैन्युफैक्चरिंग हब" बनाने की रणनीति से जुड़ा है। छठा, घरेलू राजनीति के संकेत के नजरिए से दिलचस्प बात यह है कि एक तरफ पीएम मोदी जनता से ईंधन बचाने, विदेशी यात्राएं कम करने और विदेशी मुद्रा बचाने की अपील कर रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ खुद बड़े वैश्विक दौरे कर रहे हैं। इसका राजनीतिक संदेश यह जाएगा कि कठिन वैश्विक समय में सक्रिय नेतृत्व पीएम दे रहे हैं और भारत संकट में भी वैश्विक केंद्र बना हुआ है। इससे पीएम मोदी की व्यक्तिगत कूटनीतिक छवि मजबूत होकर चमकेगी।

सातवां, भारत की वैश्विक छवि निर्माण के दृष्टिकोण से यह दौरा यह दिखाने का प्रयास भी है कि भारत केवल क्षेत्रीय शक्ति नहीं, बल्कि ऊर्जा, तकनीक, व्यापार और सुरक्षा में निर्णायक वैश्विक खिलाड़ी बन रहा है। विशेषकर G20 के बाद भारत अपनी "विश्व नेतृत्व" छवि को स्थायी बनाना चाहता है। इसके संभावित दीर्घकालिक प्रभाव भारत के लिए अहम साबित हो सकते हैं, क्योंकि इससे जहां ऊर्जा सुरक्षा मजबूत होगी, वहीं विदेशी निवेश बढ़ने की संभावना रहेगी। साथ ही रक्षा-तकनीकी सहयोग विस्तार से वैश्विक प्रभाव में वृद्धि होगी। भारत की यह नई चाल चीन के लिए यूरोप और खाड़ी में भारत की सक्रियता चीन के प्रभाव को चुनौती दे सकती है। जबकि पाकिस्तान के लिए खाड़ी देशों में भारत की बढ़ती स्वीकार्यता रणनीतिक दबाव बढ़ा सकती है। वहीं, यूरोप के लिए चीन के विकल्प के रूप में भारत की अहमियत बढ़ेगी। जबकि अमेरिका के लिए भारत एक आवश्यक रणनीतिक साझेदार बना रहेगा, भले ही वह पूरी तरह अमेरिकी धड़े में न जाए। निष्कर्ष यह निकलता है कि पीएम मोदी का यह विदेश दौरा केवल औपचारिक यात्रा नहीं, बल्कि ऊर्जा सुरक्षा, वैश्विक शक्ति संतुलन, निवेश आकर्षण, तकनीकी साझेदारी, और भारत की उभरती महाशक्ति छवि को मजबूत करने की बहुस्तरीय रणनीतिक कवायद माना जा रहा है।

# समस्या आई है तो जाएगी भी

जीवन में कठिनाइयां तो आती ही रहती हैं इसलिए उनका इतना टेंशन लेना नहीं चाहिए। आजकल एक नयी कठिनाई आ गई है, जो कि पड़ोस में बना रहे मकान से है। मजदूर लोग सुबह 6:00 बजे से ही काम करने लग जाते हैं, जो कि शाम को 7:00 बजे तक चलता है, जबकि बेंगलुरु में नियम के अनुसार मकान कंस्ट्रक्शन का काम सुबह 8:00 बजे से शाम के 7:00 बजे तक ही हो सकता है यह सोसायटी का भी नियम है। हमने अपनी सोसायटी में मैनेजमेंट कमेटी को कहा कि आप उन पड़ोस की मैनेजमेंट कमेटी से बात करें और उन्हें बताएं की सुबह 6:00 बजे से काम करने से नींद पूरी नहीं होती है। एक दिन गुस्से में आकर मैं छत पर जाकर उन पर चिल्ला भी आया, पर उसका भी कोई असर नहीं हुआ। ऐसा लगता है कि केवल मुझे ही समस्या है। मेरे पड़ोस में और तीन मकान है जिनके यहां भी उतनी ही आवाज आती होंगी जितनी मेरे यहां। पता नहीं क्यों वे लोग शिकायत नहीं करते और न ही उस सोसायटी के अन्य पड़ोसी शिकायत करते हैं। जबकि यहां सोसायटी में अधिकतर लोग अमेरिका यूरोप रहकर आए हुए हैं और संभ्रांत हैं परंतु भारत में आकर सब ठेठ भारतीय हो जाते हैं और दूसरे का बिल्कुल ध्यान नहीं रखते। यही काम अगर वे अमेरिका या यूरोप में कर लें तो एकदम से पुलिस को लोग बुला लेंगे और काम बंद हो जाएगा। परंतु यहां तो पुलिस को बुलाना भी किसी सिर दर्द से कम नहीं। पुलिस की आम जनता में जो छवि रही है कि पुलिस पैसे के बिना काम नहीं करती और हम नौकरी-पेशा लोग नौकरी करेंगे या फिर थाने के चक्कर लगाएंगे। मैं, लगभग रोज सुबह ही 6 बजे जैसे ही काम शुरू होता है, वैसे ही उस सोसायटी के सिक्योरिटी को फोन लगाता हूं, रोज आते-जाते हुए उन्हें कहता भी हूं, परंतु वे लोग भी लगता है कि रोकने में अक्षम हैं, ऐसा लगता है कि उनको भी यह बात बहुत छोटी लगती है। जिनके मकान बन रहा है वे तो यहां रहते नहीं है तो हो सकता है उन्हें परेशानी समझ में न आ रही हो और आ भी रही हो, तो वे तो यही चाहेंगे कि काम तेजी से चलता रहे, जिससे कम वक्त में मकान बनाकर तैयार हो जाए। लिखने का मकसद केवल इतना है कि सारे कार्य केवल सरकार और कानून के सहारे नहीं होते, कुछ कार्यों को खुद के अनुशासन और नियमों को पालने से भी समस्या का निराकरण किया जा सकता है। अंत में बात तो यह है कि कोई समस्या आई है तो वह जाएगी भी, इसलिए सब्र जरूरी है।

# महंगाई से आम आदमी की जेब ढीली

इन दिनों पश्चिम एशिया संकट और वैश्विक भूराजनीतिक चुनौतियों के बीच देश में महंगाई बढने की चुनौती उभरकर दिखाई दे रही है। हाल ही में 15 मई को पेट्रोल-डीजल की कीमतों में तीन-तीन रुपए की वृद्धि की गई है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय के द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार भारत में अप्रैल 2026 में थोक महंगाई बढक़र 8.3 प्रतिशत और खुदरा महंगाई बढक़र 3.48 प्रतिशत हो गई है। इसी तरह महंगाई से संबंधित विभिन्न राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय रिपोर्टों में भी भारत में महंगाई बढने के विश्लेषण प्रस्तुत किए जा रहे हैं। इस बढ़ती हुई महंगाई से जहां आम आदमी के रोजमर्रा के जीवन में मुश्किलें बढ़ रही हैं, वहीं अर्थव्यवस्था की विकास रफ्तार धीमी हो रही है। इसी परिप्रेक्ष्य में हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक रैली के दौरान वैश्विक ऊर्जा संकट के मद्देनजर देशवासियों से पेट्रोल, डीजल और गैस का संयम से इस्तेमाल करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि भारत के पास तेल के बड़े कुएं नहीं हैं। ऐसे में पश्चिम एशियाई संकट के



कारण नागरिकों को यह जिम्मेदारी निभानी होगी कि वे जहां तक संभव हो मेट्रो और सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करें। इलेक्ट्रिक कारों और कार पूलिंग को प्राथमिकता दें। साथ ही कोरोना काल की तरह वर्क फ्रॉम होम और ऑनलाइन मीटिंग्स को बढ़ावा दें। देश और दुनिया के अर्थ विशेषज्ञ भी भारत को पश्चिम एशिया संकट के झटकों और वैश्विक अनिश्चितता के लिए खुद को तैयार रखने संबंधी टिप्पणियां करते हुए दिखाई दे रहे हैं। 13 मई को रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गर्वनर संजय मल्होत्रा ने कहा कि महंगाई का दबाव बढने पर अब नीतिगत रीपो रेट में वृद्धि की कार्रवाई की जानी होगी। गौरतलब है कि इन दिनों पश्चिम एशिया संकट के कारण कच्चे तेल की वैश्विक कीमतों में तेजी और आपूर्ति श्रृंखला में बाधाओं से भारत में महंगाई बढने लगी है। उल्लेखनीय है कि 15 मई को पेट्रोल-डीजल की कीमतों में वृद्धि के साथ-साथ एक मई से 19 किलोग्राम के वाणिज्यक एलपीजी सिलेंडर की कीमत में 993 रुपए और 5 किलोग्राम के एलपीजी सिलेंडर की कीमत में 549 रुपए की बढ़ोतरी का असर रेस्टोरेंट, ढाबों और रोजमर्रा के काम में एलपीजी का इस्तेमाल करने वाले व्यवसायों की लागत बढने के रूप में दिखाई देने लगा है। इस बड़ी हुई लागत का बोझ उपभोक्ताओं पर होने से महंगाई बढने लगी है। पेट्रोलियम मंत्रालय का आकलन है कि सरकारी क्षेत्र की तीनों तेल कंपनियों इंडियन आयल, हिंदुस्तान पेट्रोलियम, भारत पेट्रोलियम को संयुक्त तौर पर हर माह करीब 30 हजार करोड़ रुपए का घाटा हो रहा है। इसमें कोई दो मत नहीं हैं कि जिस तेजी से दुनिया के विभिन्न देशों में महंगाई बढ़ रही है, उसकी तुलना में भारत में महंगाई बढने की दर कम है, लेकिन महंगाई बढने की प्रवृत्ति उभरकर दिखाई दे रही है।

# देश को 'रोड प्रेजेंस' पसंद है

जो सडक़ पर कामयाब है, वही सदन में भी लाजवाब है। प्रमुख राजनीतिक दलों के बीच यही कोशिश उनके भविष्य से ताल्लुक रख रही है, इसलिए प्रेजेंस से बड़ी रोड प्रेजेंस है। पूरा देश इसलिए सडक़ पर खड़ा सडक़ माप रहा है ताकि देख सके कि किसकी रोड प्रेजेंस सबसे अव्वल है। हम आवारा पशुओं को सडक़ पर देखकर यह अनुमान लगा सकते हैं कि इंसान का अब मुकाबला कितना जमीनी है। हर गांव से शहर तक की तकदीर का अंदाजा सडक़ पर लगा सकते हैं कि कौन प्रभावशाली वहां रहता होगा। जिस शहर में सबसे अधिक अतिक्रमण, वहां प्रशासन से शासन तक की रोड प्रेजेंस दिखाई देती है। सारा नशा अब रोड प्रेजेंस बढ़ा रहा है। इजरायली केवल ईरान से नहीं लड़ रहे, बल्कि भारत में रोड प्रेजेंस



देकर हमें हमारी दोस्ती व पर्यटन दे रहे हैं। हिमाचल की कुल्लू वैली का कसोल हो या धर्मशाला का धर्मकोट हो, वहां इजरायल की रोड प्रेजेंस से हमारा पर्यटन, हमारा नशा मशहूर हो गया। देश को रोड प्रेजेंस पसंद है, इसलिए वीआईपी मार्गों पर अक्सर पुलिस काम करती है। उस दिन हमारी गली में मंत्री क्या गुजर गए, पुलिस के कारण हम प्रेजेंट हो गए। सरकार किसी भी रास्ते पर जनता को प्रेजेंट कर सकती है। इसलिए धर्म और संस्कृति के कार्यों के अलावा सत्ता के महान कार्य भी सडक़ों पर ही होने लगे हैं। सरकारें और समाज अगर रोड पर आ जाएं तो आम नागरिक भी सडक़ पर देखने की वस्तु हो जाएंगे। आधुनिक भारत है ही रोड पर। खुशहाल भारत भी रोड पर है, इसलिए बड़े नेता रोड शो करते हैं। गतिशील भारत जब सडक़ पर चलता है, तो स्वच्छता अभियान सफल होते हैं। भले ही राघव चड्ढा ने आम आदमी पार्टी छोड़ दी, मगर झाड़ू चुनाव चिन्ह बिना बताए भी रोड प्रेजेंस देता रहा है। रोड प्रेजेंस में हम दुनिया के नंबर वन देश हैं। देश में कोविड हुआ, सारे प्रभावी मजदूर सडक़ों पर हजारों मील की रोड प्रेजेंस देते हुए अपने-अपने घर पहुंच गए। हम बार-बार घर पहुंचते हुए भी बता सकते हैं कि हमारी प्रेजेंस तो ईरान युद्ध में बरकरार रही। मजदूरों की रोड प्रेजेंस देखनी है तो बिहारी नेताओं का योगदान समझिए। अब गैस सिलेंडर की आपूर्ति क्या बाधित हुई, हम राष्ट्र भावना से रोड शो पर उतर आए। गैस आपूर्ति के हर ट्रक के आगे हमारा शो जारी है। देश कतारबद्ध है। कभी मुफ्त के राशन के लिए, कभी नेता के भाषण के लिए, कभी सरकारी टैंकर से पानी लेने के लिए और कभी राशन कार्ड बनवाने के लिए। आम भारतीय घर के बजाय सरकारी कागजों की कतार में रोड प्रेजेंस ही तो देता है। कभी शहर में कोई मदारी अपनी बंदरिया का रोड शो करके चकित करता था।

# ट्रैक पर काम कर रहे मजदूर की मालगाड़ी से कटकर मौत

## परिवार में मचा कोहराम, बहराइच जिले का रहने वाला है मृतक

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** देर रात रेलवे ट्रैक पर काम कर रहे एक मजदूर की मालगाड़ी की चपेट में आने से दर्दनाक मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही इलाके में सनसनी फैल गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

माधोटांडा क्षेत्र के बंगला उर्फ मित्रसेन के पास रेलवे पटरी पर काम चल रहा है। रविवार देर रात एक मजदूर बंगला मित्रसैन गांव के पास रेलवे ट्रैक पर काम कर रहा था। इसी दौरान अचानक तेज गति से आ रही मालगाड़ी की चपेट में आ गया। ट्रेन की टक्कर लगने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद लोगों में अफरा-तफरी मच गई। लोगों की भारी भीड़ मौके पर एकत्र हो गई। मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने घटना की सूचना पुलिस और रेलवे विभाग को दी। सूचना मिलते ही थाना माधोटांडा पुलिस और बिभाग के लोग मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच पडताल की,पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मृतक बहराइच जिले के थाना मोदीपुर के एक गांव का रहने वाला बताया जा रहा है। जिसकी सूचना मृतक के परिवार को दी गई। मृतक मेहनत मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण करता था। ग्रामीणों का कहना है कि रेलवे ट्रैक पर अक्सर मजदूर और ग्रामीणों की आवाजाही बनी रहती है। रात के समय पर्याप्त रोशनी और सुरक्षा व्यवस्था न होने के कारण हादसों का खतरा बना रहता है। लोगों ने रेलवे प्रशासन से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम कराने की मांग की है। थाना पुलिस ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। वहीं युवक की मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। गांव में घटना के बाद शोक का माहौल बना हुआ है।

### सड़क हादसे में घायल ग्रामीण की मौत से मचा कोहराम

**पूरनपुर।** युवक की सड़क हादसे में घायल होने के बाद सोमवार को मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। घुंघचाई थाना क्षेत्र के गांव कढैया गांव निवासी देव प्रकाश 24 अप्रैल को वाइक से किसी काम के लिए कबीरपुर कसगंजा गए थे। काम निपटाने के बाद वह वाइक से वापस घर आ रहे थे। इसी दौरान कसगंजा और कनपारा के बीच तेज रफ्तार व लापरवाही से वाइक चालक ने उनकी वाइक में टक्कर मार दी। जिससे वह सड़क पर गंभीर रूप से घायल होकर गिर पड़े। आसपास मौजूद लोगों में अफरा-तफरी मच गई। राहगीरों और स्थानीय लोगों ने तुरंत परिजनों और पुलिस को सूचना दी, घायल युवक को गंभीर हालत में पूरनपुर सीएचसी लाया गया। जंहा से जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया था। सुधार ना होने पर बरेली के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। सोमवार को उनकी मौत हो गई। सूचना मिलते ही परिवार में चीख-पुकार मच गई। मां-बाप और अन्य स्वजन का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। पोस्टमार्टम की कार्रवाई पूरी होने के बाद शव गांव पहुंचा तो माहौल और भी गमगीन हो गया। गमगीन माहौल में युवक का अंतिम संस्कार कर दिया गया। परिवार में कोहराम मचा है।



मृतक का फाइल फोटो।

## पिता की मौत, न्याय को भटकता बेटा

**पीलीभीत।** पूरनपुर क्षेत्र में हुए सड़क हादसे में पिता की मौत के बाद पीड़ित परिवार ने आरोपी पर कार्रवाई न होने का आरोप लगाते हुए जिलाधिकारी से न्याय की गुहार लगाई है। ग्राम मुजफ्फरनगर निवासी युवक ने शिकायत पत्र देकर कहा कि राजनीतिक दबाव के चलते पुलिस अब तक आरोपी के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं कर रही है। पीड़ित के अनुसार 29 अप्रैल की रात राजीव नगर चौराहे पर तेज रफ्तार जीप कंपास ने उनकी गाड़ी को टक्कर मार दी थी, जिसमें उनके पिता रामगोपाल गंभीर रूप से घायल हो गए। इलाज के दौरान 3 मई को उनकी मौत हो गई। मामले में थाना पूरनपुर में मुकदमा दर्ज होने के बावजूद आरोपी के वाहन को अब तक कब्जे में नहीं लिया गया है। पीड़ित ने आरोप लगाया कि आरोपी पक्ष दबंग और प्रभावशाली है तथा कार्रवाई की मांग करने पर परिवार को लगातार धमकियां दी जा रही हैं। भयभीत परिवार ने जिलाधिकारी से निष्पक्ष जांच, सख्त कार्रवाई और सुरक्षा दिलाने की मांग की है।




कमर तोड़ महंगाई के खिलाफ जुलूस निकालते कांग्रेसी। -जागरण मोर्चा

## महंगाई के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** बढ़ती महंगाई, पेट्रोल-डीजल, सीएनजी एवं रसोई गैस सिलेंडरों के दामों में लगातार हो रही वृद्धि के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी ने कलेक्ट्रेट पर जोरदार प्रदर्शन किया और राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से सौंपा।

प्रदर्शन का नेतृत्व कांग्रेस जिलाध्यक्ष हरप्रीत सिंह छब्बा एवं शहर अध्यक्ष श्रीकृष्ण गंगवार ने किया। कांग्रेस कार्यकर्ता कलेक्ट्रेट तिराहे पर एकत्र हुए, जहां से उन्होंने नारेबाजी करते हुए जिलाधिकारी कार्यालय तक जुलूस निकाला। इस दौरान नेताओं ने केंद्र एवं प्रदेश सरकार की नीतियों को जनविरोधी बताते हुए कहा कि महंगाई के कारण आम जनता, किसान, मजदूर और मध्यम वर्ग का जीवन प्रभावित हो रहा है। पेट्रोल-डीजल की कीमतों में वृद्धि से परिवहन और माल ढुलाई महंगी हो गई है, जिससे खाद्य सामग्री, सब्जियों और अन्य जरूरी वस्तुओं के दाम लगातार बढ़ रहे हैं। कांग्रेस नेताओं ने यह भी कहा कि घरेलू रसोई गैस के बढ़ते दामों ने आम परिवारों और गृहिणियों का बजट पूरी तरह बिगाड़ दिया है। ज्ञापन के माध्यम से राष्ट्रपति से बढ़ी हुई कीमतों को वापस लेने के लिए सरकार को निर्देशित करने की मांग की गई।

## आंगनबाड़ी सहायिकाओं को मिले नियुक्ति पत्र

**पीलीभीत।** बाल विकास विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में गन्ना विकास एवं चीनी मिलें राज्यमंत्री संजय गंगवार एवं जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह ने सदर विधानसभा क्षेत्र की नव चयनित 105 आंगनबाड़ी सहायिकाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए। कार्यक्रम में नियुक्ति पत्र प्राप्त करने वाली महिलाओं और उनके परिजनों में खासा उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम के दौरान राज्यमंत्री ने कहा कि सरकार महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए लगातार कार्य कर रही है। नियुक्ति पत्र पाकर सहायिकाओं के चेहरों पर खुशी साफ दिखाई दी। कार्यक्रम में जिला विकास अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी युगल किशोर सांगुड़ी सहित विभागीय अधिकारी भी मौजूद रहे। जानकारी के अनुसार परियोजना ललौरीखेड़ा की 40, अमरिया की 55 तथा मरौरी सदर क्षेत्र की 10 सहायिकाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए गए। कार्यक्रम का माहौल उत्साह और खुशी से भरा रहा।



द वर्डेट स्कूल में क्रिकेट मैच में जीत की खुशी मनाते खिलाड़ी। -जागरण मोर्चा

## रोमांचक मैच में एडवोकेट इलेवन जीता, सम्मानित

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** शेरपुरकलां रोड स्थित द वर्डेट पब्लिक स्कूल में रविवार शाम एडवोकेट इलेवन और जज इलेवन के बीच रोमांचक क्रिकेट मैच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए एडवोकेट इलेवन ने 15 ओवर में 200 रन बनाए, जिसमें जावेद खान ने 24 गेंदों पर 99 रन की विस्फोटक पारी खेली। जवाब में जज इलेवन की टीम 137 रन ही बना सकी। कप्तान अरुण कुमार ने 88 रन बनाए, लेकिन टीम को जीत नहीं दिला सके। एडवोकेट इलेवन ने 63 रन से मैच जीत लिया। विजेता और उपविजेता टीमों को विद्यालय की ओर से ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया।

## विकास के साथ पर्यावरण संरक्षण की मांग

### नेचर केयर ट्रस्ट ने केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद को सौंपा ज्ञापन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** सड़क चौड़ीकरण और विकास कार्यों के दौरान बड़ी संख्या में पेड़ों की कटाई को लेकर नेचर केयर ट्रस्ट, पीलीभीत ने चिंता व्यक्त करते हुए केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद को ज्ञापन सौंपा। ट्रस्ट ने मांग की कि विकास कार्यों के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण को भी प्राथमिकता दी जाए तथा जिन पेड़ों को हटाना अत्यावश्यक हो, उनका वैज्ञानिक तरीके से पुनःरोपण कराया जाए। साथ ही सुरक्षित स्थानों पर वृक्षों को स्थानांतरित कर संरक्षित करने की व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने की भी मांग उठाई गई।



केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद को ज्ञापन सौंपते नेचर केयर ट्रस्ट के पदाधिकारी।

ज्ञापन में कहा गया कि पेड़ पर्यावरण संतुलन, शुद्ध वायु और आने वाली पीढ़ियों के बेहतर भविष्य के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। ऐसे में अनावश्यक कटान रोकने के लिए प्रभावी कदम उठाए जाने चाहिए। केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद ने मामले को गंभीरता से लेते हुए पीडब्ल्यूडी अधिकारियों को सकारात्मक कार्रवाई के निर्देश दिए। इस अवसर पर नेचर केयर ट्रस्ट के अध्यक्ष हिमांशु जैसवार, सचिव दीप अग्रवाल, कोषाध्यक्ष डॉ. गौरव वर्मा, एडवोकेट मुदित अग्रवाल, आयुष मिश्रा, राहुल सक्सेना, शिवम माथुर एवं डॉ. सौरभ शर्मा सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे। ट्रस्ट ने प्रशासन और जनप्रतिनिधियों से विकास और हरित संरक्षण के बीच संतुलन बनाए रखने की अपील की।

## शादी समारोह में हुई मारपीट, एसपी से गुहार

**पीलीभीत।** शादी समारोह में डीजे पर डांस के दौरान हुए विवाद के बाद मारपीट और धारदार हथियार से हमले के मामले में पीड़ित परिवार ने पुलिस अधीक्षक से न्याय की मांग की है। पीड़ित दीनानाथ का आरोप है कि पुलिस ने मुकदमे में केवल एक आरोपी का नाम शामिल किया, जबकि घटना में अन्य लोग भी शामिल थे। घटना ग्राम गुटैया भाव में आयोजित एक शादी समारोह की बताई जा रही है। आरोप है कि विवाद के बाद रास्ते में घेरकर दीनानाथ और उनके पुत्र राजन के साथ मारपीट की गई तथा राजन के सिर पर धारदार हथियार से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया गया। पीड़ित परिवार ने एसपी को प्रार्थना पत्र देकर अन्य आरोपियों के नाम मुकदमे में शामिल करने और निष्पक्ष जांच कर कार्रवाई की मांग की है।



शेरपुर कलां में पूर्व प्रधान नाजिया खान के आवास पर लोगों से रूबरू होते तहसीलदार।

## शेरपुरकलां पहुंचे तहसीलदार जनगणना अभियान को दी गति

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शेरपुरकलां।** भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहे जनगणना अभियान के तहत शेरपुर कला में पूर्व प्रधान नाजिया खानम के कैंप कार्यालय पर जागरूकता गोष्ठी आयोजित की गई। कार्यक्रम में तहसीलदार आशीष कुमार गुप्ता एवं हल्का लेखपाल गौस मोहम्मद राजस्व टीम के साथ पहुंचे और ग्रामीणों को जनगणना से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां दीं। इस दौरान तहसीलदार ने मौके पर उपस्थित हाजी रियाजत खान के परिवार की ऑनलाइन जनगणना कर प्रक्रिया की जानकारी भी दी। कार्यक्रम में नागरिक सुरक्षा बल के जिला अध्यक्ष हाजी रियाजत नूर खान, फैजान खान, रजबल, आरिश रजा खान, समीर खान, डॉ. अदीब, तालिब खान, अजीम अंसारी, असलम खान, भगवानदास सहित ग्रामीण एवं क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

## टीकाकरण कार्यक्रम को और अधिक सशक्त बनाने हेतु विस्तृत समीक्षा बैठक हुई आयोजित

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पूरनपुर में रविवार को वर्ल्ड हेल्थ आर्गेनाईजेशन के सहयोग से नियमित टीकाकरण कार्यक्रम को अधिक प्रभावी एवं सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से टीकाकरण समीक्षा एवं कार्ययोजना बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. मनीष राज शर्मा ने की।

बैठक में नियमित टीकाकरण की प्रगति, छूटे हुए बच्चों की पहचान, माइक्रोप्लान की समीक्षा, टीकाकरण सत्र स्थलों की गुणवत्ता तथा जनजागरूकता गतिविधियों पर विस्तृत चर्चा की गई। साथ ही आगामी टीकाकरण सत्रों को और बेहतर ढंग से संचालित करने के लिए कार्ययोजना तैयार की गई। इस अवसर पर सर्विलांस मेडिकल ऑफिसर विपिन कुमार मिश्रा, ब्लॉक प्रतिरक्षण अधिकारी संजीव नायर, बीसीपीएम मीनाक्षी दुबे सहित समस्त एएनएम एवं एलएचवी मौजूद रहे।

प्रभारी चिकित्सा अधिकारी ने सभी स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को निर्देशित किया कि प्रत्येक पात्र बच्चे एवं गर्भवती महिला तक समय पर टीकाकरण सेवाएं पहुंचाना सुनिश्चित करें, ताकि क्षेत्र में शत-प्रतिशत प्रतिरक्षण लक्ष्य हासिल किया जा सके। बैठक के अंत में स्वास्थ्य विभाग एवं वर्ल्ड हेल्थ आर्गेनाईजेशन के संयुक्त प्रयासों से टीकाकरण कार्यक्रम को सफल बनाने का संकल्प लिया गया।



टीकाकरण समीक्षा एवं कार्ययोजना बैठक में भाग लेते एमओआईसी व स्वास्थ्य कर्मी।

## लखनऊ में लाठीचार्ज के विरोध में अधिवक्ताओं का प्रदर्शन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** लखनऊ में अधिवक्ताओं पर हुए लाठीचार्ज के विरोध में सोमवार को पूरनपुर के अधिवक्ताओं में आक्रोश देखा गया। तहसील परिसर में अधिवक्ताओं ने प्रदर्शन कर घटना की निंदा की और राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी अजीत प्रताप सिंह को सौंपा।

जिसमे अधिवक्ताओं ने कहा कि लखनऊ में शांतिपूर्ण तरीके से अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन कर रहे वकीलों पर पुलिस द्वारा किया गया लाठीचार्ज कर उनके चेंबरों पर वुलडोजर चला दिया गया। जो लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन है। उन्होंने आरोप लगाया कि अधिवक्ताओं के साथ अभद्रता की गई और बल प्रयोग कर उन्हें डराने का प्रयास किया गया। जिसे किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। प्रदर्शन के दौरान अधिवक्ताओं ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। उनका कहना था कि अधिवक्ता समाज न्याय व्यवस्था का महत्वपूर्ण हिस्सा है और उनके सम्मान व सुरक्षा के साथ खिलवाड़ नहीं होना चाहिए। ज्ञापन में मांग की गई कि लाठीचार्ज की घटना की निष्पक्ष जांच कराई जाए तथा दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाए। साथ ही भविष्य में अधिवक्ताओं के साथ इस प्रकार की घटनाएं न हों, इसके लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए जाएं। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

## लखनऊ में हुए लाठीचार्ज पर उबाल वकीलों ने राज्यपाल को भेजा ज्ञापन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** राजधानी लखनऊ में अधिवक्ताओं पर हुए कथित लाठीचार्ज और पुलिस कार्रवाई के विरोध में जिला संयुक्त बार एसोसिएशन, पीलीभीत ने कड़ा रोष जताते हुए जिलाधिकारी के माध्यम से राज्यपाल को ज्ञापन भेजा।

बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राजीव अवस्थी एवं महासचिव विधाराम वर्मा के नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने घटना की निंदा करते हुए दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। अधिवक्ताओं ने कहा कि भीषण गर्मी में भी वकील न्यायिक कार्यों का निर्वहन करते हैं, ऐसे में निहत्थे अधिवक्ताओं पर लाठीचार्ज बेहद दुर्भाग्यपूर्ण और निंदनीय है। ज्ञापन में लखनऊ में घायल हुए अधिवक्ताओं को आर्थिक सहायता देने, क्षतिग्रस्त चैम्बरों एवं टिन शेडों का पुनर्स्थापन कराने तथा प्रदेश में 'एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट' तत्काल लागू करने की मांग की गई। इस दौरान बार एसोसिएशन के कई पदाधिकारी एवं अधिवक्ता मौजूद रहे। वकीलों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।



लखनऊ में हुए लाठी चार्ज के विरोध में ज्ञापन सौंपते वकील। -जागरण मोर्चा

### महिला पर धारदार हथियार से हमला करने का आरोप

**पूरनपुर।** कोतवाली क्षेत्र के खमरिया पट्टी निवासी बंटू ने बताया कि उसकी मां पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। जिससे गंभीर रूप से घायल हो गई। आस पड़ोस के कई लोग मौके पर पहुंच गए। परिजन महिला को उपचार के लिए पूरनपुर सीएचसी लेकर पहुंचे,जहां से जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। महिला के पुत्र ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी है।




## पंचायत सहायक के देवर ने शिकायतकर्ता को दी धमकी

**पूरनपुर।** ग्राम पंचायत अमरैया कलां में पंचायत सचिवालय न खुलने की शिकायत करने पर शिकायतकर्ता रविन्द्र कुमार को झूठे मुकदमे में जेल भेजने की धमकी मिली है। यह धमकी पंचायत सहायक पुष्पा सिंह के देवर ने दी। रविन्द्र ने एक माह पूर्व जिला पंचायत राज अधिकारी राहुल भारती से शिकायत की थी कि चयन के बाद से पंचायत सहायक कभी सचिवालय नहीं खोलती हैं।जांच अधिकारी सौरभ गंगवार ने पंचायत सहायक को दो बार नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा था। सोमवार को भी सचिवालय बंद रहने पर पीड़ित ने वीडियो बनाकर अधिकारी को भेजी। वीडियो वायरल होने पर पंचायत सहायक ने आनन-फानन में घर की महिलाओं की फोटो भेजकर सचिवालय खुला होने का दावा किया।

**अवहेलना** ट्रांस शारदा क्षेत्र के गांव कबीरगंज के शारदा हायर सेकेडरी स्कूल का मामला

## माध्यमिक शिक्षा विभाग के आदेश को ठेंगा दिखा रहा स्कूल संचालक

### आदेश के बाद भी अवैध कक्षाएं बंद न करने का आरोप, डीएम से शिकायत

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** माध्यमिक शिक्षा विभाग के अधिकारी द्वारा अवैध कक्षाओं का संचालन बंद करने के आदेश को स्कूल संचालक ठेंगा दिखा जा रहा है। आरोप है कि आदेश के कई दिन बीतने के बाद भी अब तक बेखोफ होकर कक्षा 11 और 12 की कक्षाओं का संचालन किया जा रहा है। जबकि स्कूल की मान्यता हाईस्कूल तक ही है। स्कूल संचालक की इस मनमानी की शिकायत ग्रामीण द्वारा जिलाधिकारी से की गई है।

शासन से गैर मान्यता के स्कूल बंद कराने के कड़े निर्देश हैं। बावजूद इसके अवैध कक्षाओं के संचालन पर पूरी तरह से रोक नहीं लग पा रही है। आरोप है कि शिक्षा विभाग के कुछ जिम्मेदारों की उदासीनता और मिलीभगत से पूरनपुर क्षेत्र में बेखौफ स्कूल संचालक मान्यता के विपरीत अवैध कक्षाओं का संचालन कर रहे हैं। इस संबंध में अक्सर शिकायतें भी होती है। कुछ दिन पहले ट्रांस शारदा क्षेत्र के गांव कबीरगंज के जदुनाथ ने आईजीआरएस पर गांव के शारदा हायर सेकेंडरी स्कूल में अवैध कक्षाएं संचालित होने की शिकायत दर्ज कराई थी। कहा कि इस स्कूल में हाईस्कूल तक की मान्यता है लेकिन इंटरमीडियट (11 व 12) की कक्षाएं अवैध तरीके से संचालित की जाती हैं। शिकायत का संज्ञान लेकर जिला विद्यालय निरीक्षक ने राजकीय हाईस्कूल मुरैना गौड़ी के प्रधानाचार्य से जांच कराई। शिकायत सही पाई गई। आदेशों की निरंतर अवहेलना करने पर नौ मई को माध्यमिक शिक्षा विभाग द्वारा विद्यालय के जिम्मेदार पर एक लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया जो पंद्रह दिवस में भरने का आदेश दिया गया। जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा विभागीय कार्रवाई की रिपोर्ट डीएम को भेजी गई। इधर शिकायतकर्ता जदुनाथ का आरोप है कि जुर्माना लगाने के साथ स्कूल में संचालित अवैध कक्षाओं को तत्काल बंद करने का आदेश दिया गया। बावजूद इसके अवैध कक्षाओ का संचालन धड़ल्ले से किया जा रहा है। मामले की शिकायत जिलाधिकारी से कर शिकायतकर्ता ने निष्पक्ष जांच कराकर अवैध कक्षाएं बंद कराने की मांग की है।

### पिछले शैक्षिक सत्र में भी उजागर हुई थी मनमानी

*तहसील पूरनपुर क्षेत्र के गांव कबीरगंज में संचालित शारदा हायर सेकेंडरी स्कूल में पिछले शैक्षिक सत्र में भी अवैध कक्षाओं के संचालन प्रकाश में आया था। डीआईओएस द्वारा जारी आदेश पत्र के अनुसार शैक्षिक सत्र 2025-26 में भी 26 जुलाई 2025 को विद्यालय के निरीक्षण में भी अवैघ कक्षाओं का संचालन होना पाया गया था। उस वक्त प्रबंधक व प्रधानाचार्य ने अवैध कक्षाएं बंद करने का आश्वासन दिया था लेकिन अपनी हठधर्मिता नहीं छोड़ी। विद्यालय के प्रबंधक व प्रधानाचार्य को नोटिस भी दिए गए लेकिन अमल नहीं किया गया।*

*ग्रामीण की शिकायत पर जांच कराई गई। विद्यालय में कक्षा दस की मान्यता है लेकिन 11 और 12वीं की कक्षाओं का भी संचालन किया जा रहा था। विद्यालय प्रबंधक एवं प्रधानाचार्य द्वारा निरंतर आदेशों के घोर उल्लंघन पर एक लाख रुपये का अर्थदंड अधिरोपित किया गया। इसकी रिपोर्ट डीएम को भेजी जा चुकी है। अगर अब भी अवैध कक्षाएं लगाई जा रही है तो जांच कराकर स्कूल संचालक पर कठोर कार्रवाई कराई जाएगी।*

*-राजीव कुमार, डीआईओएस, पीलीभीत*

# लखपति दीदी योजना में बड़ा घोटाला, 1.75 करोड़ रुपये डकारे

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** मोदी सरकार की लखपति दीदी योजना में बड़ा घोटाला हो गया है। राष्ट्रीय अजीविका मिशन में शिकायतों के पन्ने पलटे गए और फिर जांच की गई तो बड़ा घोटाला सामने आया है। स्वंय सहायता समूह के जरिये लखपति दीदी का सपना सजोय 174 स्वयं सहायता समूहों में बड़ा खेल सामने आया है। इन स्वंय सहायता समूहों ने सामुदायिक निवेश निधि के तौर पर एक करोड़ 75 लाख रुपये ले तो लिये, पर लौटाये नहीं। अब लोन देने वाले बैक समूहों से रिकवरी करेंगे। घपलेबाजी खुलने के भय से विकास भवन के राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन मे हड़कंप मचा है। धरातल पर समूह ने न तो कार्य किया है नहीं सरकारी पैसा वापस किया है। एक तरह से घोटाला के दायरे में आ गया है।

जिले में समूह बनाकर राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) के तहत महिलाओं को रोजगार दिये जाने की योजना संचालित है। इसके लिये महिलाओं के स्वयं सहायता समूह बनवाए जाते हैं। उन्हें कुटीर उद्योग या अन्य स्वरोजगार का अवसर देने के लिये लोन दिया जाता है। जिले में 20,700 समूहों में 2.15 लाख महिलाएं जुड़ने का दावा राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन करता आया है। हकीकत में किसने समूह संचालित है यह न तो अफसरों से छिपा है और न ही इन समूहों को लोन देने वाली बैकों से। नियमानुसार, समूह को प्रथम चरण में 15 हजार रुपये का रिवॉल्विंग फंड दिया जाता है। उसकी वापसी होने पर सामुदायिक निवेश निधि के अंतर्गत बैंक शाखाएं बिना गारंटी लोन देती हैं। जैसे-जैसे समूह रुपये वापस करते जाते हैं, उनके लोन की लिमिट बढ़ती जाती है।

### तीन वर्ष से लगातार निष्क्रीय हैं 174 समूह

*राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अधिकारियों के मुताबिक 174 समूहों को 1.10 लाख रुपये की दर से सामुदायिक निवेश निधि दी गई थी। ये समूह तीन वर्ष से लगातार निष्क्रिय हैं। अब ये कहां संचालित है, किसी को पता नहीं। स्वसहायता समूह का गठन करते समय और लोन लेते समय जो कार्यालय दर्शाया गये वे सभी बंद हो गये। बैंक खातों में भी कोई लेनदेन नहीं हो रहा। जिससे माना जा रहा है कि 479 समूहों ने कामकाज समेट लिया। इस समूहों द्वारा लिया गया लोग वापस नहीं किय जा रहा है। एक करोड़ 75 लाख रुपये फंसने के बाद अब ब्लाक मिशन प्रबंधक एवं बैंक के रिकवरी एजेंटों की टीमें संयुक्त रूप से रिकवरी अभियान चलाएंगी। गांवों में पहुंचकर समूहों की महिलाओं से कहा जाएगा कि रुपये जमा करें।*

### यह है समूह बनने और लोन लेने के नियम

*आजीविका मिशन के अंतर्गत 10 या इससे अधिक महिलाएं स्वयं सहायता समूह बनाती हैं। उन्हें सबसे पहले दरी, रजिस्टर आदि के लिए 2500 रुपये दिए जाते हैं। इसके बाद रिवाल्विंग फंड से 15 हजार रुपये दिए जाते थे, यह धनराशि अब बढ़कर 30 हजार कर दी गई। समूहों की सक्रियता देखते हुए संकुल स्तरीय समिति सामुदायिक निवेश निधि के रूप में 1.10 लाख रुपये देने की संस्तुति करती थी, यह धनराशि अब 1.50 रुपये कर दी गई। धनराशि दिए जाने पर प्रत्येक बार समूह की सभी महिलाओं के हस्ताक्षर कराए जाते हैं।*

### क्या बोले जिम्मेदार

*राष्ट्रीय अजीविका मिशन के प्रभारी उपायुक्त अखिलेश कुमार चौबे का कहना है कि तीन साल में सिर्फ 174 समूह निष्क्रिय हो गये। जो 1.75 करोड़ रुपये लोन के जमा नहीं किये। नोटिस जारी किये हैं। ब्लाक मिशन प्रबंधक एवं बैंक के रिकवरी एजेंटों की टीमें संयुक्त रूप से रिकवरी अभियान चलायेंगे। सभी समूह से धन की रिकवरी की जायेगी।*

## तर्क परौली में 5 दिन से बिजली आपूर्ति ठप

**ओरछी।** थाना क्षेत्र के गाँव तर्क परौली में बीती 13 मई को आई तेज आंधी तूफ़ान में कई गाँवों तथा जंगलो में पेड़ टूटे, जो बिजली के खंभे तथा बिजली की लाइन पर जाकर गिर गए। जिसकी बजह से तर्क परौली को जोड़ने वाले मुख्य मार्ग पर तीन खंभे टूट गए जिससे बिजली की व्यवस्था चौपट हो गई है।

विशाल लोधी के ट्यूबवेल से मेथा टंकी के पास तक विद्युत लाइन के तीन खंभे टूटे पड़े है तथा बिजली की लाइन जमीन से छू रही है,जिसे रास्ते पर ये बिजली के खंभे टूटे पड़े है वो रास्ता मुख्य रास्ता है जो कई गाँवों को जोड़ता है जिससे राहगीरों के आवागबन में भी दिक्कत आ रही है तेज गर्मी में फसल भी सूखने लगी है। ग्रामीणों के अनुसार बिजली विभाग के अधिकारियो से भी इसकी शिकायत की गई है लेकिन अब तक कोई समाधान नही हुआ है पांच दिन बीत जाने के बाद भी गाँव की हालत जस की तस बनी हुई है।

# खबर का असर: दो दिन बाद जागा बिजली विभाग, टूटे खंभे खड़े कर शुरू हुआ कार्य

### जागरण मोर्चा की खबर के बाद हरकत में आया विभाग, जल्द बहाल होगी आपूर्ति




जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** क्षेत्र के बिजली घर के पेंपल फीटर पर आई तकनीकी समस्या को लेकर ग्रामीणों में भारी नाराजगी देखने को मिल रही थी। दरअसल, दो दिन पहले आए तेज तूफान और आंधी के कारण बिजली लाइन के कई खंभे टूट गए थे, जिससे दर्जनों गांव अंधेरे में डूब गए। जबकि अन्य फीटरों की बिजली आपूर्ति बहाल कर दी गई थी, पेंपल फीटर से जुड़े कुछ गांव अब भी बिजली से वंचित थे। इससे ग्रामीणों में रोष बढ़ता जा रहा था और बिजली विभाग के साथ-साथ प्राइवेट कंपनी वोल्टास की कार्यशैली पर भी सवाल उठ रहे थे।

इस गंभीर समस्या को जागरण मोर्चा अखबार ने प्रमुखता से उठाया और जिम्मेदार अधिकारियों का ध्यान इस ओर आकर्षित किया। खबर प्रकाशित होने के बाद आखिरकार बिजली विभाग हरकत में आया और मौके पर टीम भेजी गई। विभागीय कर्मचारियों द्वारा टूटे हुए खंभों को खड़ा कर दिया गया है और अब बिजली लाइन को दुरुस्त करने का कार्य तेजी से जारी है। ग्रामीणों ने बताया कि पिछले दो दिनों से उन्हें भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। न केवल घरेलू कामकाज प्रभावित हुआ, बल्कि किसानों और छोटे व्यापारियों को भी नुकसान झेलना पड़ा। बच्चों की पढ़ाई भी बाधित हो रही थी। ऐसे में खबर सामने आने के बाद विभाग की सक्रियता ने लोगों को राहत की उम्मीद दी है। बिजली विभाग के अधिकारियों का कहना है कि मरम्मत कार्य युद्धस्तर पर किया जा रहा है और जल्द ही सभी प्रभावित गांवों में बिजली आपूर्ति पूरी तरह से बहाल कर दी जाएगी। वहीं, ग्रामीणों ने भी उम्मीद जताई है कि अब उन्हें जल्द ही बिजली संकट से निजात मिलेगी। इस पूरे घटनाक्रम ने एक बार फिर यह साबित कर दिया कि मीडिया की सक्रियता और जनहित में उठाई गई आवाज का प्रभाव प्रशासन पर पड़ता है और समस्याओं का समाधान तेजी से संभव हो पाता है।

# ई-रिक्शा की टक्कर में टेंपो सवार महिला की मौत

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** वजीरगंज थाना क्षेत्र के गांव टिकुरी निवासी 45 वर्षीय गुड्डो देवी पत्नी सुनील कुमार लंबे समय से शारीरिक दर्द से पीड़ित थीं। परिजनों के अनुसार उन्होंने कई स्थानों पर इलाज कराया, लेकिन कहीं से भी राहत नहीं मिली।

इसी के चलते सोमवार सुबह वह अपने पति के साथ टेंपो में बैठकर थाना बिल्सी क्षेत्र के बैरमई गांव में एक भगत से दवा लेने जा रही थीं। बताया जा रहा है कि टेंपो जैसे ही बिसौली क्षेत्र से आगे बढ़ा, तभी विपरीत दिशा से आ रहे एक तेज रफ्तार ई-रिक्शा ने टेंपो में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि टेंपो में सवार गुड्डो देवी और उनके पति सुनील कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को तत्काल उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा गया। जिला अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने गुड्डो देवी की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें मृत घोषित कर दिया। वहीं उनके पति सुनील कुमार का इलाज जारी है।

### पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया शव

*अस्पताल प्रशासन ने शव को अपने कब्जे में लेकर जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया है। पुलिस ने आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना के बाद क्षेत्र में शोक का माहौल है और परिजन दोषी वाहन चालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।*

## मदर प्राइड कॉन्वेंट स्कूल में छात्र को मानसिक प्रताड़ना का आरोप

**बदायूं।** मदर प्राइड कॉन्वेंट स्कूल में छात्र को मानसिक रूप से प्रताड़ित करने का मामला सामने आया है। गरगईया निवासी विपिन गुप्ता ने प्रधानाचार्य पर उनके बेटे को वार्षिक परीक्षा से वंचित करने का आरोप लगाया है।

पीड़ित पिता के अनुसार, 17 मार्च को परीक्षा के दिन प्रधानाचार्य ने छात्र को पेपर नहीं देने दिया। आरोप है कि बच्चे को एक एकांत कमरे में बंद कर दिया गया, जिससे वह डर गया और मानसिक तनाव में आ गया। पीड़ित अभिभावक ने उसी दिन एसडीएम को शिकायती पत्र सौंपकर स्कूल प्रशासन के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

# पेट्रोल-डीजल मूल्यवृद्धि: कांग्रेस का विरोध प्रदर्शन

जागरण मोर्चा कार्यालय



डीजल पेट्रोल के दाम बढ़ने पर प्रदर्शन करते कांग्रेस के लोग। -जागरण मोर्चा

**बदायूं।** मोदी सरकार द्वारा पेट्रोल डीजल व गैस के दामों में की गई वृद्धि और महंगाई के खिलाफ कांग्रेस ने बिल्सी तहसील परिसर में विरोध प्रदर्शन किया और प्रधानमंत्री के नाम नायाब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपकर पेट्रोल, डीजल तथा रसोई गैस की बढ़ी हुई कीमतों को तत्काल वापस लेने की मांग की।

प्रांतीय आह्वान पर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा कांग्रेस जिलाध्यक्ष अजीत यादव के नेतृत्व में सोमवार को अपराहन 12 बजे बिल्सी तहसील प्रांगण में कांग्रेस कार्यकर्ता एकत्रित हुए और पेट्रोल डीजल व गैस की मूल्यवृद्धि के विरोध में नारेबाजी की और प्रदर्शन किया। एसडीएम के ज्ञापन लेने न पहुंचने पर कांग्रेसी एसडीएम कार्यालय के सामने धरने पर बैठ गए। कुछ देर बाद नायब तहसीलदार ने पहुंचकर प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन लिया। इस दौरान बोलते हुए कांग्रेस जिलाध्यक्ष अजीत यादव ने कहा कि मोदी सरकार की गलत नीतियों के कारण मध्यम वर्ग और आम जनता पर महंगाई का भारी बोझ बढ़ गया है, बेरोजगारी की समस्या गंभीर हो गई है। जिला उपाध्यक्ष बफ़ाती मियां और जिला महासचिव अनिल उपाध्याय ने कहा कि तेल गैस संकट मोदी सरकार की विदेश नीति की विफलता की देन है। पेट्रोल-डीजल की कीमतों में वृद्धि से परिवहन, खाद्य सामग्री, खेती-किसानी और दैनिक उपयोग की वस्तुएं महंगी होती जा रही हैं, जिससे मध्यम वर्ग, किसान, मजदूर, छात्र एवं गरीब परिवार सबसे अधिक प्रभावित हो रहे हैं। जिला महासचिव आलोक सिंह व जिला सचिव मोरध्वज लोधी और राजीव पटेल ,अहमद अमजदी ने कहा कि मोदी सरकार ने अमेरिका के दबाव में रूस से सस्ते तेल का आयात रोक दिया। इसका खामियाजा देश की जनता को पेट्रोल, डीजल और एलपीजी पर अपनी जेब से भरना पड़ रहा है।मूल्यवृद्धि से महंगाई बढ़ेगी और आम आदमी का जीवन मुश्किल हो जाएगा। प्रदर्शन में कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष प्रभारी संगठन चौधरी वफाती मिया, ब्लॉक अध्यक्ष अंबियापुर अनुग्रह सिंह जिला महासचिव अनिल उपाध्याय, किसान कांग्रेस के जिला अध्यक्ष सद्दाम सैफी, इस्लामनगर नगर अध्यक्ष डॉ तनवीर, ब्लॉक अध्यक्ष इस्लामनगर यूनुस सकलैनी, जिला सचिव अहमद अमजदी, राजीव पटेल, अल्पसंख्यक विभाग के पूर्व सचिव सैयद जाबिर ज़ैदी, विचार विभाग के जिला अध्यक्ष इकरार अली, जिला सचिव मोरध्वज लोधी, नगर अध्यक्ष उझानी बबलू सैफी, डॉक्टर खलील आदि मौजूद रहे।

## छेड़खानी के दोषी को 3 साल की सजा, जुर्माना

**बदायूं।** पॉक्सो एक्ट की विशेष अदालत ने नाबालिग से छेड़छाड़ के एक मामले में ऐतिहासिक फैसला सुनाया है। न्यायाधीश अनीता ने आरोपी शिवकुमार को दोषी पाते हुए तीन साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। इसके साथ ही दोषी पर 10 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है। अभियोजन पक्ष के अनुसार, यह घटना कादरचौक थाना क्षेत्र की है, जहां आरोपी ने घर में घुसकर नाबालिग के साथ अभद्र व्यवहार किया था। पीड़िता के परिजनों की शिकायत और पुलिस द्वारा पेश किए गए पुख्ता साक्ष्यों के आधार पर अदालत ने यह निर्णय लिया। न्यायालय ने स्पष्ट किया कि बच्चों के विरुद्ध अपराधों में कोई ढिलाई नहीं बरती जाएगी। इस फैसले से समाज में कड़ा संदेश गया है।

# आमने-सामने की भिड़ंत में व्यक्ति की मौत, दो महिलाएं गंभीर घायल

जागरण मोर्चा कार्यालय

**सहसवान।** कोतवाली क्षेत्र में सहसवान-इस्लामनगर मार्ग पर ग्राम मानकपुर के पास सोमवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। दो बाइकों की आमने-सामने की टक्कर में एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गईं। घटना के बाद दूसरी बाइक पर सवार लोग मौके से फरार हो गए, जिससे क्षेत्र में सनसनी फैल गई।

ग्राम नादेरी थाना इस्लामनगर निवासी शायर अली (55) पुत्र सफी मोहम्मद अपनी पत्नी सलमा (50) और सलमा की बुआ भूरी के साथ बाइक से सहसवान की ओर जा रहे थे। जैसे ही उनकी बाइक मानकपुर के पास पहुंची, सामने से आ रही एक अन्य तेज रफ्तार बाइक से उनकी जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि शायर अली सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि बाइक पर बैठी दोनों महिलाएं भी बुरी तरह घायल हो गईं। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग मौके पर पहुंच गए और घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने शायर अली को मृत घोषित कर दिया। वहीं उनकी पत्नी सलमा की हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया, जबकि भूरी का उपचार स्थानीय स्तर पर जारी है। हादसे के बाद दूसरी बाइक पर सवार लोग अपनी बाइक सहित मौके से फरार हो गए। पुलिस ने मामले की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है और फरार बाइक सवारों की तलाश की जा रही है। इस दर्दनाक हादसे की खबर मिलते ही मृतक के परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। गांव में भी शोक की लहर दौड़ गई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

### हादसे के बाद दूसरी बाइक सवार मौके से फरार, परिवार में कोहराम

## गंगा एक्सप्रेसवे: घर खड़ी कार का कटा चालान

**बदायूं।** गंगा एक्सप्रेसवे पर टोल वसूली में बड़ी तकनीकी गड़बड़ी सामने आई है। डहरपुर निवासी दुकानदार नवल किशोर की कार घर पर खड़ी थी, लेकिन शनिवार रात उनके मोबाइल पर 370 रुपये टोल कटने का मैसेज आ गया। पीड़ित के अनुसार, वे कभी अपनी कार गंगा एक्सप्रेसवे पर लेकर नहीं गए।यह मामला फास्टैग या कैमरों की तकनीकी खामी या किसी अन्य वाहन से नंबर लिंक होने का लग रहा है। परेशान पीड़ित ने तुरंत एसडीएम दातागंज, स्थानीय पुलिस और यूपीडा (UPEIDA) को लिखित शिकायत भेजी है। उन्होंने मामले की निष्पक्ष जांच कराकर अपनी कटी हुई रकम वापस दिलाने और सिस्टम को सुधारने की मांग की है।

# एनएचएम कर्मियों का काली पट्टी बांधकर विरोध

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बदायूं।** भारतीय मजदूर संघ से सम्बद्ध उप्र राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संविदा कर्मचारी संघ (रजि०) के प्रान्तीय अध्यक्ष मयंक प्रताप सिंह द्वारा घोषित पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के क्रम में सोमवार को जिले भर में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के संविदा कर्मचारियों द्वारा काली पट्टी बाँध कर कार्य करते हुए विगत 2 माह से लंबित मानदेय के विरोध में प्रदर्शन किया गया।

प्रदेश के विभिन्न जनपदों में कर्मचारियों ने अपने-अपने कार्यस्थलों पर उपस्थित होकर विभाग के प्रति शांतिपूर्ण ढंग से अपना विरोध दर्ज कराया। संघ के प्रदेश महामंत्री आदित्य भारती ने बताया कि इस प्रदेशव्यापी विरोध कार्यक्रम में बड़ी संख्या में एनएचएम के संविदा चिकित्सक, एएनएम, स्टॉफ नर्स, लैब टेक्नीशियन, सीएचओ, पैरामेडिकल स्टॉफ, बीपीएम, बीसीपीएम, मैनेजमेंट स्टॉफ सहित अन्य समस्त संविदा कर्मचारियों ने प्रतिभाग किया। उन्होंने कहा कि मार्च एवं अप्रैल 2026 का मानदेय अभी तक न मिलने के कारण कर्मचारियों एवं उनके परिवारों के समक्ष गंभीर आर्थिक संकट उत्पन्न हो गया है। बच्चों के विद्यालयों का नया सत्र प्रारम्भ होने के बावजूद कर्मचारी फीस, पुस्तकों एवं दैनिक आवश्यकताओं की पूर्ति करने में असमर्थ हो रहे हैं, जिससे कर्मचारियों में भारी रोष व्याप्त है। संघ द्वारा स्पष्ट किया गया कि यह विरोध कार्यक्रम दिनांक 19 एवं 20 मई 2026 को भी पूरे प्रदेश में जारी रहेगा। यदि 20 मई तक कर्मचारियों के लंबित मानदेय का भुगतान नहीं किया जाता है, तो 21 मई 2026 से प्रदेश के समस्त एनएचएम संविदा कर्मचारी कार्य बहिष्कार करने को बाध्य होंगे। हालांकि जनहित को ध्यान में रखते हुए इमरजेंसी सेवाओं को इस दौरान सुचारु रूप से संचालित रखा जाएगा। संघ नेतृत्व ने शासन एवं विभागीय अधिकारियों से मांग की है कि कर्मचारियों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए तत्काल लंबित मानदेय का भुगतान सुनिश्चित कराया जाए, जिससे कर्मचारियों को आंदोलन की स्थिति से बाहर निकाला जा सके।

जिलाध्यक्ष कृष्ण वल्लभ चतुर्वेदी राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कर्मचारी संघ ने बताया कि दातागंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दातागंज पर काफी लंबे समय से तैनात संविदा कर्मी यो वह वेतन नहीं मिला है इस कारण संबंध संविदा कर्मियों का सब्र का बांध टूट गया आज उन्होंने काली पट्टी बांधकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर प्रदर्शन कर वेतन दिलाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि इस महंगाई के दौर में अपने बच्चों के गुजर के लिए हम लोग क्या करें उन्होंने शीघ्र वेतन दिलाने की मांग जिले के उच्च अधिकारियों से की है।

**अव्यवस्था** गर्मी से बचने के लिए पेड़ों की छांव तलाश रहे मरीज व तीमारदार

# सरकारी अस्पताल के हीटवेव वार्ड में इंतजाम नाकाफी, मरीज हो रहे परेशान

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बदायूं।** जिले में लगातार बढ़ रही भीषण गर्मी और हीटवेव के प्रकोप के बीच सरकारी अस्पतालों में बनाए गए हीटवेव वार्ड मरीजों को राहत देने में नाकाम साबित हो रहे हैं। जिला अस्पताल समेत जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बने हीटवेव वार्ड में पर्याप्त इंतजाम न होने से मरीजों और उनके तीमारदारों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। हालत यह है कि वार्ड के भीतर उमस और गर्मी से परेशान लोग अस्पताल परिसर में पेड़ों की छांव तलाशने को मजबूर हैं। पिछले कई दिनों से तापमान 46 डिग्री सेल्सियस के आसपास पहुंच रहा है। तेज धूप और लू के थपेड़ों के कारण बुजुर्ग, बच्चे और मजदूर वर्ग सबसे अधिक प्रभावित हो रहे हैं। अस्पताल में प्रतिदिन बुखार, चक्कर, उल्टी, डिहाइड्रेशन और बेहोशी जैसे लक्षणों वाले मरीजों की संख्या बढ़ रही है। इसके बावजूद अस्पताल प्रशासन की ओर से हीटवेव वार्ड में पर्याप्त कूलर, पंखे और पीने के ठंडे पानी की व्यवस्था नहीं की गई है। अस्पताल पहुंचे मरीजों के परिजनों ने बताया कि वार्ड में लगे अधिकतर पंखे या तो खराब हैं या बेहद धीमी गति से चल रहे हैं। कई जगह कूलर शोपीस बने हुए हैं, जिनमें पानी तक नहीं भरा जा रहा। बिजली कटौती की समस्या अलग से मरीजों की परेशानी बढ़ा रही है। वार्ड में उमस इतनी अधिक है कि मरीज बाहर खुले स्थानों में बैठने को मजबूर हैं। तीमारदारों का कहना है कि अस्पताल परिसर में बैठने की पर्याप्त व्यवस्था भी नहीं है। कई लोग पेड़ों के नीचे जमीन पर बैठकर मरीजों की देखभाल कर रहे हैं। दोपहर के समय गर्म हवाओं के कारण हालात और खराब हो जाते हैं। मरीजों को राहत देने के बजाय अस्पताल का माहौल उनकी तकलीफ बढ़ा रहा है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि प्रशासन ने कागजों में हीटवेव से निपटने के बड़े-बड़े दावे किए थे, लेकिन जमीनी स्तर पर तैयारियां अधूरी हैं। स्वास्थ्य विभाग की ओर से समय रहते व्यवस्थाओं को दुरुस्त नहीं किया गया। ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले मरीजों को सबसे अधिक परेशानी उठानी पड़ रही है। उधर, डॉक्टरों का कहना है कि लगातार बढ़ती गर्मी के कारण मरीजों की संख्या अचानक बढ़ गई है। उपलब्ध संसाधनों में बेहतर इलाज देने का प्रयास किया जा रहा है। अस्पताल प्रशासन ने जल्द अतिरिक्त कूलर और पेयजल की व्यवस्था कराने का भरोसा दिया है। विशेषज्ञों का कहना है कि हीटवेव के दौरान थोड़ी सी लापरवाही भी जानलेवा साबित हो सकती है। ऐसे में लोगों को सतर्क रहने की जरूरत है।

### हीटवेव से बचाव के लिए जरूरी सुझाव

- *दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक बिना जरूरी काम घर से बाहर न निकलें।*
- *बाहर निकलते समय सिर को गमछा, टोपी या छाते से ढककर रखें।*
- *अधिक से अधिक पानी, नींबू पानी, छाछ और ओआरएस का सेवन करें।*
- *खाली पेट धूप में न जाएं।*
- *बच्चों और बुजुर्गों को विशेष सावधानी में रखें।*
- *हल्के रंग और ढीले सूती कपड़े पहनें।*
- *तेज धूप में काम करने वाले मजदूर बीच-बीच में छांव में आराम करें।*
- *चक्कर, उल्टी, तेज बुखार या बेहोशी की स्थिति में तुरंत अस्पताल पहुंचें।*

*जिला अस्पताल व महिला अस्पताल समेत जिले की सभी सीएससी पर गर्मी से बचने के लिए पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। अगर कहीं मरीज को दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है तो जांच कराकर कार्रवाई की जाएगी। जो भी दोषी होगा उसे छोड़ा नहीं जाएगा।* **-डॉ. मोहन झा, सीएमओ**

# छत से गिरकर विवाहिता की मौत, दहेज हत्या का आरोप

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बदायूं।** जनपद के सहसवान थाना क्षेत्र के गांव मचोना की मढ़ैया में रविवार शाम एक दर्दनाक हादसे में 22 वर्षीय विवाहिता पूजा की मौत हो गई। घटना शाम करीब सात बजे की बताई जा रही है, जब पूजा अपने घर की छत पर मौजूद थी। उसी दौरान अचानक बंदरों का एक झुंड वहां पहुंच गया, जिससे घबराकर वह अपनी जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगी।

प्रत्यक्षदर्शियों और परिजनों के अनुसार, बंदरों की घुड़की और हमले के डर से पूजा छत पर तेजी से भागी, लेकिन संतुलन बिगड़ने के कारण वह नीचे जा गिरी। गिरने की आवाज सुनते ही परिवार के लोग मौके पर पहुंचे और गंभीर रूप से घायल अवस्था में उसे तुरंत पास के एक निजी अस्पताल ले जाया गया।

### मायके पक्ष ने लगाया दहेज हत्या का आरोप

*मामले ने उस समय तूल पकड़ लिया जब मृतका के मायके पक्ष ने ससुराल वालों पर दहेज हत्या का आरोप लगाया। उनका कहना है कि पूजा को दहेज के लिए प्रताड़ित किया जाता था और उसकी मौत संदिग्ध परिस्थितियों में हुई है। उन्होंने मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।*

# चेन्नई को चौथा झटका, 15 रन बनाकर आउट हुए ऋतुराज, कमिंस को मिली तीसरी सफलता

**चेन्नई।** आज आईपीएल 2026 का 63वां मुकाबला चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच चेपॉक स्टेडियम पर खेला जा रहा है। सीएसके ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी चुनी है।

चेन्नई को तीसरा झटका कमिंस ने दिया। उन्होंने नीतीश रेड्डी के हाथों कार्तिक शर्मा को कैच कराया। वह 19 गेंदों में 32 रन बनाकर आउट हुआ। अब ऋतुराज का साथ देने डेवाल्ड ब्रेविस आए हैं। सीएसके को उर्विल पटेल के रूप में दूसरा झटका लगा है। उर्विल आठ गेंदों पर दो छक्के की मदद से 13 रन बनाकर आउट हुए। चेन्नई को पहला झटका कमिंस ने दिया। उन्होंने सैमसन को ईशान किशन को कैच कराया। वह 13 गेंदों में 27 रन बनाकर लौटे। अब ऋतुराज गायकवाड़ का साथ देने उर्विल पटेल आए हैं। चेन्नई की पारी शुरू हो चुकी है। संजू सैमसन




और ऋतुराज गायकवाड़ क्रीज पर हैं। हैदराबाद की ओर से पहला ओवर नीतीश रेड्डी फेंक रहे हैं।

चेन्नई ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया है। कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ ने बताया कि आज भी धोनी नहीं खेलेंगे। वह फिलहाल फिट नहीं हैं। चेन्नई इस मैच में एक बदलाव के साथ उतरी है। अकील हुसैन की गुरजपनीत सिंह की जगह वापसी हुई है। वहीं, हैदराबाद ने प्लेइंग-11 में कोई बदलाव नहीं किया है।

इस बीच, भारतीय सेना में मानद रैंक रखने वाले लेफ्टिनेंट कर्नल धोनी ने 17 मई को चेन्नई स्थित एनएसजी रीजनल हब का दौरा भी किया। धोनी की यह यात्रा सोशल मीडिया पर काफी चर्चा में रही और फैंस ने इसे उनके अनुशासन और देशभक्ति से जोड़कर देखा।

धोनी के पूर्व साथी और सीएसके स्टार रविचंद्रन अश्विन ने भी संकेत दिए हैं कि थाला इस मैच में खेल सकते हैं। अश्विन ने कहा, 'मुझे लगता है कि सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मैच में एमएस धोनी के खेलने की अच्छी संभावना है। जहां तक मैंने सुना है, वह पिछले दो-तीन मैचों से खेलने के लिए तैयार थे।' कुछ रिपोर्ट्स में यह भी कहा गया कि धोनी टीम के भविष्य को ध्यान में रखते हुए खुद को बाहर रख रहे थे ताकि युवा खिलाड़ियों को मौका मिल सके। साल 2021 में सीएसके के खिताब जीतने के बाद चेन्नई में आयोजित समारोह में धोनी ने अपने भविष्य को लेकर बड़ा संकेत दिया था। उन्होंने कहा था, 'मैंने हमेशा अपने क्रिकेट की योजना बनाई है। मेरा आखिरी वनडे घरेलू मैच रांची में था। इसलिए उम्मीद है कि मेरा आखिरी टी20 मैच चेन्नई में होगा। चाहे वह अगले साल हो या पांच साल बाद, हम नहीं जानते।' अब ठीक पांच साल बाद चेन्नई में सीएसके का आखिरी मैच खेला जा रहा है, जिससे फैंस इस बयान को धोनी की संभावित विदाई से जोड़ रहे हैं।

## चयन समिति की मंगलवार को बैठक, बुमराह के कार्यभार रोहित की फिटनेस पर नजरें; प्रिंस को मिलेगा मौका?

**नई दिल्ली।** भारतीय पुरुष चयन समिति की मंगलवार को गुवाहाटी में बैठक होगी। इस दौरान अफगानिस्तान के खिलाफ अगले महीने होने वाली एकमात्र टेस्ट और तीन मैचों की वनडे सीरीज के लिए टीम का चयन होगा। इस दौरान तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के कार्यभार प्रबंध और रोहित शर्मा की मैच फिटनेस पर विशेष रूप से चर्चा होगी। आईपीएल 2026 सीजन का फाइनल 31 मई को अहमदाबाद में होगा। इसके बाद छह जून से मुल्लांपुर में अफगानिस्तान के खिलाफ एकमात्र टेस्ट मैच खेला जाएगा।

वनडे मैच धर्मशाला, लखनऊ और चेन्नई में क्रमशः 14, 17 और 20 जून को खेले जाएंगे। इस बात की संभावना कम है कि बुमराह को दोनों प्रारूपों के लिए चुना जाएगा, क्योंकि वनडे में उन्हें तुरंत खिलाने की कोई जल्दबाजी नहीं है। 50 ओवर का विश्व कप अभी काफी दूर है। वहीं, रोहित शर्मा की फिटनेस भी चिंता का विषय




बनी हुई है। आईपीएल के दौरान हैमस्ट्रिंग चोट के कारण वह मुंबई इंडियंस के कई मुकाबलों से बाहर रहे थे। पंजाब किंग्स के खिलाफ पिछले मैच में भी उन्होंने केवल इम्पैक्ट प्लेयर के रूप में बल्लेबाजी की थी। ऐसे में चयनकर्ता उन्हें तभी टीम में शामिल करेंगे, जब वह पूरी तरह फिट होंगे।

दूसरी ओर, विराट कोहली ने आईपीएल में शानदार फॉर्म दिखाकर अपनी उपयोगिता फिर साबित की है। रोहित की तरह अब केवल एक प्रारूप खेलने वाले कोहली के अफगानिस्तान के खिलाफ तीनों वनडे मैचों में खेलने की पूरी संभावना है। सबसे अधिक महत्व एकमात्र टेस्ट मुकाबले को दिया जा रहा है, क्योंकि हाल के समय में भारतीय टीम पारंपरिक प्रारूप में, खासकर घरेलू परिस्थितियों में, संघर्ष करती नजर आई है। बल्लेबाजों की स्पिन-अनुकूल पिचों पर कमजोरियां लगातार सामने आई हैं। पिछले वर्ष नवंबर में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ घरेलू सीरीज में यह समस्या खुलकर उजागर हुई थी। चेतेश्वर पुजारा के बाद टेस्ट टीम में नंबर तीन बल्लेबाजी क्रम अब तक स्थिर नहीं हो पाया है। साई सुदर्शन को अवसर मिले, लेकिन वह अपेक्षाओं पर खरे नहीं उतर सके।

# क्या चेन्नई में आज खत्म होगा थाला का IPL सफर?

**चेन्नई।** चेन्नई सुपर किंग्स के दिग्गज कप्तान एमएस धोनी को लेकर आईपीएल 2026 में संन्यास की अटकलें तेज हो गई हैं। चेपॉक में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मुकाबले से पहले फैंस उम्मीद कर रहे हैं कि धोनी आखिरी बार मैदान पर उतर सकते हैं। पांच साल पहले दिया गया उनका बयान अब फिर चर्चा में है, जिसमें उन्होंने कहा था कि वह अपना आखिरी टी20 मैच चेन्नई में खेलना चाहते हैं।

आईपीएल 2026 में आज चेन्नई सुपर किंग्स का यह आखिरी घरेलू मुकाबला है और इसके बाद इस सीजन चेन्नई में कोई मैच नहीं खेला जाएगा। ऐसे में माना जा रहा है कि अगर धोनी मैदान पर उतरते हैं तो यह उनके आईपीएल करियर का आखिरी मुकाबला हो सकता है। धोनी इस पूरे सीजन में मैदान से बाहर रहे हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक वह शुरुआत से ही



पिंडली की चोट से जूझ रहे हैं। हालांकि सीएसके प्रबंधन लगातार यही कहता रहा है कि वह चयन के लिए उपलब्ध नहीं हैं।

साल 2021 में सीएसके के खिताब जीतने के बाद चेन्नई में आयोजित समारोह में धोनी ने अपने भविष्य को लेकर बड़ा संकेत दिया था। उन्होंने कहा था, 'मैंने हमेशा अपने क्रिकेट की योजना बनाई है। मेरा आखिरी वनडे घरेलू मैच रांची में था। इसलिए उम्मीद है कि मेरा आखिरी टी20 मैच चेन्नई में होगा। चाहे वह अगले साल हो या पांच साल बाद, हम नहीं जानते।' अब ठीक पांच साल बाद चेन्नई में सीएसके का आखिरी मैच खेला जा रहा है, जिससे फैंस इस बयान को धोनी की संभावित विदाई से जोड़ रहे हैं।

धोनी के पूर्व साथी और सीएसके स्टार रविचंद्रन अश्विन ने भी संकेत दिए हैं कि थाला इस मैच में खेल सकते हैं। अश्विन ने कहा, 'मुझे लगता है कि सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मैच में एमएस धोनी के खेलने की अच्छी संभावना है।

# सूर्यकुमार की कप्तानी खतरे में? पंत की भूमिका पर भी उठे सवाल

**मुंबई।** टीम इंडिया के टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव का भविष्य अब सवालों के घेरे में नजर आ रहा है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, गुवाहाटी में होने वाली बीसीसीआई की अहम बैठक में मुख्य कोच गौतम गंभीर की राय बेहद अहम मानी जाएगी। सूर्यकुमार की खराब फॉर्म और आईपीएल 2026 में निराशाजनक प्रदर्शन के बाद चयनकर्ता टी20 कप्तानी के भविष्य पर चर्चा कर सकते हैं। वहीं, टेस्ट टीम के उपकप्तान ऋषभ पंत की भूमिका पर भी सवाल उठने लगे हैं।

बीसीसीआई चयन समिति मंगलवार को गुवाहाटी में अफगानिस्तान के खिलाफ होने वाली टेस्ट और वनडे सीरीज के लिए भारतीय टीम का चयन करेगी। हालांकि इस दौरे पर कोई टी20 मुकाबला नहीं खेला जाएगा, लेकिन रिपोर्ट्स के अनुसार चयनकर्ता भविष्य की टी20 योजनाओं और कप्तानी को लेकर अनौपचारिक चर्चा कर सकते हैं।



बताया जा रहा है कि सूर्यकुमार यादव की हालिया फॉर्म और मुंबई इंडियंस के साथ आईपीएल 2026 में खराब प्रदर्शन ने उनकी कप्तानी पर सवाल खड़े कर दिए हैं। यही वजह है कि चयनकर्ता अब टी20 कप्तानी के अगले विकल्पों पर भी विचार कर सकते हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक, टीम इंडिया के हेड कोच गौतम गंभीर की राय इस पूरे मामले में निर्णायक साबित हो सकती है। टी20 विश्व कप जीत के बाद यह पहली चयन बैठक होगी, इसलिए टीम मैनेजमेंट भविष्य की रणनीति पर गंभीरता से विचार करेगा। चयनकर्ता आयरलैंड और इंग्लैंड दौरे के लिए संभावित टी20 खिलाड़ियों पर भी चर्चा कर सकते हैं। ऐसे में सूर्यकुमार यादव की कप्तानी बरकरार रहेगी या नहीं, इस पर सभी की नजरें टिकी रहेंगी।

सिर्फ सूर्यकुमार ही नहीं, बल्कि ऋषभ पंत के भविष्य को लेकर भी चयन समिति में गंभीर चर्चा हो सकती है। रिपोर्ट में कहा गया है कि टेस्ट क्रिकेट में उपकप्तानी की जिम्मेदारी पंत के खेल पर असर डाल रही है। बीसीसीआई के एक सूत्र ने कहा, 'भारतीय क्रिकेट ऋषभ पंत जैसे मैच विनर बल्लेबाज को खोने का जोखिम नहीं उठा सकता। उन्होंने अपनी आक्रामक बल्लेबाजी से कई टेस्ट मैच जिताए हैं। लेकिन जब भी उन्हें अतिरिक्त जिम्मेदारी दी गई, बल्लेबाजी के दौरान उनके फैसले बेहतर नहीं दिखे।' सूत्र ने आगे कहा, 'चयन समिति के दिमाग में यह बात जरूर होगी कि उन्हें खुलकर खेलने का मौका दिया जाए।' वनडे सेटअप में भी पंत की जगह पूरी तरह सुरक्षित नहीं मानी जा रही। केएल राहुल फिलहाल पहली पसंद विकेटकीपर माने जा रहे हैं, जबकि ध्रुव जुरेल, संजू सैमसन और ईशान किशन भी मजबूत दावेदार हैं। ऐसे में आने वाले महीनों में भारतीय टीम में कई बड़े फैसले देखने को मिल सकते हैं। इस बीच, अफगानिस्तान के खिलाफ सीरीज में जसप्रीत बुमराह की उपलब्धता बीसीसीआई की मेडिकल टीम की मंजूरी पर निर्भर करेगी। अगर मेडिकल बोर्ड बुमराह के वर्कलोड को सुरक्षित मानता है, तो वह हश्मतुल्लाह शाहिदी की टीम के खिलाफ एकमात्र टेस्ट मैच खेल सकते हैं। बीसीसीआई के एक सूत्र ने कहा, 'अगर मेडिकल टीम बुमराह के वर्कलोड को तय सीमा के भीतर मानती है, तो वह अफगानिस्तान के खिलाफ टेस्ट मैच खेल सकते हैं।'

## शुरुआती नुकसान की भरपाई कर हरे निशान पर बंद हुआ बाजार

**नई दिल्ली।** घरेलू शेयर बाजार के प्रमुख बेंचमार्क सूचकांक सोमवार को हरे निशान पर बंद हुए। सेंसेक्स मामूली रूप से 77.05 अंकों की वृद्धि दर्ज कर 75,315.04 पर बंद हुआ। निफ्टी में 6.45 अंकों की बढ़त के साथ 23,649.95 पर कारोबार समाप्त हुआ। सोमवार के कारोबारी सत्र के बाद एयरटेल में 2% की वृद्धि, टाटा स्टील में 3% की गिरावट दर्ज की गई।डॉलर के मुकाबले रुपया रिकॉर्ड निचले स्तर 96.33 (अस्थायी) पर स्थिर हुआ।

सोमवार को भारतीय शेयर बाज़ार में दिन भर उतार-चढ़ाव का दौर जारी रहा। शुरुआती कारोबार में भारी गिरावट का सामना करने के बाद, बेंचमार्क सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी ने मामूली बढ़त के साथ कारोबार बंद किया। आईटी और चुनिंदा ब्लू-चिप शेयरों में वैल्यू बाइंग (कम भाव पर खरीदारी) ने बाज़ार को सहारा दिया, लेकिन अमेरिकी डॉलर के मुकाबले कमजोर रुपये और पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच वैश्विक कच्चे तेल की कीमतों में वृद्धि ने बढ़त को सीमित कर दिया।




# 50 साल बाद इटैलियन ओपन का ताज इटली के नाम, यानिक सिनर ने रचा इतिहास

**रोम।** स्टार टेनिस खिलाड़ी यानिक सिनर ने इतिहास रचते हुए इटैलियन ओपन 2026 का खिताब अपने नाम कर लिया। रोम के प्रतिष्ठित फोरो इटालिको में खेले गए फाइनल मुकाबले में दुनिया के नंबर-1 खिलाड़ी सिनर ने नॉर्वे के कैस्पर रुड को सीधे सेटों में 6-4, 6-4 से हराया। इस जीत के साथ सिनर पिछले 50 वर्षों में इटैलियन ओपन जीतने वाले पहले इतालवी पुरुष खिलाड़ी बन गए। इससे पहले 1976 में एड्रिआनो पनाटा ने यह खिताब जीता था।

सिनर की यह जीत सिर्फ घरेलू खिताब तक सीमित नहीं रही। उन्होंने टेनिस इतिहास में एक और बड़ी उपलब्धि हासिल की। अब वह नोवाक जोकोविच के बाद ऐसे दूसरे खिलाड़ी बन गए हैं जिन्होंने सभी नौ एटीपी मास्टर्स 1000 टूर्नामेंट जीत



लिए हैं। जोकोविच ने यह उपलब्धि 2018 में हासिल की थी, जबकि 24 वर्षीय सिनर ने कम उम्र में ही इस रिकॉर्ड की बराबरी कर ली।

सिनर शानदार फॉर्म में चल रहे हैं। उन्होंने लगातार 29वां मैच जीता और इस साल क्ले कोर्ट पर उनका रिकॉर्ड 17-0 हो गया है। उनकी आखिरी हार फरवरी में कतर ओपन के दौरान जैकुब मैन्सिक के खिलाफ हुई थी। अब सभी की नजरें अगले सप्ताह शुरू होने वाले फ्रेंच ओपन पर हैं, जहां सिनर खिताब के सबसे बड़े दावेदार माने जा रहे हैं। रोलां गैरो ही एकमात्र ग्रैंड स्लैम है जिसे वह अभी तक नहीं जीत पाए हैं।

फाइनल मुकाबले के दौरान रोम का सेंट्रल कोर्ट पूरी तरह सिनर के रंग में रंगा नजर आया। बड़ी संख्या में फैंस नारंगी कपड़ों में पहुंचे, जो सिनर का सिग्नेचर कलर माना जाता है। मैच के दौरान स्टेडियम में लगातार सिनर-सिनर के नारे गूंजते रहे। इटली के राष्ट्रपति सर्जियो मैटरेला भी मुकाबला देखने पहुंचे थे। खिताब जीतने के बाद सिनर ने कहा, '50 साल बाद यह ट्रॉफी फिर इटली आई है। यह मेरे और पूरे देश के लिए बेहद खास पल है।'

दो बार फ्रेंच ओपन फाइनल खेल चुके रुड ने मुकाबले की अच्छी शुरुआत की थी और शुरुआती बढ़त भी बनाई, लेकिन सिनर ने शानदार वापसी करते हुए मैच पर पूरी पकड़ बना ली। दूसरे सेट में दमदार बैकहैंड विनर के जरिए सिनर ने निर्णायक बढ़त हासिल की। करियर में अब उनका रिकॉर्ड रुड के खिलाफ 5-0 हो गया है। मैच के बाद रुड ने कहा, 'जो आप इस साल कर रहे हैं, उसे शब्दों में बयां करना मुश्किल है। इतिहास रचने के लिए बधाई।'

## विनेश फोगाट की याचिका पर दिल्ली हाई कोर्ट ने डब्ल्यूएफआई को जारी किया नोटिस, छह जुलाई को होगी अगली सुनवाई

**नई दिल्ली।** भारतीय पहलवान विनेश फोगाट की याचिका पर दिल्ली हाई कोर्ट ने भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) को नोटिस जारी किया है। डब्ल्यूएफआई ने हाल ही में विनेश को कारण बताओ नोटिस जारी किया था और जून 2026 तक घरेलू टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए अयोग्य घोषित किया था। विनेश ने इस नोटिस को चुनौती दी थी जिस पर हाई कोर्ट में सोमवार को सुनवाई हुई।

डब्ल्यूएफआई ने हाल ही में अनुशासनहीनता और डोपिंग विरोधी नियमों के उल्लंघन के आरोपों पर विनेश को नोटिस भेजा था। इतना ही नहीं विनेश जून 2026 तक घरेलू टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए अयोग्य घोषित की गईं क्योंकि उन्होंने यूडब्ल्यूडब्ल्यू के डोपिंग रोधी नियम के तहत संन्यास से वापसी के बाद जरूरी छह महीने का नोटिस पीरियड



नहीं दिया है।

यूडब्ल्यूडब्ल्यू ने अपने पत्र में यह भी स्पष्ट किया था कि यदि विनेश दोबारा कुश्ती में वापसी करना चाहती हैं, तो उन्हें आईटीए या इंटरनेशनल फेडरेशन को कम से कम छह महीने पहले सूचना देनी होगी और इस दौरान एंटी-डोपिंग टेस्टिंग के लिए उपलब्ध रहना होगा। 15 पन्नों के नोटिस में, डब्ल्यूएफआई ने आरोप लगाया था कि विनेश के आचरण ने राष्ट्रीय स्तर पर शर्मिंदा किया है जिससे भारतीय कुश्ती की छवि को नुकसान पहुंचा है।




## चांदी की कीमतों में उछाल, सोने में स्थिरता

**नई दिल्ली।** सोमवार को सोने की कीमतें स्थिर रहीं जबकि चांदी में आयात प्रतिबंधों और रुपये की कमजोरी के कारण उछाल आया। सरकार ने चांदी आयात पर अंकुश लगाया, जिससे घरेलू बाजार में प्रीमियम बढ़ने की उम्मीद है। वैश्विक बाजार में अमेरिकी डॉलर की मजबूती और बॉन्ड यील्ड में वृद्धि से सोने पर दबाव रहा।

राष्ट्रीय राजधानी में सोमवार को सोने की कीमतें 1,62,800 रुपये प्रति 10 ग्राम पर स्थिर रहीं। वहीं, चांदी की दरों में तेजी देखी गई और यह 2,76,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई। सफेद धातु के आयात पर नए प्रतिबंधों और रुपये की कमजोरी




के कारण चांदी में यह उछाल आया।

अखिल भारतीय सर्राफा एसोसिएशन के अनुसार, चांदी की कीमतों में 1,000 रुपये की वृद्धि हुई। शुक्रवार को यह 2,75,000 रुपये प्रति किलोग्राम थी। 99.9 फीसदी शुद्धता वाले सोने का भाव सर्राफा बाजार में 1,62,800 रुपये प्रति 10 ग्राम पर अपरिवर्तित रहा। विश्लेषकों ने बताया कि वैश्विक बाजारों में कमजोरी के बावजूद घरेलू सर्राफा कीमतें अपेक्षाकृत मजबूत बनी रहीं। एचडीएफसी सिक्योरिटीज में कमोडिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक सौमिल गांधी ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय सर्राफा बाजार में कमजोरी के बावजूद घरेलू बाजार में सोने की कीमतें स्थिर रहीं। केंद्र सरकार ने चांदी के आयात पर तत्काल प्रतिबंध लगाने का निर्णय लिया है।

जागरण मोर्चा राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक स्वामी, किरन दीक्षित के लिए प्रकाशक, मुद्रक, मनोज कुमार दीक्षित द्वारा लक्ष्य प्रिन्टर्स 158/4 भानमती चौराह मॉडल हाउस हुसैनगंज लखनऊ, (उ0प्र0) से मुद्रित एवं मीडिया हाउस 20ए शिवाजी मार्ग हुसैनगंज लखनऊ, (उ0प्र) से प्रकाशित। सम्पादक योगेश कुमार वर्मा मो0-7579849555, 9627739857 E-mail : www.jagranmorchadaily@gmail.com RNI No.-UPHIN/2022/82743 समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा।